ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख शुक्ल पक्ष 03 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 23 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-187 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

टीना
छोटे पर्दे पर नई
शैलियों के ...
पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### शुरू हो गई चारधाम यात्रा

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया। अक्षय तृतीया पर सबसे पहले गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए। इसके बाद यमुनोत्री धाम के कपाट खुले। इसके साथ ही चारधाम यात्रा शुरू हो गई। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित मां यमुना और मां गंगा को समर्पित धामों यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा का आगाज हो गया। इस बार प्रकृति ने दोनों धामों का श्रृंगार बर्फ से किया हुआ है। गंगोत्री धाम के कपाट आज अक्षय तृतीया के अवसर पर दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर खुले। शुक्रवार को मां गंगा की भोग मूर्ति डोली अपने शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा से गंगोत्री के लिए रवाना हुई थी।

### असत्यापित वीडियो पर डीसीपी करें कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने संबंधित पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) को 2020 के पूर्वोत्तर दिल्ली दंगों के संबंध में एक आरोपी के खिलाफ असत्यापित व आपत्तिजनक वीडियो के संबंध में तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने प्रतिवादियों राहुल कुमार, सूरज, योगेंद्र सिंह और नरेश के खिलाफ आरोप के बिंदु पर आदेश के लिए तय मामले की सुनवाई कर रहे थे। इन पर एक दंगाई भीड़ में भाग लेने का आरोप लगाया गया था, जिसने आगजनी की थी। 25 फरवरी, 2020 को पूजा स्थल और इसके भूतल की कुछ दुकानों में आग लगाई गई थी।

### रांची में बारिश ने दी राहत

**रांची।** राजधानी में मौसम का मिजाज बदल गया है। शनिवार सुबह से रिमझिम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम काफी सुहावना हो गया है। तापमान में भी कुछ डिग्री की गिरावट हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार बोकारो, रामगढ़ और रांची के कुछ भागों में अगले कुछ घंटों में मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। इन जिलों में कुछ जगहों पर 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चली। मौसम के बदले मिजाज के देखते हुए लोगों से सतर्क रहने और सावधानी बरतने की अपील की है। गढ़वा, लातेहार, पलामू, चतरा, धनबाद, गुमला, हजारीबाग, लोहरदगा, गिरिडीह, जामताड़ा, खूंटी और सिमडेगा में भी बारिश हुई है। रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आंनद ने शनिवार को बताया कि 25 अप्रैल तक मौसम सुहाना रहेगा। इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है। 26 अप्रैल से मौसम साफ होगा। फिर से तापमान बढ़ेगा और गर्मी पड़ेगी।

# छवि की हो ईडी से जांच

## मरांडी ने कहा : सरकार की चुप्पी की भी हो पड़ताल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी ने शनिवार को कहा कि समाज कल्याण निदेशक छवि रंजन के किलाफ ईडी को जांच करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि छवि रंजन जमीन घोटाले में शामिल हैं। मरांडी ने अपने ट्विटर हैंडिल पर दो वीडियो लगाते हुए कहा कि ईडी को छवि रंजन की जांच तो करनी ही चाहिए, यह भी देखना चाहिए कि कमिश्नर की रिपोर्ट के बाद भी राज्य सरकार के स्तर से क्यों कार्रवाई नहीं की गई। उन कारणों की भी पड़ताल जरूर होनी चाहिए। मरांडी ने कहा कि डीसी रहते छवि ने राँची में जाली कागजात से जमीन में हेराफेरी की। लोगों को नोटिस देकर परेशान किया। भयादोहन भी किया। उनके पूरे कार्यकाल में वही हुआ, जो वह चाहते थे। इसलिए ईडी को चाहिए कि रांची जमीन महाघोटाले की जांच में उनसे भी पूछताछ करे। पहले भी छवि रंजन के खिलाफ कमिश्नर की ओर से एक रिपोर्ट तैयार की गयी थी पर सरकार ने कारवाई नहीं की।

बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सावधान करते हुए एक और वीडियो जारी करते कहा कि वे आँखें खोलें। देखें, कैसे जमीन का महघोटालेबाज आईएएस छवि रंजन के नेतृत्व में पुलिस की ताकत का दुरुपयोग होता था। पुलिस की मदद से टेंट लगाकर कर रात में भी जमीन कब्जा करवाया जाता था। ईडी की कारवाई के बाद जमीन कब्जा जुल्म से पीड़ित हुए लोग अब ऐसी सैकड़ों तस्वीरें थोक के भाव में एजेंसी और मीडिया को भेज रहे हैं। ऐसी तस्वीरों के जरिये राँची जमीन लूट पाप की कहानी सामने आ रही है। आपके राज में ऐसा होने और ऐसी कहानियां सामने आने के बावजूद आप जाँच और कार्रवाई नहीं करेंगे तो इस पाप के जुर्म में आपको जेल जाने से कौन बचायेगा। मेरी बातों को गंभीरता से लीजिए। इस महापाप के दोषी उन प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों पर सरकार कार्रवाई करे, जिन्होंने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### छवि को हर हाल में सोमवार को आना ही होगा ईडी दफ्तर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के पूर्व डीसी आईएएस अधिकारी छवि रंजन कई प्रयासों के बावजूद उन्हें ईडी ने दो सप्ताह का मोहलत देने से इनकार कर दिया। ईडी ने एक बार फिर से समन जारी करते हुए छवि रंजन को सोमवार यानी 24 अप्रैल को एजेंसी के दफ्तर तलब किया है। गौरतलब है कि रांची में जमीन घोटाले में पूर्व डीसी आईएएस अधिकारी छवि रंजन ने ईडी से दो हफ्ते का वक्त मांगा था , लेकिन इसे अनुसंधान टालने की कोशिश मानते हुए ईडी ने वक्त देने से साफ इंकार कर दिया , शुक्रवार को छवि रंजन के वकीलों के द्वारा तमाम कोशिशें की गई की पूर्व डीसी को दो हफ्तों का मोहलत मिल जाए लेकिन ऐसा हुआ नही। शेष पृष्ठ 11 पर

# कोयल रिवर फ्रंट बनकर तैयार, उद्घाटन आज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज महापौर अरुणा शंकर ने कोयल रिवर फ्रंट के गंगा आरती मंच पर 23 तारीख के उद्घाटन की तैयारी को देखते हुए सभी सम्मानित प्रेस से आए प्रतिनिधियों को बताया कि शहर की अति प्रतिक्षीत योजना निगम का माइलस्टोन प्रोजेक्ट कोयल रिवर फ्रंट 23 तारीख संध्या 6 बजे से कार्यक्रम के उपरांत जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। महापौर ने बताया कोयल रिवर फ्रंट को रांची के कांट्रेक्टर नवजीवन कंस्ट्रक्शन द्वारा बहुत ही मजबूती और शानदार तरीके से 5 माह 27 दिन के रिकॉर्ड टाइम में पूरा किया गया। जबकि निगम ने 24 माह का समय दिया था। कल कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताते हुए महापौर ने कहा कि '23 तारीख शाम 6:00 बजे गंगा आरती का आयोजन किया गया है। गंगा आरती के बाद सभी अतिथियों द्वारा नारियल तोड़कर कोयल रिवर फ्रंट का सामूहिक उद्घाटन किया जाएगा। फिर दीप प्रज्वलित के उपरांत मुख्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी । इस कार्यक्रम में जहां गंगा आरती के लिए बनारस से गंगा आरती के प्रमुख अपनी पूरी टीम के साथ आ रहे वही दिल्ली और मुंबई के नामी सूफी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### दाहू यादव के पिता न्यायिक हिरासत में भेजे गए

रांची। एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले में फरार चल रहे आरोपित दाहू यादव के पिता पशुपति यादव को शनिवार को रांची जज कॉलोनी स्थित ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा के आवासीय कार्यालय में प्रस्तुत किया गया। यहां से अदालत ने दाहू यादव के पिता को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा कारागार भेज दिया। पशुपति यादव को साहिबगंज जिले के भारतीय कॉलोनी महिला कॉलेज के समीप से गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ ईडी स्पेशल कोर्ट से वारंट निर्गत किया था। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पहली बार आठ जुलाई 2022 को दाहू यादव के ठिकानों पर छापेमारी की थी। दाहू यादव अंतिम बार 18 जुलाई को ईडी के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिरी दी थी। इसके बाद से वह फरार चल रहा है। ईडी ने मामले म् उसके परिवार के सदस्यों को भी आरोपित बनाया है। दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव फरार चल रहे हैं। दोनों के खिलाफ कुर्की जब्ती का वारंट निर्गत है।

### देवघर में चौकीदार की गोली मारकर हत्या

**देवघर।** देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र में डढ़वा नदी के बालू घाट पर एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान 52 वर्षीय चौकीदार सिंघेश्वर मिर्धा के रूप में की गई है। मृतक के सिर पर गोली लगी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शनिवार सुबह जसीडीह थाना क्षेत्र में डढ़वा नदी के बालू घाट से एक व्यक्ति का शव मिला। शव की हालत को देखने से लगता है कि उसकी हत्या की गई है। आसपास सूखा खून पड़ा था तथा उसके सिर में गोली लगी है। सुबह लोग शौच करने आए तो शव को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त की। इससे उसकी पहचान जसीडीह थाना में कार्यरत चौकीदार सिंघेश्वर मिर्धा के रूप में हुई। मिर्धा को बालू घाट से अवैध बालू उठाव की रोकथाम के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था।

# कॉलेजियम का मुद्दा पूरी तरह से माइंडगेम है : रिजिजू

**एजेंसी। ईटानगर**



केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को कॉलेजियम मुद्दे को दिमाग का खेल बताते हुए कहा कि वह इस बारे में बात नहीं करेंगे। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित सिफारिशों सहित सरकार के समक्ष लंबित सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की विभिन्न सिफारिशों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने यह टिप्पणी की। केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा, कॉलेजियम का मुद्दा पूरी तरह माइंडगेम का है। मैं इस बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं। रिजिजू अरुणाचल प्रदेश को 4जी सेवाओं के लिए 254 मोबाइल टावर समर्पित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के इतर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी स्थानीय लोगों के लिए प्रमुख मुद्दा है। किरेन रिजिजू और तपीर गाओ लोकसभा में अरुणाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं। रिजिजू कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ काफी मुखर रहे हैं और एक बार तो उन्होंने इसे हमारे संविधान के लिए 'एलियन' (अपरिचित) भी बता दिया था। गौरतलब है कि अरुणाचल प्रदेश के लगभग 336 सीमावर्ती गांवों में 4जी मोबाइल इंटरनेट सेवा शुरू की जाएगी। इसके लिए सरकार ने यहां शनिवार को 254 मोबाइल नेटवर्क टावरों को चालू किया। सरकार ने 2,675 करोड़ रुपये से अरुणाचल प्रदेश के 3,721 से ज्यादा गांवों में 2,605 मोबाइल 4जी टावर स्थापित करने की परियोजना को मंजूरी दी है। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने एक समारोह में 254 मोबाइल टावरों का लोकार्पण किया।

# राहुल गांधी ने खाली किया अपना आधिकारिक आवास

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सांसद के तौर पर मिला अपना आधिकारिक आवास खाली कर दिया है। उनके इस कदम की कांग्रेस नेता शशि थरूर ने तारीफ की है। थरूर ने कहा कि राहुल का ये कदम अनुकरणीय है। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मोदी सरनेम मामले में दोषी करार देते हुए कोर्ट ने उन्हें लोकसभा सांसद के रूप में अयोग्य करार दिया था। सदस्यता जाने के बाद उन्हें सरकारी बंगले भी खाली करने को कहा गया, जिसकी आखिरी तारीख 22 अप्रैल थी। इसी आदेश को मानते हुए राहुल गांधी ने 22 अप्रैल शनिवार को 12, तुगलक लेन स्थित अपना सरकारी बंगला खाली कर दिया। फिलहाल वो अपनी मां सोनिया गांधी के साथ रह रहे हैं और नए आवास की तलाश में है। राहुल शनिवार को सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से लोकसभा सचिवालय में अपनी चाबियां नहीं सौंप पाए। इससे पहले शुक्रवार को वह बंगले से अपना सामान शिफ्ट करते हुए भी दिखे थे। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर


# इसरो ने जीसैट-12 उपग्रह को किया नष्ट



**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पिछले महीने पोस्ट मिशन डिस्पोजल (पीएमडी) ऑपरेशन में संचार उपग्रह जीसैट-12 को नष्ट कर दिया। इसरो के अनुसार, जीसैट-12 का पोस्ट मिशन डिस्पोजल ऑपरेशन 23 मार्च को पूरा हो गया था। जीसैट-12 डीकमीशनिंग से पहले पीएमडी से गुजरने वाला 23वां जियोसिंक्रोनस अर्थ ऑर्बिटल (जीईओ) उपग्रह था। 12 विस्तारित सी बैंड ट्रांसपोंडर ले जाने वाला उपग्रह 15 जुलाई, 2011 को लॉन्च किया गया था। यह मार्च 2021 तक 83 डिग्री ई देशांतर पर स्थित था। 2020 में इसके प्रतिस्थापन उपग्रह सीएमएस-01 के प्रक्षेपण के बाद, इसे बाद में 47.96 डिग्री ई देशांतर पर स्थानांतरित कर दिया गया था। उपग्रह ने एक दशक से अधिक समय तक सेवा की। जीईओ शासन सबसे अधिक आबादी वाले और अत्यधिक उपयोग किए जाने वाले क्षेत्रों में से एक है। संयुक्त राष्ट्र और आईएडीसी ने उपग्रह को जीईओ क्षेत्र से दूर नष्ट करने की सलाह दी थी। इसरो के अनुसार संगठन के प्रयासों के बाद 19 मार्च को उपग्रह जीईओ ऊंचाई से लगभग 400 किमी ऊपर एक सुपर-सिंक्रोनस सकरुलर कक्षा में पहुंच गया। इसके बाद इसे नष्ट करने की प्रकिया चलती रही।

### इसरो ने लॉन्च किए सिंगापुर के दो सैटेलाइट

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को अपने एक और बड़े मिशन पर पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल को लॉन्च कर दिया है। इस रॉकेट ने सिंगापुर के दो बड़े सैटेलाइट और एक इन-हाउस प्लेटफॉर्म के साथ उड़ान भरी। पीएसएलवी सी 55 मिशन आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से दोपहर 2:19 बजे लॉन्च हुआ। यह पीएसएलवी की 57वीं उड़ान है और पीएसएलवी कोर अलोन कॉन्फिगरेशन का इस्तेमाल करने वाला 16वां मिशन है। इस मिशन को टीएलईओएस-2 नाम दिया गया था। इसरो ने सिंगापुर के दो सैटेलाइट लॉन्च करने के बारे में अपने ट्विटर हैंडल पर भी जानकारी दी थी। इसरो ने बताया था कि शनिवार को श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी रॉकेट पीएसएलवी सी55 सिंगापुर के 741 किलो वजनी सैटेलाइट टीईएलईओएस-2 और 16 किलो वजन वाले लुमिलाइट-4 सैटेलाइट ऑर्बिट में भेजेगा।





## अद्भुत | सूरज के डूबते ही खगोलीय पिंडों की जोड़ी आपका ध्यान खींच लेगी

# आज चमकता शुक्र जोड़ी बनायेगा

**नवीन मेल नेटवर्क। भोपाल**





रविवार की शाम पश्चिम आकाश में अद्भुत खगोलीय नजारा दिखने जा रहा है। सूरज के डूबते ही खगोलीय पिंडों की चमचमाती जोड़ी आपका ध्यान खींच लेगी। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने विद्या विज्ञान के अंतर्गत बताया कि रविवार को चमकते वीनस की हंसियाकार चंद्रमा के साथ जोड़ी दिखने जा रही है। पिछले महीने दिखी जोड़ी में वीनस, चंद्रमा के नीचे था। इस बार वीनस चंद्रमा के बगल में होगा। सारिका ने बताया कि रविवार को एक खास बात होगी। चंद्रमा हंसियाकार होते हुये भी पूरा गोलाकार दिखने का आभास करा सकता है। इसमें लगभग 11 प्रतिशत चमकदार भाग के अलावा चंद्रमा का बाकी भाग भी हल्केम प्रकाश के साथ दिखेगा। खगोल विज्ञान में इसे अर्थशाईन कहते हैं। इस घटना को लियोनार्डो द विंची चमक भी कहा जाता है। लियोनार्डो द विंची ने पहली बार स्के च के साथ 1510 के आसपास अर्थशाईन की अवधारणा को रखा था। सारिका के अनुसार, अर्थशाईन तब होता है जब सूरज की रोशनी, पृथ्वी की सतह से परावर्तित होती है और चंद्रमा की सतह के अंधेरे वाले भाग को भी रोशन करती है। रविवार को जब आप चंद्रमा को देखें तो याद रखें उसे चमकाने में उस पृथ्वीी का भी योगदान है, जिस पर आप खड़े हैं। विदेशों में इस खगोलीय घटना को अशेन ग्लोत या नये चंद्रमा की बांहों में पुराना चंद्रमा भी नाम दिया जा रहा है। अगर बादल बाधा न बनें तो शाम को कुछ पल निकालिये इस जोड़ी को निहारने के लिये।

### फरार जेजेएमपी नक्सली सुरेंद्र राम गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** जेजेएमपी नक्सली संगठन के सक्रिय सदस्य सुरेंद्र राम उर्फ सुमंत मोची को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शनिवार को पलामू पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सुरेंद्र राम मनिका इलाके में आया हुआ है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय को कार्रवाई का निर्देश दिया गया। थानेदार प्रभात रंजन के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने छापेमारी कर सुरेंद्र राम को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सुरेंद्र राम उर्फ सुमंत मोची उर्फ सुमंत कुमार रवि लातेहार के मनिका थाना क्षेत्र के मनधनिया का रहने वाला है। वह पलामू और लातेहार में कई नक्सल घटनाओं का आरोपी रहा है। उस पर रामगढ़, मनिका और लातेहार में कई एफआईआर दर्ज हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### अज्ञात शव की निशानदेही

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में कुछ दिनों पहले एक अज्ञात मरीज को पीसीआर पुलिस के द्वारा इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया गया था। जहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई।वही मौत होने के बाद शहर थाना के एसआई सुनीला लिंडा सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। यदि कोई भी व्यक्ति इस अज्ञात व्यक्ति को पहचानते हैं तो इसकी सूचना शहर थाना मोबाइल नंबर 94 31706249 पर संपर्क करें।

### संचार इंडिया न्यूज टीम ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**ऊंटारी।** रोड कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह को संचार इंडिया न्यूज टीम मोहम्मद शमीम अंसारी और धनंजय तिवारी ने मिलकर अपने आवास पर गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया और हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईद होते ही पाक माह रमजान समाप्त हो गया है। प्यार शब्र भाईचारा सद्भाव का संदेश देता है ईद। इस सम्मान समारोह में उपस्थित कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष सतेन्द्र गुप्ता, वार्ड सदस्य प्रभु कुमार सिंह, समाजसेवी नवनीत कुमार पांडेय, लव कुमार सिंह, सतनारायण तिवारी, पाना लाल मेहता, तैयब अंसारी, फूल मोहम्मद अंसारी के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### एडु-केयर में करियर कॉउंसलिंग सह विदाई समारोह का आयोजन

**छतरपुर:** बारा रोड स्थित एडु-केयर कोचिंग सेंटर में करियर कॉउंसलिंग सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया विदाई समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में इलाके के युवा समाज सेवी सह नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार, संस्थान के संचालक धर्मेंद्र सिंह, जय प्रकाश, श्रीराम चौधरी, चन्दन कुमार ने मां सरस्वती की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर और फीता काट कर सँयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के छात्र अरविंद ने किया। समारोह में 12वीं और ग्रेजुएशन साइंस वर्ग के छात्रों को विदाई दी गई। इस अवसर पर छात्रों को उपहार दे कर सम्मानित भी किया गया।। वहीं सांसद प्रतिनिधि जितेंद कुमार ने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान के शिक्षक जय प्रकाश, नागेंद्र कुमार, अरविन्द कुमार, पंकज कुमार, अनुज ठाकुर सहित सैकड़ो छात्र छात्राएं मौजद थे।

# ग्राम पंचायत परिचर्चा में शामिल हुए मुखिया

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** प्रखंड पाटन मे शनिवार को ग्राम पंचायत सचिवालय किशुनपुर में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर सतत विकास लक्ष्य के अंतर्गत थीमवार समेत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के क्रम में आज दूसरे दिन सूशासित ग्राम पंचायत पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगान से किया गया। सचिवालय में उपस्थित सदस्यों को पंचायती राज सप्ताह के बारे में जानकारी दी गई पिछले वित्तीय वर्ष की योजना एवं वर्तमान में चल रही योजना के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मौजूद वार्ड सदस्य, ग्राम संगठन की अध्यक्ष, जलसहिया, रोजगार सेविका, आंगनबाड़ी सेविका एवम अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वन टाइम सेटलमेंट का लाभ ले सकते हैं उपभोक्ता : जेई

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद विद्युत उपभोक्ताओ की समस्याओं पर शनिवार को विभागीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि डीएस वन एवं टू के अलावा कृषि उपभोक्ताओं के दिसंबर 2022 तक के बकाया बिल पर डीपीएस माफी के साथ साथ उन्हे पांच किस्तों में भुगतान करने की सुविधा विभाग दे रहा है। जिन उपभोक्ताओं पर बकाया है। वह इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि विभाग ने सीमित समय के लिए इस योजना के तहत लोगों को राहत देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत भी उपभोक्ता बकाया का भुगतान नहीं करेंगे तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। **वहीं** में भी झारखंड बिजली



वितरण निगम लिमिटेड द्वारा वन टाइम सेटलमेंट यानी कि एक मुश्त जमा योजना शुरू की गई है। जिसका लाभ ग्रामीण व शहरी घरेलू उपभोक्ता सहित कृषि कनेंक्शनधारी उपभोक्ता (5 किलोवाट लोड तक) उठा सकते हैं। इस आशय की जानकारी विधुत अवर प्रमंडल जपला के विधुत कनिय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि इस योजना में उपभोक्ता का दिसम्बर 2022 तक का डीपीएस यानी कि बिजली बिल पर लगा ब्याज पूर्णतः माफ हो जाएगा। इसके लिए जपला विधुत कार्यालय मे आकर ओटीएस फॉर्म भरना होगा। जिन घरेलू उपभोक्ता का घरेलू बिजली बिल बहुत अधिक हो गया है कि और काफी दिनों से जमा नहीं किए हैं तो उनके लिए ये एक बेहतर व सुनहरा मौका है। ऐसे उपभोक्ता भी आसान 5 किस्तों इसका लाभ उठा सकते है। कनिय अभियंता श्री सिंह ने कहा की जिन उपभोक्ताओं का बकाया राशि पाँच हजार से अधिक है।वैसे उपभोक्ता जल्द से जल्द अपना बकाया राशि जमा कर दें। नहीं तो विधुत संबंध विच्छेदित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।साथ ही वैध विधुत कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करे।नहीं तो पकड़े जाने पर प्राथमिकी के साथ जुर्माना भी वसूला जायेगा।

# विभिन्न जगहों पर उल्लासपूर्ण माहौल में मना ईद का त्योहार

### नमाज के बाद लोगों ने देश में अमन - शांति की दुआ मांगी

### नमाज को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद रहा





नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में ईद उल-फितर का पर्व अकीदत और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्थानीय ईदगाह व मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की। नमाज अदयगी को लेकर सुबह से ही ईदगाह और क्षेत्र के कई मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ जमा होने लगी थी। इस दौरान शहर के जामा मस्जिद, इमामन मस्जिद, नूरी मस्जिद, मोहम्मदाबाद के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के देवरी, सुखन बीघा, बुधुआ, दंगवार, लोटनिया, उपरी, बहोरन बीघा समेत कई मस्जिदों में लोगों ने नमाज अदा की। वहीं सभी ईदगाहों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बच्चे, बूढ़े व युवा नव परिधानों में मस्जिद पहुंचे। नमाज के बाद लोगों ने देश में अमन -शांति की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईद की नमाज को लेकर हुसैनाबाद में प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद रही। इस मौके पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह,राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, नपं अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र कुमार सिंह, प्रभात कुमार सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धनंजय तिवारी, जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन, उर्फ छेदी खान, वशिष्ठ सिंह, राज अली, ज़िप सदस्य राजू मेहता, मुखिया मनोज भारती, देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम, इजहार, इम्तियाज समेत कई लोगों ने ईद पर्व की मुबारकबाद दी।

**वहीं** प्रखंड के बारी, ताबर मुक्ता, बोहिता, रेआरातु, धावाडीह, कर्मा, सतबरवा , बकोरीया के साथ कई अन्य गांवों में ईद का नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने एक दुसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी तथा अमन, चैन, सुख, शांति की दुआ मांगी। ईद के शुभ अवसर पर बकोरिया में अंजुमन के सदर जनाब जुलफेकार ने मनिका विधायक प्रतिनिधि व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव, सतबरवा थाना एसआई कौशल किशोर दुबे के साथ कई पुलिसकर्मी को अंग वस्त्र देकर ईद की मुबारक बाद दी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने बकोरिया, सतबरवा समेत कई गांव में मुस्लिम परिवारों से मिल कर ईद की बधाई दी। ईद के दिन नये - नये वस्त्र धारण कर मुस्लिम समुदाय ने मस्जिदों में नमाज अदा की। इस मौके पर जिप सदस्य सुधा कुमारी, प्रमुख रिमादेवी, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, पूर्व जिप सदस्य चिंता देवी, बारी के मुखिया पति विनय कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य जुबेर खान, उमाकांत सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, उदय कुमार सिंह, लाडले हसन खां, आलमगीर खां, अनवर खां, सुहैल खां बाबर खां, असलम उर्फ पिंटु, मोलाना इरफान, जुम्मन मियां ने ईद की बधाई दी।

**उधर** मस्जिदों व ईदगाहों में निर्धारित समय अनुसार ईद की विशेष नमाज अदा करके मुस्लिम भाइयो ने अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इसके बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। सुबह नमाज के बाद बड़े-बूढ़े सभी ने अपने रिश्तेदारों और साथियो के घरों में जाकर ईद की मुबारकबाद दी और लजीज पकवानों का लुफ्त उठाया। इसके पहले शहर के अररूआ खुर्द जामा मस्जिद, बंजारी के मदीना मस्जिद, बेलौदर के नूरी मस्जिद, सतगावां, अंसारी विगहा, सरैया समेत अन्य मस्जिदों में ईद के मौके पर नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर जेएमएम नेता अतहर हुसैन, समाजसेवी इरफान शाहिद, मो. डायमंड तथा राजकुमार गौतम ने कहा कि पर्व खुशिओं का होता है। पर्व मे आपस में मिलजुल कर रहने का संदेश देता है। इस दौरान पुलिस प्रशासन सतर्क रहा प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास पुलिस के जवान मुस्तैद रहे।

**वहीं** उंटरी रोड थाना क्षेत्र के डेवडर बिंदुआ में ईद-उल- फि तर की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। यहाँ सेकडों लोग सुबह से ही मस्जिद में पहुंचने लगे। यहां हाफिज आलमगीर आलम ने नमाज पढाई, नमाज के बाद लोगों ने मुल्क के अमन व चैन की दुआ माँगी। मौके पर पहुंचे उंटारी रोड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह और थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो ने बड़े बुजुर्गों और बच्चों से मिलकर ईद की बधाई दिया और लोगों से कहा की आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ ईद मनाएं पुलिस प्रशासन आपके साथ है।

**उधर** मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शनिवार को ईद उल फितर अकीदत व उल्लास के साथ मनाया गया। नए परिधानों में सज धजकर अकीदतमंदों ने कोसीआरा, रामबांध, बलडीहरी, सबनवां और कररिया ईदगाह व भजनियां मदरसा में ईद की नमाज अदा की। नमाजियों ने कहा कि उन्होंने अल्लाह से देश, प्रदेश व समाज में सुख,शांति, समृद्धि और भाईचारा को बनाए रखने की दुआ मांगी है। बाद इसके एक दुसरे के गले मिल मुबारक दी। युवा समाजसेवी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह ने क्षेत्र भ्रमण करते हुए लोगों से गले मिल उन्हें ईद की शुभकामनाए दी।

छतरपुर पुरे छतरपुर प्रखंड में हर्षउल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-फित्र का त्योहार। सभी मस्जिदों में तय समय पर पढ़ाई गई ईद की नमाज। वहीं छतरपुर खाटीन जामा मस्जिद के एमाम मौलाना जुनैद मिस्बाही ने कहा कि रमजान के रोजा 30 दिनों तक रखा जाता है उसके बाद चाँद देखने के सुबह में ईद -उल-फित्र की नमाज अदा की जाती है।

**वही** उंटारी रोड पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड में धूमधाम से खुशी के साथ मनाई जा रही है ईद - उल - फितर की त्योहार। आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के माहौल में एखलास व एहतराम के साथ ईद का त्योहार शांतिपूर्ण मनाया गया। कोरोना संक्रमण काल के दो वर्ष बाद लोगों ने इस ईद पर सामूहिक रूप से मिल - जुलकर इबादत की। सुबह मस्जिद पहुंचे, नमाज पढ़ी, गले मिलकर एक दुसरे को मुबारकबाद दी। प्रखंड के सभी इलाकों की मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर गले मिलकर एक दुसरे को बधाई दी। सुबह से ही लोग नए नए कपड़े पहनकर अपने अपने गांव की मस्जिद की ओर नमाज अदा करने के लिए पहुंचने लगे थे। ईद - उल - फितर के मौके पर मुसलमान भाइयों ने ईद - उल-फितर की सामूहिक नमाज अदा करते हुए खुदा का शुक्र अदा किया और अमन शांति के लिए दुआएं मांगी।

**उधर** विश्रामपुर नगर परिषद व प्रखंड क्षेत्र में ईद का त्योहार पूरी अकीदत के साथ शांति व उल्लासपूर्ण महौल में मनाया गया। ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की। साथ हीं देश में अमन चैन, शांति व भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज व जकात के बाद उत्साह से लबरेज लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस दौरान नगर परिषद और आंचलिक क्षेत्र की विभिन्न जगहों पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया,जहां अन्य समुदाय के लोग भी काफी संख्या में शामिल हुए। ईद को लेकर सुबह से ही इस्लाम धर्मावलंबियों में खासा उत्साह था।बच्चों व युवकों का उमंग व उत्साह देखते बन रहा था। इधर बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलु सिंह ने नगर परिषद और आंचलिक क्षेत्र के मुस्लिम बहुल कोसियार, इस्लामपुर, घोरडीहा, डिहरिया, उरसुला, झगरूवा, 'विश्रामपुर, पांडेयपुर, निमिटाड़ी, कविलासी, भलुआनी, डंडिला कला, निमियांआदि पहुंचकर लोगों के गले लगाकर ईद की बधाई दीऔर लोगों के साथ बैठकर सेवइयां खाई। मौके पर राजद नेता नैमुद्दीन अंसारी,वार्ड पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी, श्याम बिहारी विश्वकर्मा,उस्मान अंसारी, नासिर अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### जमीन को हड़पने के लिए रचे कई प्रपंच

# पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** एक शातिर व्यक्ति द्वारा अपने हिस्से की जमीन बेचकर दूसरे के जमीन को हड़पने के लिए कई प्रपंच रचे जा रहे है। जमीन के लालच में वह अपने गोतिया परिवार के लोगों पर ही झूठा मुकदमा करने का प्रयास कर रहा है।मामला रेहला थाना क्षेत्र के उसुर्ला गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार उसुर्ला गांव निवासी अशोक पासवान अपने हिस्से की सड़क किनारे स्थित जमीन को बेच दिया।कुछ जमीन का अपने गोतिया परिवार के साथ अदला बदली किया। बदलो में मिली जमीन पर पहले तो कब्जा कर लिया और अपना जमीन जो गोतिया परिवार को बदलास्वरूप दिया था, उस पर से भी अपना कब्जा नहीं छोड़ रहा। इतना ही नहीं उसने अपने गोतिया परिवार की जमीन जबरदस्ती हड़पने का प्रयास किया। लेकिन इसी बीच पीड़ित परिवार ने इस मुद्दे को लेकर जुलाई 2020 मे पंचायत बुलाई।पंचों ने जमीन के अद्यतन स्थिति और कागजातों के अवलोकन के बाद न्यायसंगत फैसला किया। जिसे तब वह मानने को तैयार भी हो गया। लेकिन कुछ दिन बाद वह फिर से विवाद शुरू कर दिया।अभी पिछले दिनों अशोक पासवान ने रेहला थाना में 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन दिया है। जिसमे उसने जवाहर पासवान, सुदर्शन पासवान, सुदामा पासवान, सुनील पासवान, अशर्फी पासवान, अरुण पासवान, मनोज पासवान, गोल्डेन पासवान, धर्मेंद्र पासवान, लवकुश पासवान, महेंद्र पासवान आदि पर आरोप लगाया है कि 50 से ज्यादा हरा इमारती पेड़ काट दिया और मारपीट भी किया। जबकि एक भी पेड़ नहीं काटा गया है। पीड़ित परिवार के असरफी पासवान और जवाहर पासवान ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि अशोक पासवान अपने भाई मनोज पासवान,बेटे गुड्डु पासवान,नरेश पासवान व अवधेश पासवान के साथ मिलकर हम सबको फसाने का षड्यंत्र रच रहा है।ताकि वह हमारा जमील लूट सके।असरफी पासवान व जवाहर पासवान ने पलामू के पुलिस कप्तान चंदन सिन्हा से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।इधर रेहला थाना प्रभारी ने कहा कि पूरे मामले की गहनता से जांच होगी।



# बालू व बिजली को लेकर किसान ब्रिगेड मिली बाबूलाल मरांडी से

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद किसान ब्रिगेड के सह संयोजक भुनेश्वर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में किसान ब्रिगेड का एक प्रतिनिधि मण्डल जिसमें कर्नल संजय सिंह,हुसैनाबाद प्रखण्ड के ब्रिगेड के अध्यक्ष लालधन ठाकुर,महासचिव सुधीर कुमार सिंह,मनोज शर्मा,सतनारायण यादव,अजय सिंह, रांची में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी से मिलकर क्षेत्र में बालू की किल्लत और बिजली विभाग द्वारा गरीब किसानों पर किए जा रहे अत्याचार से अवगत कराया। भुनेश सिंह ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल को विषय वस्तु की जानकारी देते हुए बताया कि गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिला हुआ आवास बालू की कमी के चलते नही बन पा रहा है। प्रशासन ने समय सीमा के अंदर आवास नही बनाने के कारण भुगतान का पैसा वापस करने के साथ प्राथमिकी करना प्रारंभ कर दिया है।अवैध तरीके से बाजार में बिक रहे बालू की कीमत काफी ज्यादा है जो गरीब के पहुंच से बाहर है।ब्रिगेड के संयोजक कर्नल संजय सिंह ने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी बिल वसूली के चलते भी ग्रामीण उपभोक्ता परेशान है। तथ्यविहीन बिजली बिल की राशि का कोई आधार प्रतीत नही होता है। बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है जिसका कोई मुआवजा विभाग देने को तैयार नहीं है। सरकार की सौ यूनिट बिजली मुफ्त वाली बात छलावा और जनता को बेवकूफ बनाने वाली प्रतीत होती है । किसी ग्रामीण उपभोक्ता का मीटर नही चलता है जिसके चलते सभी उपभोक्ता से फिक्स्ड रेट तथा मनमानी रेट वसूला जा रहा है। भाजपा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल ने प्रतिनिधि मंडल को इस मुद्दे को उचित प्लेटफार्म पर उठाने का आश्वासन दिया।




# दीन दुखियों की मदद करने का पैगाम देती है ईद : भरदुल सिंह



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ईद दीन दुखियों की मदद करने का पैगाम देती है। उक्त बातें मुखिया भरदुल कुमार सिंह ने कही ।वे शनिवार को पोलपोल व आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को ईद उल फितर के अवसर पर एक दूसरे से मिल ईद की मुबारकबाद दे रहे थे।वहीं पोलपोल व आसपास के क्षेत्र में ईद का त्योहार हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। नए परिधानों में सज धज कर अकीदत मन मदरसा में ईद की नमाज अदा की गई। नमाजियों ने कहा कि उन्होंने अल्लाह से देश और समाज में सुख शांति समृद्धि और भाईचारा को बनाए रखने की दुआ मांगी। इसके बाद एक दूसरे से गले मिल मुबारकबाद दी। इस मौके पर मुखिया पति भरदुल सिंह ने कहा कि ईद आपसी एकता का पैगाम देती है। हमारे यहां की गंगा जमुनी संस्कृति है। हिंदू ,मुस्लिम, सिख ईसाई हम सभी लोग मिलकर एक दूसरे धर्म का आदर करते हैं ।और पूरे उल्लास के साथ त्यौहार मनाते हैं। उन्होंने कहा कि ईद का संदेश समतामूलक मानव समाज की रचना है। इस मौके पर दिनेश सिंह, संजीव पाल, पंकज पाल, अब्दुल अजीज अंसारी , हैदर अली ,मोहम्मद मतीन, इम्तियाज अंसारी ,अख्तर अंसारी, खुर्शीद अंसारी ,आफताब अंसारी, मुस्ताक अंसारी ,महेश प्रसाद समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**आस्था**

### कई जगहों पर मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव

# भक्ति-शक्ति के प्रतीक है भगवान परशुराम

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** झारखंड प्रदेश राजा मेदिनी राय युवा मंच के द्वारा शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो के अध्यक्षता में भगवान बिष्णु जी के छठे अवतार व न्याय के देवता भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव पूर्व जिप सदस्य चिंता देवी के आवास पर बहुत ही धूमधाम से मनाया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प वर्षा कर माला पहना कर हुई। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश सिंह चोरों ने भगवान परशुराम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माथुर चतुर्वेदी ब्राह्मणों के इतिहास- लेखक श्री बालमकुंद चतुर्वेदी के अनुसार भगवान परशुराम का जन्म 5142 वि.पू.वैशख शुक्ल तृतीया के दिन - रात्रि के प्रथम पहर में हुआ था। एवं इनका जन्म समय सतयुग और त्रेता का संधिकाल माना जाता है। मौके पर युवा मंच के मनोज कुमार सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, गुड्डू कुमार सिंह, वकील सिंह, गरीबा सिंह, रबदा पंचायत के उप मुखिया उमेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि मनिष कुमार, विजय कुमार पाठक, विकास कुमार तिवारी, संदीप कुमार विपिन उपाध्याय व बिरेंद्र कुशवाहा उपस्थित थे।



वहींअखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने भी परशुराम जयंती मनाई। वहीं मुख्य कार्यक्रम गुरी गांव स्थित प्रकाश पुस्तकालय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले भगवान परशुराम की विशेष पूजा अर्चना हुई। इसके बाद एक विचार गोष्ठी हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता महासभा के विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय और संचालन संतोष कुमार चौबे ने किया। गोष्ठी में ब्राह्मणों को संगठित होने और संघर्षशील बनने पर बल दिया गया। गोष्ठी में महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम के एक हाथ में शास्त्र और दूसरे हाथ में शस्त्र रहता है। जिसके माध्यम से भगवान परशुराम ने समाज को एक संदेश दिया है।आज के परिवेश में उनके संदेशों को समझने की जरूरत है। मौके पर सीताराम डूबे,सत्यनारायण तिवारी, रविंद्र नाथ उपाध्याय, डॉ डी पी शुक्ला,राजेश चौबे राजू, रविंद्र शुक्ला गुड्डू, आलोक चौबे, सैलेंद्र चौबे, संजय उपाध्याय, मखीरन तिवारी, आर के पांडेय, राधा कृष्ण मिश्रा, चंद्रमणि मिश्रा, मिथलेश मिश्रा, दिवाकर पांडेय, अनुज मिश्रा, विनोद पाठक, महेंद्र दुबे, रामलोचन पांडेय, सुनील मिश्रा, सतेंद्र तिवारी, पिंटू पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं

ई–निविदा संख्या : जेम बिड सं.– GEM/2023/B/3373333, दिनांक 20.04.2023

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि : धनबाद मंडल के जी सी सेक्शन (धनबाद, गोमो, कोडरमा, चन्द्रपुरा, पाथरडीह और हजारीबाग) के क्रू लॉबियो और धनबाद कंट्रोल की विभिन्न गतिविधियों की दो वर्षो (730 दिनों) के लिए आउटसोर्सिंग। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹2,45,17,393.10, 3. अग्रधन राशि : ₹2,72,600/–, 4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा का बंद होना : 11.05.2023 को 18:00 बजे | ई–निविदा का खुलना : 11.05.2023 को 18.30 बजे | 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : www.ireps.gov.in विशेष : ई–निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि.)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/00145/डीएचएन/ईओपीएन/टी./23–24/32

# सर्वजन पेंशन योजना

## के तहत 3 वर्ष में तीन गुणा वृद्धि

सर्वजन पेंशन योजना का उद्देश्य ही गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता पहुंचाना है। इस योजना के तहत अतिरिक्त 15 लाख बुज़ुर्ग, विधवा, एकल और परित्यक्त महिला, दिव्यांग, आदि को जोड़ते हुए अबतक 21.61 लाख लाभुकों को आच्छादित किया गया है तथा छूटे हुए सभी योग्य लाभुकों को आच्छादित किया जाना है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में सर्वजन पेंशन योजना के लिए ₹2,130.88 करोड़ का प्रावधान किया गया है।




## क्या कहते हैं लाभुक



पेंशन की राशि मिलने से गुज़र-बसर में आसानी हो रही है। इससे पहले वृद्धा पेंशन नहीं मिलता था। लेकिन, पिछले एक साल से पेंशन मिल रहा है। पेंशन बैंक खाते में प्राप्त हो रहा है। इस पैसे से दवा खरीदती हूं और अपना इलाज कराती हूं। साथ ही कई अन्य जरूरतों को पूरा करती हूं। सरकार को धन्यवाद, जिसने हम जैसे गरीबों को पेंशन दिया।

**संगीता देवी, तोपचांची, धनबाद**

---



पेंशन की राशि से मेरी छोटी मोटी जरूरतें पूरी हो रही हैं। सरकार सभी लोगों को सक्षम बना रही है, बुज़ुर्गों को पेंशन दे रही है, इससे अच्छा और क्या होगा ? चाय पानी के लिए बच्चों से पैसा नहीं लेना पड़ता। बुज़ुर्ग अब बोझ नहीं होंगे। पहले दौड़ भाग कर के भी पेंशन नहीं मिला। अब घर बैठे मिल गया है, इसकी खुशी ज्यादा है।

**रजनीकांत आचार्य, उत्तरी इचड़ा पंचायत, पूर्वी सिंहभूम**

---



इंञ मिलोती देवी इंञ रेन जमाय ञतुम कांता प्रसाद मांझी, आतु बूढ़ीडीह पंचायत करमाटांड़ प्रखण्ड चंद्रापुरा जिला बोकारो रेन ताहेन काना। आतु पंचायत रेन जनता दरबार हुय लेना, उन रे जनता दरबार रे बी०डी०ओ०, सी० ओ०, मुखिया, आतु सेवक सनाम हेअ लेना अनको सनाम गी इंञ मिता आदिइंञ। पेंशन फारम हो भरा कतिञ। में आर इंञ पेंशन हो ञाम इदिञ आर इंञ पेंशन हो ञाम इदिञ आर उना पैसा ते आयमा भाली हुयूआ उना पैसा ते मौका घडीञ गिदरा आह किताब, कलाम, कापी किरीञ लिगीत इमा कुकाना जहा बंचा उना पैसा ते तेल साबुन हताह इदा जहा सहायता लिगीत ते सरकार हेमन्त सोरेन आ आयमा आयमा सराहाव।

**मिलोती देवी, ग्राम बूढ़ीडीह, पंचायत करमा टांड, प्रखण्ड चंद्रपुरा, बोकारो**

---



कुछ माह पूर्व से ही पेंशन योजना का लाभ मिलना शुरू हुआ है। पहले कई बार पेंशन योजना से लाभान्वित होने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। रिक्ति खाली होने पर योजना से जोड़ने की बात अधिकारी कहते थे। लेकिन सर्वजन पेंशन योजना शुरू होने से मुझे योजना का लाभ मिलने लगा। अभी मैं काफी खुश हूं। राज्य सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त बेटा को इसके लिए धन्यवाद देता हूं।

**तारा सिंह, जर्मन कॉलोनी, बोकारो**

---



विवाह से 2-3 वर्ष के पश्चात अपने पति से अलग हो गई। जिसके बाद से मैं अपने पिता के साथ ही उनके घर में रह रही हूं। आर्थिक रूप से सहायता के लिए मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन किया। पेंशन योजना की स्वीकृति मिली और अब पेंशन का लाभ मिल रहा है। मेरे जैसी सैकड़ों निराश्रित महिलाओं के लिये यह सहारा है, जिससे हमें जीवन यापन करने में सरकार से सहयोग प्राप्त हो रहा है।

**चंदा कुमारी, नगर उंटारी प्रखंड, गढ़वा**

---



पेंशन लेवे में कोनो परेशानी नखे। प्रतिमाह सरकार हमर बैंक खाता में पेंशन कर राशि भेज देव थे, जेकर उपयोग हम अपन रोज रोज कर छोट-मोट खर्च ले कर थी। सरकार कर ई योजना के लागू होवे से हम बहुत खुश ही, काहे से कि इकर ले सरकार ने बीपीएल श्रेणी कर मांग के हटाय देलक।

**सीता देवी, भण्डरा, लोहारदगा**

---



साबेन् को जोहार। अयाह् नुतुम सरस्वती लामाय, अनाह् हो वा: नुतुम्- स्व० सिद्धेश्वर बोयपाई, हातु- सोसोपी, पंचायत- तोन्डांहातु, प्रखण्ड- जगन्नाथपुर, जिला- प० सिंहभूम। आले हातु रे जनता-दरवार होवा-लेना। एनते मुखिया को, ग्राम सेवक, तेको कजीयाञ तनड: च् ञिम् रान्डी-अम्बारोब एना् एनते पेंशन रेय: फॉर्म् पेरे:म् को मेताञ् तना:। फोंम को पेरे: केड़ा एनते न:अ छ: महिना होबायना गेया। पाँच तारीख तक रे पोयसा बेटान तना गेया, एन ते पोयसा: छुडावए तन गेया: । एन तें, सरकार के ञेन लाभ एमाडीञ ते इसु रान्सा: होवायेना। एन् ते नेन पोयसा: तेगे नाह: सुनुम साबुन च: होन पड़ाव इची ताई ऐ:। सरकार नेलेकान लाभ को आन्डो एमा ले: रे दो एसु रान्सा रेया: काजी। ञेन हेमन्त सोरेन सरकार के ईकिर जीवोन ते् जोहार।

**सरस्वती लामाय, जगन्नाथपुर, पश्चिमी सिंहभूम**

---



बुज़ुर्ग होने तथा नियमित आय के अभाव में मुझे अपने परिवार का पालन पोषण करने में काफ़ी कठिनाई हो रही थी। कुछ माह पूर्व मैंने सर्वजन पेंशन योजना के तहत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभ हेतु आवेदन जमा किया था। मेरा आवेदन स्वीकृत हुआ और मुझे एक हजार रूपये प्रतिमाह वृद्धा पेंशन मिलने लगा है। पेंशन मिलने से परिवार का पालन पोषण करने में मदद मिल रही है।

**महेंद्र प्रसाद, नगर पंचायत, लातेहार**

---



मैं एकल महिला हूँ। मेरे परिवार में कोई सदस्य नहीं है। खुद का पालन पोषण करने में कठिनाई होती थी। मुझे मुखिया द्वारा सर्वजन पेंशन योजना का पता चला। इसके लिए मैंने फॉर्म भरा, तो आज मुझे पेंशन का पैसा मिल रहा है, जिससे जीवन अच्छा चल रहा है। मैं हेमन्त सोरेन जी को बहुत बहुत धन्यवाद और जोहार करती हूँ।

**फरीदा बेगम, ग्राम पंचायत तमाड़, रांची**

---



सर्वजन योजना लागू होने के उपरांत मुझे नि:शक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत लाभ मिला। आज खुद को सबल महसूस कर रहा हूं। दिव्यांग होने के कारण मैं अपने आप को उपेक्षित महसूस करता था, परंतु प्रखंड कार्यालय में पेंशन हेतु आवेदन करने के दो दिवस उपरांत मुझे नि:शक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना का लाभ मिला। तब से प्रत्येक माह मुझे पेंशन के रूप में ₹1000 प्राप्त होने लगा और मुझे अपने जीवन यापन में काफी सहूलियत होने लगी।

**गणेश बानरा, डालियार्मिचा पंचायत, चाईबासा**

PR No. 295760 (IPRD) 2023-24

### जिले में अकीदत व मसर्रत के साथ मनाया गया ईद उल फितर का त्योहार

# भाईचारा व सद्भावना का प्रतीक त्योहार है ईद उल फितर : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले में ईद- उल- फितर का त्योहार अकीदत व मसर्रत के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्थानीय इदगाहों, मस्जिदों व मदरसों में दो रिकअत वाजिब नमाज- ए- ईद - उल- फितर अदा की। नमाज अदायगी को लेकर इन स्थलों पर सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जमा होने लगी थी। नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद- उल- फितर की बधाई दी। वहीं गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने ईद के मौके पर उचरी मस्जिद, ईदगाह, गढ़वा मदरसा आदि स्थानों पर पहुंच कर इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद मंत्री ने ठाकुर गुरदी, बेलचंपा, प्रतापपुर, पतसा, संग्रह खुर्द, फरठिया, दरमी, गिदहा, चमरही, संग्रहे कला, पचफेड़ी, टिकुलडीहा, दलेली आदि गांवों में कई लोगों के घर जाकर भी ईद की मुबारकबाद देते हुए दावत में शामिल हुए। इस मौके पर ठाकुर ने कहा कि ईद उल फितर आपसी भाईचारा एवं सद्भावना का प्रतीक है। इस दिन सभी लोग आपसी गिले-शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाकर प्रेम का संदेश देते हैं। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष अनिता दत्त, गुरुदत्त, कंचन साहू, मनोज झा, दिलीप गुप्ता, सीओ मयंक भूषण, पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी चंदन कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



जिला मुख्यालय स्थित गढ़वा ईदगाह में जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज अब्दुस्समद ने नमाज - ए -ईद अदा कराई। जबकि टंडवा मस्जिद में मौलाना शाहजाद आलम मिसवाही, उंचरी मस्जिद में मुफ़्ती मो यूनुस एवं मदरसा तबलिगुल इस्लाम के मैदान में मौलाना लियाकत हुसैन, रंका जामा मस्जिद में मौलाना महमूद, मझिआंव में मौलाना मो सदीक, अली नगर उंचरी में मौलाना रफीउद्दीन, शरीफ नगर उंचरी में मौलाना शेर मोहम्मद, सकरकोनी ईदगाह में मौलाना मो एजाज, हरैया ईदगाह में हाफिज शौकत, छतरपुर ईदगाह में मौलाना मुमताज, झलुआ में मौलाना अमीनुद्दीन, चिरोंजिया मस्जिद में मौलिक सद्दाम, कल्याणपुर ईदगाह में मौलाना यूसुफ ने ईद- उल - फितर की नमाज अदा कराई।

इस अवसर पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी नमाज अदायगी स्थलों पर इंताजामिया कमेटियों द्वारा नमाजियों की सुविधा के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र सहित अन्य इंतजाम किए गए थे। वहीं पर्व के अवसर शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु प्रशासन द्वारा सभी इबादतगाहों के पास दंडाधिकारी व पुलिस बल के जवान तैनात किए गए थे। इस अवसर पर ईदगाह के पास यतीमों, गरीबों, बेवाओं व असहायों के बीच लोगों ने जकात व फितरा की राशि बांटी गई।



### चिनिया में हर्षोल्लास मनी ईद

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ईद उल फितर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रखंड मुख्यालय स्थित चिनिया मस्जिद में इमाम मोहम्मद जियाउल हक अंसारी, रानीचेरी मस्जिद में इमाम मकसूदउल कादरी, बेसरी मस्जिद में हाफिज मुस्ताक अहमद ने ईद की नमाज अदा कराई। इस मौके पर चपकली, रणपुरा, बरवाड़ीह, बघमारी, खुरी, की मस्जिदों में हजारों मुस्लिमों ने विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की तथा मौके पर धर्मावलंबियों ने अमन एवं शांति की दुआ मांगी। ईद के अवसर पर एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। मौके पर चिनिया सदर मोहम्मद यासीन रानीचेरी सदर मोहम्मद फरीद बेसरी मस्जिद के सदर मो ताहिर, अलाउद्दीन, मोहम्मद यासीन मंसूरी, नसरुद्दीन मंसूरी, नौशाद मंसूरी, मोहम्मद सगीर सहित हजारों मुस्लिम धर्मावलंबियों ईद कीर नमाज अदा की।

### केतार में अकीदत से मना पर्व

**केतार।** माह ए रमजान की समाप्ति के बाद शनिवार को केतार प्रखंड क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। प्रखंड मुख्यालय केतार और बेलाबार - नावाडीह गांव के ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद की नमाज अदा की। मोहम्मद नसीम अहमद ने नमाज अदा कराई। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार, समाजसेवी अजय वर्मा सहित हिन्दू धर्मावलंबियों ने भी ईदगाह के पास पहुंचकर मुस्लिम धर्मावलंबियों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर सदर समीम अंसारी, सदर मेराजुद्दीन अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, मोहम्मद अली हुसैन अंसारी, नजाम अंसारी, इम्तियाज आलम, रहमान अंसारी, अल्ताफ अंसारी, कसमुदिन अंसारी, महबूब अंसारी, जसमूद्दीन अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी, फुजैल अंसारी, साकिर अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मेराल में अदा हुई ईद की नमाज

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के ईदगाहों पर शनिवार की सुबह ईद की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी। शनिवार को पूरवारा टोला स्थित ईदगाह पर लोगों ने ईद की नमाज अदा की। झामुमो नेता तथा समाजसेवी मिथिलेश देव के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा मेराल प्रखंड कमेटी के लोगों ने ईदगाह पर नमाजियों को शीतल जल पिलाकर, ईद की शुभकामना दी। पेश्का, दुलदुल्वा, दलेली, बाना, लोवादाग हासनदाग चामा तीसरटेटुका गेरुआ खुटैलिया बिखताम पचफेड़ी इत्यादि क्षेत्रों में भी भाईचारे के साथ ईद मनाई गई। बीडीयो प्रवेश कुमार साव, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दल के लोगों ने अलग-अलग गांवों में जाकर लोगों कसे शुभकामना दी।

### खुशहाली -अमन की दुआ मांगी

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिदों एवं ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज अकीदत के साथ अदा की। ईद उल फितर की नमाज अनुमंडल मुख्यालय में गोसाईबाग स्थित ईदगाह, बरडीहा जमा मस्जिद, नरही ईदगाह, कुशदंड, कोइंदी, कधवन सहित अन्य जगहों पर अदा की गई। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर द्वारा गोसाईबाग स्थित ईदगाह के समीप नमाजियों लिए शरबत पानी की व्यवस्था की गई थी। चैंबर अध्यक्ष शम्भू नाथ सौदागर ने कहा कि हमारे यहां हिंदू-मुस्लिम मिलकर आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाते हैं।

## ट्रक और मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर, 1 की मौत; 2 घायल

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**



एनएच -75 सड़क पर बहीयार मोड़ के समीप शनिवार की सुबह करीब 6 बजे मोटरसाइकिल और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार धुरकी थाना क्षेत्र के पनघटवा ग्राम निवासी गरीबा राम के 24 वर्षीय पुत्र रिंकू कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि अरुण कुमार और प्रवीण कुमार, पिता राजेंद्र राम गंभीर से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों रमना थाने को सूचित किया गया। इसके बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रमना भेजा, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक रिंकू कुमार का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेजा गया। उक्त तीनों युवक शादी समारोह का निमंत्रण पत्र नगर थाना क्षेत्र में अपने रिश्तेदार को देकर वापस जा रहे थे कि इसी बीच बहियार मोड़ के पास वे दुर्घटनाग्रस्त गए।

### डंडाई प्रखंड में मनाया गया ईद का त्योहार

**डंडाई।** प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में ईद उल फितर का त्योहार अकीदत व मुसर्रत के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्थानीय मदरसों, मस्जिदों व ईदगाहों में इद उल फितर नमाज अदा की। प्रखंड मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद में पेश इमाम मौलाना आदम ने ईद उल फितर की नमाज अदा कराई। रारो जामा मस्जिद में पेश इमाम मौलाना मुस्तकीम, जरही में हाफिज कयामुद्दीन, वालाझखड़ा में मौलाना रियाज, तसरार में हाफीज अरशद ने नमाज अदा कराई। मस्जिद, ईदगाह व मदरसों में काफी भीड़ होने की वजह से कई लोग परिसर के बाहर भी नमाज अदा करते देखे गए। वहीं मस्जिद इंतजामियां कमेटी ने वजू का पानी, टेंट, जानमाज, ध्वनि विस्तारक यंत्र का बेहतर इंतजाम किया था। नमाज खत्म होने के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की।



## जलमीनार खराब होने से पानी के लिए हाहाकार

### गुहार लगाने के बावजूद नहीं कराई गई मरम्मत



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड क्षेत्र के परसोडीह गांव में अखिलेश पासवान और सोमारू रजवार के घर के पास स्थित जल मीनार के पिछले दो माह से खराब होने के कारण ग्रामीणों के बीच पेयजल की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गयी है। गांव के 50 से अधिक घरों में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जलमीनार की मरम्मत कराने के लिए ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया बसंती देवी, बीडीओ मुकेश मछुआ को लिखित आवेदन देकर एक माह पूर्व ही गुहार लगाई थी, लेकिन अब तक उक्त जल मीनार की मरम्मत नहीं कराई गई है। ग्रामीण दूसरे टोला से लंबी दूरी तय कर पीने के लिए पानी ला रहे हैं। लेकिन पंचायत के जनप्रतिनिधि जानबूझकर इस समस्या से बेखबर बने हुए हैं, जबकि जलमीनार और चापानल की मरम्मत कराने के लिए लगभग 4 लाख रुपये की निकासी की गई है। लेकिन अब तक जलमीनार की मरम्मत नहीं हो सकी है। अखिलेश पासवान अनुज कुमार गुप्ता, नेउरी देवी, मीना देवी, आशा कुंवर, सोमारू रजवार, पचीया कुंअर, सुदर्शन राम, विकास कुमार, सुषमा देवी ने उक्त दोनों खराब पड़े जलमीनार बनवाने की गुहार लगाई है। इस संबंध में मुखिया बसंती देवी ने कहा कि चापानल और जलमीनार की मरम्मत कराने पर कुछ लोग विरोध करते हैं। इसलिए मरम्मत नहीं कराई जा रही है।

## खरौंधी में हर्षोल्लास से मनी ईद

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

माह ए रमजान की समाप्ति के साथ शनिवार को खरौंधी प्रखंड क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। ईद को लेकर सुबह से ही लोगों में खासा उत्साह देखा गया। प्रखंड के मझिगावां, खरौंधी, अरंगी, सिसरी गांव के ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद की नमाज अदा की। मझिगावां ईदगाह मेंमोहम्मद सुल्तान अंसारी ने नमाज अदा कराई। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी।



इस अवसर पर मझिगावां पंचायत के बीडीसी कृष्णा राम, समाजसेवी सतीश राम, अरविंद पासवान, सहित हिन्दू धर्मावलंबियों ने भी ईदगाह के पास पहुंचकर मुस्लिम धर्मावलंबियों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। जिलापरिषद सदस्य सह झामुमो जिला सचिव धर्मराज पासवान ने ईद के मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि ईद का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा का संदेश देता है।

बिससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक ने भी ईद के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों को मुबारकबाद दी। ईदगाहों में प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की तैनाती की थी। मौके पर सदर समसुदीन अंसारी, कलामुद्दीन अंसारी, लायाकत अंसारी, खुर्सीद आलम, नजरें आलम, बदरे आलम, जाकिर हुसैन, रवि हुसैन, आशिक अंसारी, असलम अंसारी, हिफाजत अंसारी, मुहब्बत हुसैन, खुदा बख्स, मोजहिम मियां, जाहिर अली सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### रिटायर्ड पोस्ट मास्टर का हृदय गति रुकने से निधन

**डंडाई।** प्रखंड मुख्यालय के सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर व डंडाई गांव के नवनिर्मित हनुमान मंदिर के अध्यक्ष रामप्रीत प्रसाद का शुक्रवार रात्रि हृदय गति रुक जाने के कारण देहांत हो गया। वे 75 वर्ष के थे। शुक्रवार को सायंकाल के समय उन्हें काफी जोड़ से खांसी आई। उसी समय से उनकी बेचैनी बढ़नी शुरू हो गई। इसी बीच परिजनों ने उन्हें गढ़वा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान ही 9 बजे रात्रि को उन्होंने दम तोड़ दिया। शव घर पर पहुंचते ही कोहराम मच गया। बताया जाता है कि वे सरल व सामान्य विचार के व्यक्ति थे। धार्मिक व सामाजिक कार्य से उनका विशेष लगा रहता था। कहीं भी धार्मिक व सामाजिक कार्य होता था वे उसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे।

## भवनाथपुर ब्लॉक व डेंजर-11 ने जीते मैच

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

युवा शक्ति क्लब के तत्वधान में टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित युवा शक्ति अंतराज्यीय कॉस्को नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट के ग्यारहवें दिन दो मैच खेले गए। मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा प्रभारी दिनेश सिंह ने खेल की शुरुआत कराई।



पहला मैच भवनाथपुर ब्लॉक क्रिकेट क्लब और पंडरिया क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। ब्लॉक टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 126 रन बनाए। इसके जवाब में पंडरिया टीम 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 57 रन ही बना पाई। ब्लॉक टीम 69 रन से विजयी हुई। मैन ऑफ द मैच ब्लॉक टीम के प्रेम कुमार को दिया गया। दूसरा मैच भवनाथपुर डेंजर-11 क्रिकेट क्लब एवं मकरी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर डेंजर-11 टीम ने 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 123 रन बनाए। इसके जवाब में मकरी टीम 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 78 रन ही बना पाई। डेंजर-11 45 रनों से विजयी हुई। मैन ऑफ द मैच डेंजर 11 टीम के गोलू कुमार को दिया गया। अंपायर चंचल कुमार एवं प्रियरंजन यादव, स्कोरर नीतीश कुमार ने निभाई। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष दीपक वर्मा, सचिव उप प्रमुख पिंटू टोपनो, सुधीर कुमार, सोमनाथ यादव, प्रेम यादव, ओम नारायण यादव, धनंजय यादव, सोनू रावत, अनूप गुप्ता, अर्पित सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

**शिविर** परशुराम जयंती पर मिथिलेश ठाकुर ने किया रक्तदान

## रक्त सिर्फ दान में ही मिल सकता : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

परशुराम जयंती के अवसर पर शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से सदर हॉस्पिटल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गढ़वा के विधायक एवं राज्य सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रक्तदान कर इसका उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री सहित आठ लोगों ने रक्तदान किया। इनमें मनोज कुमार झा, संदीप कुमार, विष्णु सिंह, सत्यम सिंह, लक्ष्मी विश्वकर्मा, धीरेंद्र चौबे एवं जाफर खान शामिल रहे। झामुमो के संस्थापक सदस्य जफर खान ने ईद के मुबारक मौके पर रक्तदान किया।



इस मौके पर मंत्री ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त एक ऐसी वस्तु है जिसे लाखों, करोड़ों रुपये खर्च कर भी नहीं खरीदा जा सकता है। इसे सिर्फ दान में ही प्राप्त किया जा सकता है। रक्तदान करने वाले लोग दूसरे लोगों की जान बचा कर उन्हें नया जीवन प्रदान करते हैं। आज परशुराम जयंती के मौके पर युवा जिस तरह से उत्साहित होकर रक्तदान कर रहे हैं, यह समाज के लिए शुभ संकेत है। सभी लोगों को रक्तदान कर दूसरों के जीवन की रक्षा करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अवधेश कुमार सिंह, यक्ष्मा नोडल पदाधिकारी डॉ. कमलेश कुमार, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, कंचन साहू, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, रंथा नायक, दिलीप गुप्ता, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. वीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### सदर अस्पताल में स्वतंत्रता सेनानी के वंशज से मिले मंत्री

**गढ़वा।** स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर पितांबर के वंशज से मिलने पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने एक दुर्घटना में घायल स्वतंत्रता सेनानी के वंशज भंडरिया के सनया निवासी शिवनाथ सिंह की पुत्री चिंता कुमारी से मिले और उसे हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया। साथ ही सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि इलाज में किसी भी तरह की भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। सिविल सर्जन ने बताया कि पिछले दिनों सर्जरी हो चुकी है और इलाज भी बेहतर चल रहा है। उसके बाद मंत्री ने उक्त वार्ड में भर्ती एक-एक मरीज से मिले। उन्होंने सुविधाओं की भी जानकारी ली। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. अवधेश सिंह, यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. कमलेश, जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, आशुतोष पांडे आदि उपस्थित रहे।

## पृथ्वी दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

पर्यावरण जागृति के बाल वृक्ष मित्रों की ओर से विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शनिवार को पर्यावरण जागृति कार्यालय चित्तविश्राम में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवांगी शेखर, द्वितीय स्थान सुषमा कुमारी और तृतीय स्थान प्रखर पर्व ने प्राप्त किया। सभी बच्चों ने पेड़ लगाने एवं बचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक अशोक कुमार सिंह उपस्थित थे।



उन्होंने कहा कि बच्चों में पेंटिंग अपने आप में रुचिकर विषय है और आज पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागृति के बाल मित्रों द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता सराहनीय है। इससे बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदना बचपन से जागृत होगी। बच्चे बचपन से ही पर्यावरण के प्रति सजग होंगे तो आने वाला भविष्य निश्चित तौर पर सुनहला होगा। इंद्र शेखर पांडेय ने कहा कि बच्चे इतनी तन्मयता से पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे हैं। यह कार्यक्रम की सफलता है। यही बच्चे कल बड़े होकर अपनी पृथ्वी को हरियाली युक्त बनाएंगे। अभिषेक पांडेय ने कहा कि यह पृथ्वी इकलौता स्थान है जहां जीवन है और इसे संतुलित बनाए रखना हम सब का कर्तव्य है। पर्यावरण जागृति के सचिव कमलेश कुमार पांडेय ने अपने बाल आयोजकों को बधाई देते हुए पृथ्वी दिवस की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संजय पांडेय, उपेन्द्र चौधरी, भरत पांडेय, कुश पांडेय, मुनि चंद्रवंशी, सुमित शाह,कृष्णा चौधरी,गणेश पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित थे। प्रतिभागी के रूप में शिवांगी शेखर, प्रखर पर्व, प्रीतम पांडे, आरोही, सत्यम, रुद्र, अभी, यशराज, विधि आयु पांडे, सुषमा कुमारी, कुश,शुभ,निधि, मांडवी, दिव्यांश, लाडली, समृद्धि आदि शामिल थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

## रेडमा किराना दुकान में चोरी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा निवासी अरुण गुप्ता के किराना जनरल स्टोर में बीती रात चोर समान और रुपए की चोरी कर फरार हो गए। भुक्तभोगी अरुण गुप्ता ने बताया कि सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और दुकान से दो हजार रुपया और सामान की चोरी कर ली गई हैं। इसके बाद उन्होंने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी टू के प्रभारी रूद्रानंद सरस घटनास्थल पर पहुंचकर चोरी की घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए है।

## चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** पोखराहा में शुक्रवार कि रात नवयुवक संघ द्वारा चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर विशिष्ट अतिथि अविनाश देव ने मंच पर शिरकत की। कमिटि के सदस्यों ने फूलमाला, अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। उन्होने कहा कि 'जब आदमी एक साथ बसता रहता है तो स्वभावतः मनमुटाव द्वेष कलह रहता ही है। जो जीवन का अहम हिस्सा है। इसलिए सांस्कृतिक कार्यक्रम इन तमाम जख्मो को भरते हुए आपसी प्रेम, स्नेह, सहयोग और भाईचारगी पैदा करता **है।**'

## सिन्हा ने पलामू वासियों को दी ईद की बधाई

**मेदिनीनगर।** पलामू चंदन सिन्हा ने पलामू वासियों को ईद-उल-फितर की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि 'यह त्यौहार हर्षोल्लास, शांति, एकता व आपसी भाईचारा का संदेश देता है।यह त्यौहार सबके जीवन में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली लाए, यह दुआ करता हूं।

## उर्मिला को चाहिए लोगों का साथ



**मेदिनीनगर।** पलामू की बेटी उर्मिला सिंह भक्ति गीत के माध्यम से लोगों को अपनी और आकर्षित कर रही हैं। उर्मिला सिंह मेदिनीनगर शहर के हमीदगंज निवासी रामेश्वर सिंह की पत्नी है। उर्मिला सिंह लगभग 20 वर्षों से गायिका के रूप में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं कई वर्षों से भक्ति गीत गा रही हूं और यूट्यूब पर हमारे नाम से चैनल भी है। पलामू वासी उस चैनल को देखें सुने और कमेंट कर हमे बताये कि हमारे द्वारा गाया हुआ गाना कैसा है।हमारा पलामू वासियों से आग्रह है कि हमारे चैनल को सबक्राइब और लाइक जरुर करें। ताकि पलामू की बेटी आगे बढ़ सके। मेरा मोबाइल नम्बर 9608946934 पर संपर्क भी कर सकते हैं। 23 अप्रैल को उर्मिला सिंह पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पोलपोल देवी मंदिर के प्रांगण में भक्ति जागरण कार्यक्रम में शामिल होंगी और इनके द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किया जाएंगे।।उर्मिला सिंह ने पलामू जिले के सभी भक्त जनों से आग्रह किया है कि पोलपोल देवी मंदिर पहुंचकर भक्ति गीत को सुनें और आनंद उठायें।

## मुखिया ने पलामू वासियों को ईद की दी बधाई

**मेदनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडी पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने ईद त्यौहार पर पलामू जिले वासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ईद-उल-फितर का त्योहार खुशी और मेल-मिलाप का सन्देश लेकर आता है। खुशियों का यह त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है। ईद पर्व पर हम सभी को सद्भाव तथा सामाजिक सौहार्द को सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा की ईद 'शांति, एकता, हर्ष, उल्लास और उत्साह का त्योहार है। यह त्योहार हम सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली लाए, यही दुआ करता हूं।

# पलामू में अकीदत व सादगी के साथ मनी ईद -उल- फितर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में शनिवार को पूरी अकीदत व सादगी के साथ ईद मनाई गई। जिले के हजारों मुसलमानों ने स्थानीय मस्जिदों और अपने घरों में ईद-उल-फितर की वाजिब नमाज की जगह नवाफिल नमाज अदा की। इधर शहर समेत प्रखंड व गांव की सभी मस्जिद व ईदगाहों में लोगों ने ईद-उल-फितर की दो रिकअत वाजिब नमाज बाजमात अदा की। मस्जिद व ईदगाहों के इमामों ने मिम्बर से खुतबा पढ़ा। इसमें कहा गया कि अल्लाह सबसे बड़ा है। अल्लाह के अलावे कोई पूजनीय नहीं है। सभी तारीफ अल्लाह के लिए है। खुतबा में अल्लाह व उसके रसूल के बताए मार्ग पर चलने की ताकीद की गई। नमाज के बाद कोरोना से निजात, आपसी एकता, भाईचारगी, अमन, कौम व मिल्लत की सलामती, मुल्क की तरक्की,समाज की उन्नति व विश्वबंधुता की अल्लाह से दुआएं मांगी गई। दुआ खत्म होने के बाद



मुसलमानों ने गिले-शिकवे भूलकर शारीरिक दूरी का पालन करते हुए ईद की एक दूसरे को दिली मुकारकबादी पेश की। सुबह से ही अधिकांश मुसलमानों ने स्नान कर धूले व नए कपड़े पहने और इत्र व सुर्मा लगाया। मीठी चीज विशेषकर खुजूर व सेवइयां खाईं। सिर पर टोपी पहनकर अपने-अपने घरों नमाज अदा की। जिले की मस्जिदों व ईदगाहों में लोगों ने ईद-उल-फितर की दो रिकअत नमाज वाजिब अदा की। शहर की जामा मस्जिद में ईद की नमाज खतीब व इमाम हाफिज व कारी मौलाना मो.शाहनवाज कासमी ने पढ़ाई। चौक बाजार मस्जिद में हाफिज रमजान ,मदीन मस्जिद में खतीब व इमाम मौलाना सैयद रजी अहमद, नूरी मस्जिद में मौलाना महताब आलम नूरी व मिल्लत मस्जिद में मौलाना अब्दुल शब्बूर ने नमाज पढ़ाई। नमाज से पहले आर्थिक रूप से संपन्न मुसलमानों ने गरीबों, यतीमों, असहायों, बेवाओं व जरूरतमंदों के बीच जकात, फितरा व सदका की राशि वितरित की। नमाज मुकम्मल करने के बाद लोग अपने रिश्तेदारों व दोस्तों की दावत में शरीक हुए। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से लोगों ने एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। इस बार ईद में ऐसा देखने को मिला कि लोगों ने अपने-अपने घरों में भी नमाज अदा की।

**प्रशासन भी रहा मुस्तैद :** पलामू में ईद-उल-फितर त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जगह- जगह दंडाधिकारी और पुलिस की तैनाती प्रशासन की ओर से की गई थी। मस्जिदों के पास भी पुलिस तैनात थी। पुलिस असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी थी। हर चौक-चौराहे पर पुलिस की तैनाती की गई है। असामाजिक तत्वों को लेकर भी विशेष रणनीति बनाई गई थी।

# पुलिस ने अपहृत बच्ची को किया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार रिसीयापा से 19 अप्रैल को संजीत चौधरी की 6 माह की छोटी बच्ची सुरुचि कुमारी को किस्मतिया देवी लेकर फरार हो थी। पुलिस ने बच्ची को बिहार के मैगरा रजकेल से सही सलामत बरामद कर लिया है। वहीं किस्मतिया को थाना लाकर पुलिस पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार विशुनपुर के संजीत चौधरी रिसियापा गांव में रहकर ताड़ी बेचते थे। ताड़ी बेचने के दौरान किस्मतिया बच्ची को खेलाने के बहाने लेकर चली गई और काफी देर तक वापस नहीं आई। इसके बाद बच्ची की खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। इसके बाद संजीत ने मुखिया जितेंद्र भारती, पंचायत




समिति सदस्य शत्रुघ्न साव को जानकारी दी। मुखिया ने बच्ची के अपहरण होने की सूचना नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमन कुमार को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने बच्ची की खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस की कड़ी मेहनत के बाद 24 घंटे में बच्ची को बिहार से बरामद किया गया। पुलिस की इस कार्य के लिए नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमन कुमार, एसआई शंकर टोप्पो सहित पुलिस बल के जवानों को माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# पलामू में मनाया गया परशुराम भगवान का जन्मोत्सव

### भगवान परशुराम किसी जाती विशेष के नहीं हैं, बल्कि सर्वत्र समाज व सनातनियों के अराध्य हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव** के द्वारा एक नई पहल करते हुए इसबार अक्षय तृतीया के अवसर पर प्राकट्य चिरंजीवी भगवान परशुराम जन्म उत्सव मनाया गया। इस कड़ी के अंतर्गत इस बार लहल्हे पंचायत के सिंदुरिया शिव मंदिर के प्रांगण में पूजा अर्चना कर, भगवान परशुराम के जयकारों के साथ उनका जन्मोत्सव मनाया गया। इस बार राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव ने जिला मुख्यालय को छोड़ कर जन्मोत्सव गांव में मनाने का निर्णय लिया। ताकि आने वाले दिनों में हर गावं पंचायत में भगवान परशुराम का जन्म उत्सव मनाया जाय। भगवान परशुराम किसी जाती विशेष के नहीं हैं बल्कि सर्वत्र समाज व सनातनियों के अराध्य है। इसी उद्देश्य के साथ भार्गव सेना के द्वारा जन्मोत्सव को मनाया गया। मौके पर पुरोहित निरंजन मिश्रा और रमेश पांडे के द्वारा पूर्ण श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ यजमान अमित तिवारी के द्वारा पूजा अर्चना सम्पन्न कराई गई। ग्रामीणों मुरलीधर तिवारी, अनूप तिवारी, बिकास पांडे, पंचायत समिति प्रतिनिधि सुभाष तिवारी,कमलेश पाण्डे, ब्रजेश पांडे, राजे





तिवारी, ब्रजेश तिवारी, पीयूष, रामु सहित तमाम ग्राम वासियों के द्वारा भार्गव सेना के इस कार्य की सराहना की गई।कार्यक्रम उपरांत सभी को प्रसाद वितरण किया गया और भगवा अंगवस्त्र देकर सभी को सम्मानित किया गया।

**इधर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी** के द्वारा वहीं मेदिनीनगर शहर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा संपन्न हुई। जय श्री परशुराम,जय श्री परशुराम के नारे से शहर गुंज उठा । आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा की खुबसुरती देखते बन रही थी। काफी संख्या में निकले युवा वाहिनी के सदस्य भगवान परशुराम के भक्ति गीतों पर झुमते नजर आए।भगवान परशुराम के जयकारे के साथ शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जत्थे झुमते नजर आ रहे थे। शोभायात्रा में सबसे आगे उंट चल रहा था जिसके बाद बुलेट पर सवार लड़कियों का राइडर्स ग्रुप मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। इसके पश्चात ब्राह्मण परिवार शंखनाद करते हुए शंख बजाते हुए चल रहे थे इसके बाद क्रमबद्ध तरिके से भगवान परशुराम ,बजरंग बली, श्री राम दरबार व महादेव शिव भगवान की जीवंत झांकी चल रही थी वहीं डीजे बजाने के लिए पहल करने वाली युवा वाहिनी की शोभायात्रा में मधुरमय भक्ति जागरण का जीवंत प्रसारण किया जा रहा था। युवा वाहिनी के स्थानीय रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय से निकली शोभायात्रा रेड़मा चंद्रशेखर आजाद चौक होते हुए डा राजेन्द्र प्रसाद चौक पहूँची जहाँ से सुभाष चंद्र बोस चौक होते हुए बेलवाटीका के रास्ते से दो नंबर टाउन होते हुए रेड़मा युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय पर पहुँच कर समाप्त हूई। शोभायात्रा मार्ग में विभिन्न संस्थाओं के द्वारा पुष्प वर्षा व जलपान की समूचित व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा में युवा वाहिनी के प्रदेश संरक्षक अर्जुन पांडेय, नीलू मिश्रा, छोटन उपाध्याय, अमीत उपाध्याय, आशीष भारद्वाज, प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, शोभायात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, संजय मिश्रा, बिजू बाबा, राकेश पांडेय, सोनू मिश्रा, फोटू दूबे, रवि ओझा, चंदन तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, लल्लू पांडेय, विक्रांत त्रिपाठी, दिलीप तिवारी, मुन्ना दूबे, प्रवीण मिश्रा, सेठ चौबे, रोहित तिवारी, कृष्ण कांत चौबे सहित कई लोग मौजूद थे। **वहीं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की मेदिनीनगर इकाई** के द्वारा भी भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शहर के सुदना गायत्री मंदिर रोड स्थित प्राचीन देवी मंडप में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।पंडित संजीव मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना संपन्न कराया।आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया । शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए ब्राह्मण परिवार के लोगों ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ भगवान परशुराम जी का पूजा अर्चना किया।महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने भगवान परशुराम जी के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महासभा के प्रखंड अध्यक्ष अभिमन्यु ओझा, सीताराम दुबे, दिवाकर दुबे, विकेश शुक्ला, तुलसी शुक्ला, रामप्रवेश पंडित, नवल किशोर तिवारी, राजा पाठक, किशोर पांडेय, विनोद दुबे, रामनरेश उपाध्याय, मनीष उपाध्याय, प्रेमचंद पाठक, कृष्णा तिवारी, शंभूनाथ दुबे, नागेंद्र तिवारी, रौशन पाठक, अजय दुबे, वाल्मीकि तिवारी, बृज किशोर तिवारी, राकेश पाठक सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# जेएसएससी ने परीक्षा का कैलेंडर जारी किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जेएसएससी ने नयी नियोजन नीति के साथ ही बंपर वैकेंसी की शुरूआत की है। आयोग के द्वारा विज्ञापन जारी होने के साथ ही एग्जाम कैलेंडर जारी किया गया है। जेएसएससी ने 10 प्रतियोगिता परीक्षा के लिए कैलेंडर जारी किया है। आयोग द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार कुछ प्रतियोगिता परीक्षा जिनका विज्ञापन प्रकाशित हो चुका है, उनकी भी परीक्षा की तारीख घोषित कर दी गई है। कुछ प्रतियोगिता परीक्षा ऐसी हैं जिनके विज्ञापन आने वाले समय में निकलने वाले हैं। उसकी भी संभावित तारीख जारी कर दी गई है। आयोग द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार, झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 सीबीटी मोड में जून के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएगी। अगस्त के द्वितीय सप्ताह में परिणाम जारी होगा। झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का विज्ञापन भी मई प्रथम सप्ताह में आना संभावित है। मई के दूसरे सप्ताह में ही उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा- 2023 का विज्ञापन मई के दूसरे सप्ताह में जारी होगा। मई माह में कई पदों के लिए विज्ञापन जारी होगा।। इसके तहत झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का विज्ञापन मई के दूसरे सप्ताह में जारी होगा। यह परीक्षा सीबीटी मोड में अगस्त प्रथम सप्ताह में संभावित है। अगस्त दूसरे सप्ताह में परीक्षा हो सकती है तथा अक्टूबर पहले सप्ताह में परिणाम प्रकाशित हो सकता है। ये तीनों परीक्षाएं ओएमआर शीट पर ली जाएंगी। अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में इसका परिणाम जारी होगा। इसी तरह, झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का विज्ञापन भी मई के पहले सप्ताह में आयेगा।

# आस्था के साथ मनायी गयी अक्षय तृतीया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित आस पास के क्षेत्रों में अक्षय तृतीया उत्साह से मनायी गयी।अक्षय तृतीया को आखातीज भी कहा जाता है। सुबह से ही स्थानीय कोयल नदी में लोगो की भीड़ जुटी रही और लोगो ने आस्था की डुबकी लगाई। मन्दिरो में लोगों ने पूजा-पाठ आदि में ध्यान लगाया। मंदिरों में दिन भर हलचल रही। अक्षय तृतीया के दिन के नाते रिश्तेदारों के घर पर जाकर पैर छूने की परंपरा को भी स्थानीय निवासियों ने निभाया। अक्षय तृतीया के अवसर पर बाजार में भी रौनक रही। शहर के ज्वेलर्स की दुकानो को सजाया गया और कई आकर्षक ऑफरो की भरमार रही। **मंदिरों में**



**लगी लोगो की भीड़ :** स्थानीय विष्णु मंदिर, सप्त्तमातार मंदिर, हनुमान मंदिर ,हीरा मंदिर , देवी मंदिर में दिन भर श्रद्धालुओं का तांता रहा। शहर के दो प्रसिद्ध मंदिर हीरा मंदिर और विष्णु मंदिर का आज स्थापना दिवस भी धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए भोजन और प्रसाद की भी व्यवस्था की गयी। **ग्रामीणों ने देखे शगुनः** ग्रामीण क्षेत्रो में आखातीज पर आगामी सीजन में शगुन देखने की परंपरा है। ग्रामीण आने वाले समय में जमाना (अच्छी बारिश) होगा या नहीं यह परंपरा के अनुसार देखते हैं। महुगावां निवासी सुमेर ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन शगुन देखना शुभ माना जाता है ।गांव के लोग अपने बेटा और बेटी के विवाह के लिए भी आज का ही दिन निर्धारित करते हैं।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बसना गांव निवासी स्वर्गीय धर्मेंद्र राम के बड़े पुत्र अक्षय कुमार उम्र 22 वर्ष ने शुक्रवार की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार की सुबह जब घर के लोग उठे तो देखे कि अक्षय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।इस घटना को देखने के लिए आसपास के ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद इस घटना की जानकारी नावा बाजार थाना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दी। जानकारी के अनुसार मृतक अक्षय कुमार आइटी आई कर इंटर की पढ़ाई कर रहा था और पिछले साल वह इंटर की परीक्षा में फेल भी हो गया था। इसके साथ ही वह बसना अम्बेडकर समिति का मुख्य सदस्य भी था।

## ओबीसी समुदाय और भी सशक्त होगा : मोर्चा

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस के राहुल गांधी ने देश में जातीय जनगणना कराने की मांग केंद्र सरकार से की है तथा आबादी के अनुसार सभी वर्गों को भागीदारी देने की भी वकालत की है। वही, 50% की लगाई गई कैप को भी समाप्त करने की मांग की है। इसके लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा परिवार कांग्रेस के प्रति आभार व्यक्त करता है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लगातार जातीय जनगणना कराने की मांग और जनसंख्या अनुपात में ओबीसी का आरक्षण 50% देने की मांग करती रही है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा की जातीय जनगणना हो जाती है तो निश्चित ही ओबीसी समुदाय और भी सशक्त होगा और देश भी सशक्त होगा। अतः राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा भी केंद्र सरकार से पुनः मांग करता है कि देश में जल्द ही जाति जनगणना कराई जाए। तथा निजीकरण, आउटसोर्सिंग, अनुबंध, लेटरल एंट्री जैसी बंधुआ मजदूरी व्यवस्था को समाप्त कीया जाए। उन्होंने निजी क्षेत्रों में भी सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व अर्थात आरक्षण देने की मांग करते हुए कहा है कि कोई भी कारपोरेट अपना उद्योग धंधा अनुदान, टैक्स फ्री सरकारी लोन आदि से चलता है। जिसमें जनता का पैसा लगा रहता है।

## ईद खुशी और शादमानी का पैगाम : अजहर

**मेदिनीनगर।** चैनपुर उर्दू विद्यालय के शिक्षक एमजे अजहर ने बताया कि ईद खुशियों का त्योहार है। ईद जब आती है, तो हर तरफ जश्न का माहौल बन जाता है। ईद उस इश्तामई खुशी और मुसर्रत के दिन का नाम है, जो मुसलमान रमजान के मुबारक महीना के खत्म होने पर शुक्राने के तौर पर मनाते हैं। हर कौम और धर्म में कोई न कोई दिन ऐसा होता है, जिसमें आमतौर पर खुशी पर खुशी मनाई जाती है। अच्छे- अच्छे कपड़े पहने जाते हैं. उम्दा से उम्दा खाना खाया जाता है। मुसलमानों को अल्लाह ताला ने खुशियां मनाने के लिए एक त्योहार ईद की शक्ल में अता फरमाया है। जिसमे हुक्म है कि अच्छे से अच्छे कपड़े पहने जाएं और बेहतर से बेहतर खाना खाया जाए। एक दूसरे को मुबारकबाद दी जाए. ईद का दिन गले लगाने का दिन है। मिलने- मिलाने का दिन है। गरीबों, यतीमों और जरूरतमंदों की खबरगिरी का दिन है।

**मौसम**

### तापमान 42 डिग्री पहुंचने के बाद

# पलामू में हुई बारिश, भीषण गर्मी से मिली राहत



### कई इलाकों में बारिश की वजह से बिजली गुल होने के कारण लोगों को हुई परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में तापमान 42 डिग्री पार कर गया था। लेकिन शुक्रवार को जब मौसम ने करवट ली तो लोगो ने राहत की सांस ली।पिछले काफी दिनों से तापमान में वृद्धि के चलते इलाके में भीषण गर्मी से जिलावासियों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया था। शुक्रवार देर शाम हुई बारिश से लोगो को गर्मी से राहत मिली। जिले में कई जगह झमाझम तो कहीं हल्की बारिश हुई। इससे मौसम सुहावना हो गया। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई है। शुक्रवार को दिनभर चिलचिलाती गर्मी से लोगों का हाल बेहाल रहा। दोपहर तीन बजे के बाद आसमान में बादल छाना शुरू हो गए। देखते ही देखते आसमान बादलों से ढक गया और ठंडी हवाएं चलने लगीं। शुक्रवार की शाम पांच बजे तक जहां धूप थी,वहीं शनिवार को लगभग दिन भर बादलों का डेरा आसमान में छाया रहा। हालांकि, कई इलाकों में बारिश के चलते बिजली गुल होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पलामू में मौसम का मिजाज बदल चुका है। मौसम विभाग ने पलामू सहित कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है।

### दो से तीन दिनों तक बारिश के आसार

मौसम विभाग के अनुसार रविवार से लेकर बुधवार तक बारिश की संभावना जताई है। बारिश के कारण जहां लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी, वहीं दिन के वक्त तापमान भी गिरेगा। लेकिन उसके बाद दोबारा गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा और दिन भर लोगों को गर्म हवाओं का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, इस दौरान तापमान 35 से 38 डिग्री के बीच ही रहेगा।खराब मौसम को देखते हुए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है।विभाग ने लोगों से इस मौसम में सतर्क और सावधान रहने की अपील की है। साथ ही पेड़ के नीचे और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी गई। इसके अलावा किसानों से भी अपील की गई कि इस मौसम में वे खेतों में ना जाए, मौसम के सामान्य होने तक का इंतजार करें।

# पुलिस ने जेजेएमपी के सक्रिय सदस्य को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।**पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निदेर्शानुसार रामगढ़ थाना की पुलिस ने जेजेएमपी नक्सली संगठन के सक्रिय सदस्य सुरेंद्र राम उर्फ सुमंत मोची को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार नक्सली सुमंत मोची पर रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह गाँव मे कृष्णा मोची के घर मे घुसकर लेवी मांगने और मारपीट करने आरोप है। गुप्त सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर तुलसीदास मुंडा और रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई कर नक्सली सुमंत मोची को गिरफ्तार किया गया।आपको बता दे कि 28 जुलाई 20121 में नक्सली सुमंत मोची के द्वारा कृष्णा मोची के साथ लेवी मामले के बाद संगठन के सभी सदस्य कोकाडू के जंगल मे



रात गुजार रहे थे तभी सुबह 4 बजे गोलियां चलने लगी और उसी दौरान सभी नक्सली इधर उधर भागने लगे और नक्सली सुमंत मोची को पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। उसके बाद नक्सली सुमंत मोची को दस्ता से निकाल दिया गया। । जिसके बाद गुप्त सूचना पर 21 अप्रैल को पुलिस ने लातेहार जिले के मनिका थाना के सहयोग से नक्सली सुमंत मोची को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## NEWS इन ब्रीफ

### मौसम बदलने से मिली गर्मी से राहत

**सेन्हा।** दोपहर के बाद अचानक मौसम बदलने से लोगों को गर्मी से मिला राहत एक सप्ताह पूर्व गर्मी बढ़ने के बाद शनिवार को हल्की बूंदाबांदी के साथ बारिश होने से लोगों को राहत मिली। करीब 3 से 4 घंटे तक आसमान में बादल छाने के उपरान्त बारिश हुई। जिसे तापमान लगभग 15 डिग्री कम हुआ। भीषण गर्मी में भी लोगों को ठंडा का महसूस हुआ। प्रखंड क्षेत्र के आसपास में दोपहर करीब 2 से शाम 5:30 बजे तक बूंदा बूंदी के साथ बारिश हुआ। बारिश के कारण तापमान कम होने से लोगो को बहुत राहत महसूस हुआ। वर्षा के बाद मौसम सुहाना हो गया।

### बिजली बिल ब्याज माफी योजना का उठाएं लाभ

**सेन्हा।** बिजली बिल ब्याज माफी योजना के तहत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बिजली उपभोगताओं के बीच विभाग द्वारा जनहित में प्रचार प्रसार के माध्यम से प्रसारण किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग के द्वारा प्रचार प्रसार के माध्यम से बिजली बिल ब्याज माफी योजना का लाभ की जानकारी देते हुए प्रखंड वासियों को अवगत कराया गया।

### शीतल पियाऊ की शुरुआत की गई

**सिमडेगा।** अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयंती के मौके पर महावीर चौक सिमडेगा में बाबा अखाड़ा सिमडेगा के द्वारा राहगीरों एवं आम जनों के लिए शीतल पियाऊ की व्यवस्था की गई शनिवार को इसकी शुरूआत रामनवमी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा के द्वारा विधिवत रूप से पूजन पाठ कर इसकी शुरूआत की गई।

### भिखारिएट वार्षिक अधिवेशन शुरू हुआ

**कुरडेग।** इंडियन काथलिक यूथ मूवमेंट सिमडेगा के कुरडेग भिखारिएट वार्षिक अधिवेशन का हुआ शुभारंभ। इंडियन काथलिक यूथ मूवमेंट सिमडेगा धर्मप्रान्त के कुरडेग भिखारिएट युवा संघ का वार्षिक अधिवेशन कुरडेग पल्ली में आयोजित की गई। जिसमें कुरडेग भिखारिएट अंतर्गत कुरडेग, टैंसेर, झुनकाछाप्पार, पाकरटोली, झारैन और ढींगुरपानी पल्ली के युवा संघ के सदस्य सामिल हुए। कार्यक्रम में कुरडेग पल्ली के युवाओं ने पारंपरिक तरीके से अतिथियों का स्वागत किया।

### पोल से गिरकर घायल हुआ बिजली मिस्त्री

**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड क्षेत्र में बिजली खराबी को ठीक करने के दौरान बिजली पोल में करंट से झटका लगने की वजह से गिरकर 32 वर्षीय बिजली मिस्त्री विश्राम समद गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। साथी बिजली द्वारासदर अस्पताल सिमडेगा लाया गया जहां पर उसकी इलाज चल रही है। घटना के संबंध में मिली विश्राम देर रात आंधी की वजह से आई खराबी बिजली को ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ा हुआ था इसी दौरान अचानक बिजली करंट की रिटर्निंग लगने की वजह से वह पोल से गिर गया।

## लोहरदगा में ईदगाह और मस्जिदों में नमाज के लिए उमड़ी भीड़

# उल्लास से मना ईद का त्योहार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले में ईद का त्योहार सौहार्द और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोहरदगा शहर के ईदगाह सहित ग्रामीण क्षेत्रों के तमाम ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा की गई। इस मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। पूरे जिले की संवेदनशील जगहों को 26 जोन में बाटा गया था। इसकी कमान एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने संभाल रखी है। लोहरदगा ईदगाह में बड़ी संख्या में इस्लाम धर्मावलंबी नमाज अदा करने पहुंचे। गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि ईद प्रेम और सौहार्द का त्योहार है। हम सभी देश और समाज में अमन-चैन और खुशहाली की कामना कर रहे हैं।



### भंडरा प्रखंड में शांति से मना ईद का त्योहार

**भंडरा।** प्रखंड में शनिवार को आपसी भाई चारगी व सौहार्दपूर्ण माहौल में ईद का त्योहार मनाया गया। शनिवार को प्रखंड के भंडरा, आकाशी, कुम्हारिया, तेतरपोका, मसमानो, अम्बेरा, उदरंगी आदि गावों में मुस्लिम धर्मलाम्बियों ने अपने पैगंबर से क्षेत्र व देश की अमन चैन व तरक्की की दुआ मांगी। भंडरा पुलिस प्रशासन त्योहार मे किसी तरह की खलाल ना हो इसके लिए भंडरा पुलिस पुरी तरह मुस्तैद थी। थाना प्रभारी गौतम कुमार पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाये हुये थे।

### कुडू में हर्षोल्लास से मनी ईद उल फितर

**कुडू।** कुडू प्रखंड में ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार 21 अप्रैल की सुबह बच्चे, बुजुर्ग और नवजवान लोग नये कपड़े पहनकर नमाज स्थल ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचे। कुडू हमीद नगर स्थित ईदगाह में सुबह आठ बजे मौलाना हसीब कासमी साहब की अगवाई में लोगों ने अकीदत के साथ नमाज अदा की। इसके अलावा सुन्दरु, बड़की चापी, चिरी, जिमा, चंडू, पंडरा, हेंजला, फुलसुरी, ककरगढ़, चन्दलासो सहित प्रखंड की तमाम ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गयी। लोगों ने अपने और परिवार के साथ ही मुल्क की तरक्की व खुशहाली के लिये दुआ मांगी और एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान खासकर बच्चे बेहद उत्साहित दिखे। दिन भर दावतों का दौर चलता रहा। ईद की नमाज को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मस्जिदों की ओर आने वाले सभी रास्तों के अलावा संवेदनशील स्थानों पर भी पुलिस के जवान तैनात रहे। बीडीओ मनोरंजन कुमार, सीओ प्रवीण कुमार सिंह, थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह क्षेत्र भर्मण कर स्थिति का जायजा लेते रहे।

### कैरो में खुशियों का त्योहार मनाया गया

**कैरो :** ईद उल फितर का त्योहार प्रखंड क्षेत्र में हर्षउल्लास के साथ मनाया गया। कैरो ईदगाह में नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और मुल्क की तरक्की-खुशहाली और अमन-चैन की दुआ मांगी गई। ईद की नमाज कैरो ईदगाह, उतका, गराडीह, नरौली, नगजुआ, चरिमा, नगड़ा, हनहट आदि गांवों में अदा की गई। मुख्य रुप से कैरो ईदगाह में जहां पर कैरो, नवाटोली, उतका, सढ़ाबे, चाल्हो आदि गांवों के लोग एक साथ मिलकर नमाज अदा की। मौके पर इमाम नुरुल हसन ने कहा कि ईद उन लोगों के लिए हैं जिन्होंने रमजान महीने के हक को अदा किया। ईद के मौके पर अल्लाह ताला रोजेदारों के गुनाहों को माफ कर देते हैं। इंसान सफेद कपड़े के मानिंद साफ हो जाता है। हमें भी चाहिये कि रमजान महीने का कद्र उसी तरह करनी चाहिये जैसा कि हमें हुक्म मिला है। त्योहार को लेकर प्रखंड, अंचल व थाना के द्वारा सुरक्षा के व्यपक इंतजाम किए गए थे। बाद नमाज कैरो मुख्य चौक में मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी के आजीवन सरपरस्त उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिन्गी के प्रधानध्यापक अलीरजा अंसारी, सेवानिवृत्त आर्मी जे एम एम जे, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अख्तर, नईम अंसारी, प्रेस रिपोर्टर समीद अंसारी, सकील अंसारी द्वारा पुलिस इंपेक्टर मंटू कुमार, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो व थाना प्रभारी हरिऔध करमाली से गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारबाद दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन महतो ने कहा कि इसी तरह मिलजुल कर सभी त्योहार को मनाएं। मौके पर ईदगाह कमिटी के सदर मुबारक हुसैन, अनीश अहमद, नाजिर आलम खान, मुर्शिद आलम, जमील अख्तर, हारून रशीद, कयूम अंसारी, सरफराज अंसारी, मुमताज अंसारी, मनान खान, मोहसिन अंसारी, अमीन अंसारी आदि लोग मौजूद थे।



# सिमडेगा में उत्साह के माहौल के बीच मनाई गई ईद उल फितर

**विकास साहू। सिमडेगा**

जिले भर में शनिवार को अमन व मोहब्बत के पैगाम के साथ अकीदत के साथ इर्द मनाया गया। इस दौरान जिला मुख्यालय के ईदगाह, जामा मस्जिद टाउन में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। जिला मुख्यालय में स्थित ईदगाह में नमाज के वक्त बड़ी संख्या में धर्मावलंबी पहुंचे। जहां सबों ने सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की। यहां पर धर्मगुरु के द्वारा धर्मावलंबियों को संदेश दिया गया। इधर नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। सिमडेगा प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार रजक अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रवि प्रकाश उत्पाद अधीक्षक जितेंद्र कुमार सब इंस्पेक्टर राज कपूर सेठ ने भी सभीं को ईद की शुभकामनाएं दी। इधर ठेठईटांगर जामा मस्जिद में हाफिज मौलाना मो मोख्तार ने लोगों को नमाज पढ़ाया। ईद की नमाज को लेकर शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ईदगाह एवं मस्जिदों के पास पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इसके अतिरिक्त नमाज के वक्त यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप बनाए रखने के लिए रूट को डायवर्ट किया गया था।वहीं पुलिस पदाधिकारी यातायात व्यवस्था को संभालने में जुटे रहे।



### मना ईद का त्योहार

**ठेठईटांगर।** प्रखंड में शनिवार को अकीदत के साथ ईद उल फितर का त्योहार मनाया गया। इस दौरान शुक्राना की नमाज अदा करने के उपरांत लोगों का एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई देने का सिलसिला चला। इस दौरान लोग एक-दूसरे के घरों में जाकर लजीज व्यंजन का लुत्फ भी लिया। साथ ही सभी ने एक दूसरे को ईद की बधाई दी। नमाज के दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस भी तत्पर रही। थाना प्रभारी बृज कुमार पुलिस बल के साथ मस्जिद के बाहर तैनात रहे।

### कुरडेग में मांगी गई अमन-चैन की दुआ

**कुरडेग।** कुरडेग प्रखंड स्थित जामा मस्जिद में हाफीज तबसीर आलम एवं रजा मस्जिद में मौलाना हसनैन रजा की ईमामत में ईद की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज तबसीर आलम ने नमाज से पूर्व अपने संदेश में देश में अमन और भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया। ईद की नमाज अदा कर लोगों ने दुआ ए खैर मांगी। वहीं ईद की नमाज अदायगी के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिल कर ईद की बधाई दी। दोस्त अजीज गले मिलकर खुशियों में शामिल होने के लिए आतुर दिखे। इस दौरान सुरक्षा ब्यवस्था तगड़ी रही। एस आई नरेश मरांडी सुबह से ही जामा मस्जिद के पास दल बल के साथ मौजूद रहे। वहीं डीएसपी पतरस बरवा ने सुरक्षा व्यस्था का जायजा लेते रहे।



# अगलगी से मकान राख बाल-बाल बचा परिवार

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत ग्राम निवासी ईश्वर महली के पुत्र संतोष महली का खपरैल मकान में देर रात आग लग गई। बगल में राजेन्द्र महली का घर में भी आग की चपेट में आ गयाा। वहीं पीड़ित परिजनों के शोर गुल से स्थानीय ग्रामीण ने रात में उठकर आग बुझाने की दिशा में कदम उठाया। अगलगी की सूचना पर भड़गांव पंचायत मुखिया अनिल उरांव ने तत्प्रता दिखते हुए घटना की सूचना देर रात थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को दी। वहीं मुखिया की पहल से ग्रामीणों का सार्थक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। आग



लगने का कारण का पता नहीं चला। बताया जाता है कि दो माह पूर्व बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। आखिर अगलगी कैसे हुई इस बिंदु को लेकर जांच जारी है। घटना की सूचना शनिवार को अंचलाधिकारी विजय कुमार को मिलते ही भड़गांव पहुंच पीड़ित परिवार से मुलाकात कर अगलगी का जायजा लिया।

### बज्रपात की चपेट में आने से मवेशी की मौत

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट में बज्रपात से एक मवेशी की मौत होने से गौ पालक किसान को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा। बज्रपात की सूचना पर पंचायत मुखिया राजश्री उराँव पहुंच घटना का जायजा लेते हुए विभाग से आर्थिक सहयोग प्रदान करवाने का आश्वासन गौ पालक किसान को दिया। बताया जाता है कि अचानक मौसम का बदलते ही बारिश के साथ आकाशीय बिजली का गर्जन हुआ जिसकी चपेट में गौ पालक किसान स्व अयुब अंसारी के पुत्र हबीब अंसारी का खेत में बंधी गाय के आने से मौके पर ही मृत्यु हो गई। हबीब अंसारी ने बताया कि तीनों मवेशी को चरने के लिए खेत में सुबह से बांध रखा था।

# मदर टेरेसा कॉलेज बानो में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में शनिवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा ने कहां कि पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल 1970 ई. से पूरे विश्व में मनाया जा रहा है, जो पूरे विश्व में पर्यावरण को लेकर सजग है। निदेशक ने जंगल बचाने और प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया तथा सभी छात्राओं को संकल्प दिलाया कि वे अपने हर त्योहारों में शुभ अवसरों में एक एक पेड़ जरूर लगाएं।

मंच का संचालन करते हुए कोर्डिनेटर रविकांत मिश्रा ने इस पर




प्रकाश डालते हुए कहा कि आज अंधाधुन जंगलों की कटाई से ऑक्सीजन की कमी हो रही है और प्रदूषण बढ़ रहा है इसलिए हम लोगों को सजग होकर अपने पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। प्राचार्या संगीता कुमारी ने भी इस पर अपने विचार रखे । आज पृथ्वी दिवस के मौके पर निदेशक प्रहलाद मिश्रा एवं डिप्टी डायरेक्टर बिल्लू अग्रवाल ने कॉलेज कैंपस में पौधारोपण किया। इस मौके पर ट्यूटर प्रभा सूरीन, अलविना तोपनो ,रश्मि बाड़ा , लीला कुमारी, निभा खलखो मटिल्दा तिर्की प्रिया कुमारी लीलावती साहू एवं सभी छात्राएं मौजूद थे।

### जलमीनार में लगने वाले चार प्लेट चोरी

**जलडेगा।** ओडगा ओपी क्षेत्र अंतर्गत कुटुंगिया पंचायत में जल जीवन मिशन द्वारा कार्य किए जा रहे सोलर जलमीनार के चार प्लेट को पंचायत परिसर से ही चुराकर अज्ञात चोरों द्वारा मैनागड़ा नाला के पानी में छुपा दिया गया था।

इसकी जानकारी तब हुई जब गांव के एक व्यक्ति अपने भैंसों को पानी पिलाने के लिए नाला में ले गया, जैसे ही भैंस पानी में घुसे प्लेट पर पैर पड़ते ही फिसलने लगे। जिसके बाद व्यक्ति ने देखा की पानी अंदर चार प्लेट रखा हुआ है। पंचायत की मुखिया जानकी देवी को जानकारी मिलते ही तुरंत नाला के पास जाकर ग्रामीणों की उपस्तिथि और सहयोग से चारों प्लेट को पानी से निकलवाया और अपने साथ वापस ले आई।

## आस्था | हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया

# धूमधाम से मना हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शहरी क्षेत्र के जयनाथपुर में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम मनाया गया। मंदिर में पूजन हवन कार्यक्रम पुरोहित बसन्त पाठक, संजीत पाठक की अगुवाई में किया गया। शनिवार सुबह लगभग आठ बजे से मंदिर में पूजन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इसके बाद सुंदरकांड पाठ किया गया। दोपहर में हवन पूणार्हुति व महाआरती के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे का प्रसाद खाने के लिए श्रद्धालु दोपहर से ही जुटने लगे थे। देर रात तक भंडारा चलता रहा। लोग कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय गीत लहरियां बज रही थी। राम सियाराम सियाराम जय जय राम की आकर्षक व आनन्दमय धुन बज रही थी। इससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था।

गौरतलब है कि मंदिर की स्थापना 22 अप्रैल 2016 को हुई थी। मंदिर परिसर में रामदूत




हनुमान जी के अलावे भगवान शिव, पार्वती व गणेश जी की मूर्ति स्थापित है। मंदिर कमिटी के प्रवीण कुमार महतो, अभय कुमार महतो ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इसके लिए आसपास के लोगो का हम सब सहृदय से धन्यवाद देते हैं। मौके पर श्वेता देवी,ममता कुमारी, सीता कुमारी, वार्ड पार्षद संगीता कुमारी, निशांत कुमार, मदन उराव, संतोष उराव,सरोज उराव,विकास उराव, नीरज कुमार, ललिता कुमारी, प्रेमा देवी, आर्यन कुमार, अनिता कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

### भागवत कथा महोत्सव का आयोजन 28 से

**लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड के पतगच्छा गांव में आगामी 28 अप्रैल से लेकर चार मई तक कल्याण रुद्र महायज्ञ शिवलिंग प्रतिष्ठा श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अनुष्ठान को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान किया जा रहा है। आयोजक टीम में शामिल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि इस अनुष्ठान में कई विद्वान शामिल होंगे। अनुष्ठान के तहत 28 अप्रैल को सर्व प्रायश्चित जल यात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अग्नि स्थापना, 29 मई को देवताओं का आवाह्न, प्रतिष्ठा पूजन, हवन, तीन मई को शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा और चार मई को यज्ञ पूणार्हुति एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक दिन श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भी होगा। इसके अलावे रासलीला का आयोजन भी किया जाएगा।

### पितृ भक्ति के श्रेष्ठ उदाहरण हैं भगवान परशुराम : चंद्र मोहन

**लोहरदगा।** भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव शनिवार को लोहरदगा के सेन्हा ठाकुरबाड़ी परिसर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा मनाया गया। सभी लोगों ने भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम भगवान की पूजा अर्चना की और देश और समाज के कल्याण और विकास की कामना की। इस अवसर चंद्र मोहन पाठक ने कहा कि भगवान परशुराम का उल्लेख रामायण, महाभारत और कल्कि पुराण में है। वह महर्षि जमदग्नि और रेणुका की संतान हैं। मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम का प्राकट्य काल प्रदोष काल में था और वह आठ चिरंजीवी पुरुषों में एक हैं। वह आज भी इस धरती पर मौजूद हैं। इनके अलावा महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, राजा बलि, हनुमान, विभीषण कृपाचार्य और ऋषि मारकंडेय आज भी इस धरती पर विचरण कर रहे हैं।

# 10 साल बाद ईसाई धर्म से सरना धर्म में वापसी



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

ईसाई धर्म अपनाकर 10 वर्षों तक ईसाई धर्म का अनुपालन करने के बाद सरना धर्म में वापस लाया गया। इस संबंध में सनिया उरांव एवं शुकरी उरांव ने बताया कि ईसाई धर्मावलंबियों के द्वारा कई तरह का प्रलोभन देकर ईसाई धर्म में मुझे लाया गया था। ईसाई धर्म अपनाने के बाद मुझे प्रलोभन के अनुसार कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ। बाद में मुझे अपने किए गलती का एहसास होने लगा और मैं सरना धर्म में वापस आने के लिए अपना निर्णय ले लिया ।इस बात की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने मुझे सरना धर्म मे वापस लाने का निर्णय लिया ।मैं ईसाई धर्म से वापस सरना धर्म में आया हूं। भंडरा प्रखंड क्षेत्र के उदरंगी पंचायत अंतर्गत हाटी कुंबटोली गांव का निवासी सनिया उरांव अपनी पत्नी के साथ 10 वर्ष पहले धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपना लिया था।

# गुणवत्तायुक्त उत्पाद प्रदान कर उपभोक्ताओं की धारणा बदली : गुप्ता



**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड बोल्ट ऑडियो के सह-संस्थापक और सीईओ वरुण गुप्ता ने शनिवार को कहा कि उन्होंने उचित मूल्य पर प्रीमियम गुणवत्ता प्रदान करके व बहुत तेजी से कच्चे माल का स्थानीयकरण कर घरेलू उपभोक्ताओं की धारणा बदल दी है। 2022 में, बौल्ट ऑडियो न केवल प्रमुख बाजारों में हर 7 सेकंड में एक टीडब्ल्यूएस बेचकर भारत का दूसरा सबसे बड़ा ऑडियो ब्रांड बन गया, बल्कि एक प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट पर सबसे तेजी से बिकने वाली और सबसे ज्यादा रेटिंग वाली स्मार्टवॉच ब्रांड बनकर स्मार्टवॉच बाजार पर हावी हो गया। गुप्ता ने आईएएनएस को बताया, चूंकि चीनी कंपनियों ने हमेशा कम कीमतों के साथ प्रयोग किया है, उपभोक्ताओं का उनके उत्पादों को खरीदने की ओर झुकाव है। हमारी कीमतें एक असाधारण मूल्य प्रस्ताव का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम उपभोक्ताओं को घरेलू स्तर पर उत्पादित वस्तुओं को कमजोर करने से रोकने में सफल रहे हैं। पहले उपभोक्ताओं का मानना था कि भारतीय उत्पादों में पर्याप्त गुणवत्ता की कमी है, हालांकि, बौल्ट ऑडियो ने उचित मूल्य पर प्रीमियम गुणवत्ता प्रदान करके इस धारणा को बदल दिया है। अमेजॅन और फ्लिपकार्ट पर लगभग दो मिलियन सत्यापित ग्राहक मूल्यांकन के साथ, बौल्ट ऑडियो ने भारतीय उपभोक्ताओं के बीच एक विश्वसनीय ब्रांड बनने का मार्ग प्रशस्त किया है। गुप्ता ने आईएएनएस से कहा, हम अपने 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत इस साल के अंत तक 70 प्रतिशत कच्चे माल और 2024 के अंत तक 80 प्रतिशत कच्चे माल का स्थानीयकरण करने का इरादा रखते हैं। कंपनी ने देश भर में लगभग 2 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया है, और हमारे 90 प्रतिशत से अधिक उत्पाद विशेष रूप से देश में निर्मित होते हैं। गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में, वे मौजूदा उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स श्रेणियों, यानी ऑडियो और स्मार्टवॉच का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने बताया, हमारा प्रयास स्मार्टवॉच श्रेणी के विस्तार पर केंद्रित होगा, जो तीव्र गति से बढ़ रहा है। हम इस बाजार के विस्तार को भुनाने और कंपनी को पहनने योग्य बाजार में एक नेता के रूप में स्थापित करने की उम्मीद करते हैं। ऑडियो और स्मार्टवॉच श्रेणियों के बीच मौजूदा राजस्व विभाजन 80:20 है, जो दर्शाता है कि 80 प्रतिशत राजस्व ऑडियो श्रेणी से आया है, इसमें टीडब्ल्यूएस, नेकबैंड आदि शामिल हैं, जबकि शेष 20 प्रतिशत स्मार्टवॉच से आता है। गुप्ता ने बताया, हम ऑनलाइन मार्केटप्लेस में गहराई से प्रवेश करने का इरादा रखते हैं। इसमें योगदान देने के लिए, हम अपने डी2सी प्लेटफॉर्म को बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, आगे बढ़ते हुए, हमें उम्मीद है कि सरकार का समर्थन बढ़ेगा।

### केंद्र सरकार ने अरुणाचल प्रदेश को दी सौगात

# 2,600 से अधिक 4जी टावरों को मिली मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के सुदूरवर्ती इलाकों, खासकर अग्रिम इलाकों में अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी मुहैया कराने के लिए सरकार ने 2,675 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ अरुणाचल प्रदेश में 3,721 से अधिक गांवों को कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 2,605 4जी मोबाइल टावरों को मंजूरी दी है। ये 254 4जी मोबाइल टावर 22 अप्रैल को संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा राष्ट्र को समर्पित किए जाएंगे। टावर अब तक अछूते गांवों में 4जी कवरेज प्रदान करेंगे, जिससे 336 गांवों को डिजिटल कनेक्टिविटी मिलेगी, जिसमें कई क्षेत्र शामिल हैं जो कई दशकों से असंबद्ध रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि 70,000 से अधिक ग्राहकों को



लाभ होगा और अपेक्षित डेटा उपयोग हर महीने 40 टेरा बाइट को पार कर सकता है। विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के माध्यम से अरुणाचल प्रदेश के लिए हाई-स्पीड नेटवर्क कनेक्टिविटी तक पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।

# यस बैंक के मुनाफे में बड़ी गिरावट

### चौथी तिमाही में नेट प्रॉफिट 45 फीसदी तक घटा





**एजेंसी। नई दिल्ली**

निजी सेक्टर के दिग्गज बैंक यस बैंक का रिजल्ट अच्छा नहीं रहा है। यस बैंक के लिए मार्च 2023 मिली-जुली रही है। जनवरी-मार्च 2023 में यस बैंक का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर गिरा है। हालांकि तिमाही आधार पर बंपर बढ़ा भी है। निजी क्षेत्र के यस बैंक ने शनिवार को बताया कि बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा 45 प्रतिशत घटकर 202 करोड़ रुपये रह गया। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान उसका शुद्ध लाभ 32.7 प्रतिशत घटकर 717 करोड़ रुपये रहा। यस बैंक ने कहा कि कर्ज के लिए प्रावधान बढ़ाने के चलते मार्च तिमाही और पूरे वित्त वर्ष के दौरान उसके मुनाफे पर असर पड़ा। समीक्षाधीन तिमाही में यस बैंक की शुद्ध ब्याज आय 15.4 प्रतिशत बढ़कर 2,105 करोड़ रुपये हो गई। इस तरह गैर-ब्याज आय 22.8 प्रतिशत बढ़कर 1,082 करोड़ रुपये रही। बैंक ने कहा कि यह लगातार दूसरा साल है, जब वह मुनाफा दर्ज करने में सफल रहा है। इधर यस बैंक के रिजल्ट से पहले ही इसके शेयरों में गिरावट देखने को मिली थी। बीते शुक्रवार को कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन यस बैंक के शेयरों में गिरावट रही थी। यस बैंक के शेयर एक फीसदी से ज्यादा लुढ़कर 16.22 रुपये प बंद हुए थे। यस बैंक का 52 सप्ताह का लो लेवल 12.26 रुपये है। वहीं 52 सप्ताह का उच्च स्तर 24.75 रुपये है। यस बैंक का मार्केट कैप 46628 करोड़ है। साल दर साल आधार पर यस बैंक के शेयर ने 25.08 फीसदी का निगेटिव रिटर्न दिया है। पिछले तीन महीनों में निवेशकों को करीब 18 फीसदी का निगेटिव रिटर्न मिला है। हालांकि एक महीने से शेयरों में थोड़ा उछाल आया है, लेकिन यह काफी कम है। इधर एक्सपर्ट्स ने सोमवार को यस बैंक के शेयरों में और गिरावट देखे जाने की संभावना जताई है। पिछले सप्ताह शेयरों में हल्के उछाल के साथ बाद में गिरावट देखी गई थी।

### यात्री और माल वाहक ईवी के लिए

# 633 करोड़ रु. का ऋण मंजूर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

5,000 यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों को दिल्ली में तैनात किया जा रहा है, इसके परिणामस्वरूप एक लाख टन के बराबर कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन बचाया जा सकेगा। देश में विद्युत क्षेत्र की अग्रणी एनबीएफसी और महारत्न कंपनी पॉवर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) ने जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (जीईएल) को 5,000 यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और 1,000 माल वाहक इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये 633 करोड़ रुपए का ऋण मंजूर किया है। केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय का कहना है कि ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी प्रा. लि. (बीएमपीएल) को उसकी टैक्सी सेवा विस्तार हेतू पट्टे पर यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों को दिया जायेगा। ऋण की पहली किस्त जारी की जा चुकी है और इलेक्ट्रिक टैक्सियों की पहली खेप भी दिल्ली की सड़कों पर उतर चुकी है। पीएफसी के सीएमडी रविन्दर सिंह ढिल्लों ने ईवी की पहली खेप को रवाना करने के अवसर पर कहा, देश में ई-मोबिलिटी को अपनाने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है, और हमारा मानना है कि इस क्षेत्र में काफी संभावनाए हैं। इस वित्तपोषण के जरिए पीएफसी ने भारत के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबद्ध योगदान (एनडीसी) लक्ष्य में योगदान का प्रयास किया है। यह देश में परिवहन के एक स्वस्थ और टिकाउ तरीके को अपनाने की दिशा में काफी अहम साबित होगा।

# गूगल में छंटनी के बीच सीईओ ने 2022 में 226 मिलियन डॉलर कमाए



**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट में नौकरियों में कटौती के बीच इसके सीईओ सुंदर पिचाई को 2022 में करीब 22.6 करोड़ डॉलर का भारी भरकम वेतन मिला।यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) के साथ टेक दिग्गज की फाइलिंग के अनुसार, पिचाई की कमाई में लगभग 218 मिलियन डॉलर के स्टॉक अवार्ड शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिचाई का वेतन पिछले तीन सालों से 20 लाख डॉलर पर स्थिर बना हुआ है। 20 जनवरी को गूगल के सीईओ ने कर्मचारियों को लिखे एक पत्र में पुष्टि की कि वैश्विक स्तर पर लगभग 12,000 लोगों की छंटनी की जाएगी, जो कुल कार्यबल का 6 प्रतिशत से अधिक है। छंटनी के बीच, तकनीकी दिग्गज गूगल ने अपने मौजूदा कर्मचारियों के लिए मुफ्त स्नैक्स समेत अनेक स्तरों पर कटौत कर रहा है। कंपनी की रसोई इन दिनों में बंद कर दी गई है। एक इंटरनल मेमो के मुताबिक, कंपनी ने लैपटॉप जैसे पर्सनल इक्विपमेंट पर खर्च भी बंद कर दिया है। टेक दिग्गज गूगल ने भी अपने कर्मचारियों को एक ईमेल के माध्यम से सूचित किया कि पिछले साल की तुलना में इस साल कम कर्मचारियों को पदोन्नत किया जाएगा। गूगल इंडिया ने 400 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया और कुछ प्रभावित कर्मचारियों ने अपनी पीड़ा को साझा करने के लिए लिंक्डइन का सहारा लिया।

# लिफ्ट व डेलाइट ने की छंटनी की घोषणा

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

वैश्विक वित्तीय सलाहकार फर्म डेलॉयट ने अमेरिका में करीब 1,200 नौकरियों में कटौती करेगी। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, डेलॉइट के रिस्क और फाइनेंशियल एडवाइजरी डिवीजन में कर्मचारियों की संख्या में तीन फीसदी की कटौती होगी।शुक्रवार को, राइड-हेलिंग फर्म लिफ्ट ने सवार और ड्राइवरों की बेहतर जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पुनर्गठन के हिस्से के रूप में टीम के आकार को कम करने की घोषणा की। रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी के 4 हजार कर्मचारियों में से 30 फीसदी प्रभावित हो सकते हैं। लिफ्ट के सीईओ डेविड रिशर ने कहा कि मैं इस निर्णय की जिम्मेदारी लेता हूं, और समझता हूं कि इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी। हम सिर्फ टीम के सदस्यों के बारे में बात नहीं कर रहे हैं, हम उन लोगों के साथ संबंधों के बारे में बात कर रहे हैं जिन्होंने एक साथ सालों तक काम किया है। प्रभावित होने वालों को कम से कम 10 सप्ताह का वेतन मिलेगा। लिफ्ट की ताजा छंटनी 27 अप्रैल को होगी। कंपनी ने पिछले साल नवंबर में अपने 13 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की थी। सीईओ ने कहा, हमें एक तेज और मिलनसार कंपनी बनने की जरूरत है।

## विदेश

### पाक में सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना शनिवार तड़के हुई। बताया जा रहा है कि प्रांत के लोधरन जिले में सड़क के किनारे स्थित स्लम एरिया में एक ट्रेलर जा घुसा। शुरूआती रिपोर्ट्स के अनुसार, वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले ट्रेलर चालक को नींद की झपकी आ गई थी। पुलिस ने कहा कि मरने वालों में चार महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं, जबकि ट्रेलर चालक घायल लोगों में शामिल है, जिसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### इंडोनेशिया में 6.4 तीव्रता से आया भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के दक्षिणपूर्व सुलावेसी प्रांत में शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.4 मापी गई। राहत की बात यह रही कि सुनामी नहीं आई। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी बीएमकेजी ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने बीएमकेजी के हवाले से बताया कि भूकंप दोपहर 3 बजकर 23 मिनट, जकार्ता समय (0823 जीएमटी) पर आया, जिसका अधिकेंद्र वाकाटोबी रीजेंसी से 227 किमी उत्तर पूर्व में स्थित था और समुद्र के नीचे 32 किमी की गहराई में था। मौसम एजेंसी के मुताबिक, इस भूकंप के बाद सुनामी की कोई संभावना नहीं है।

### इसरो ने जीसैट-12 उपग्रह को किया नष्ट

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पिछले महीने पोस्ट मिशन डिस्पोजल (पीएमडी) ऑपरेशन में संचार उपग्रह जीसैट-12 को नष्ट कर दिया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, जीसैट-12 का पोस्ट मिशन डिस्पोजल ऑपरेशन 23 मार्च को पूरा हो गया था। इसरो ने कहा कि जीसैट-12 डीकमीशनिंग से पहले पीएमडी से गुजरने वाला 23वां जियोसिंक्रोनस अर्थ ऑर्बिटल (जीईओ) उपग्रह था। 12 विस्तारित सी बैंड ट्रांसपोंडर ले जाने वाला उपग्रह 15 जुलाई, 2011 को लॉन्च किया गया था। यह मार्च 2021 तक 83 डिग्री ई देशांतर पर स्थित था। 2020 में इसके प्रतिस्थापन उपग्रह सीएमएस-01 के प्रक्षेपण के बाद, इसे बाद में 47.96 डिग्री ई देशांतर पर स्थानांतरित कर दिया गया था।

### अमेरिका में इंफ्लुएंजा मचा रही तांडव

# 19 हजार से ज्यादा मौतें

**एजेंसी। वाशिंगटन**

दुनिया के सबसे संपन्न व शक्तिशाली देशों में से एक अमेरिका में कोरोनावायरस ने लाखों लोगों की जिंदगियां लील ली थीं। वहां अब भी कोरोना के केसेस मिल रहे हैं। हालांकि, इस सीजन में वहां फ्लू का प्रकोप ज्यादा दिख रहा है, जिसने करोड़ों लोगों को प्रभावित किया है। और, हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिकी सरकार के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में इंफ्लूएंजा के वायरस का प्रभाव बड़ा जानलेवा साबित हुआ है। इससे इस सीजन में अब तक 2.6 करोड़ लोग बीमार हुए हैं, और उनमें से 2 लाख 90 हजार लोग अस्पताल में भर्ती हुए हैं। वहीं, मौतों की बात करें तो 19 हजार से ज्यादा मौतें हुई हैं। सीडीसी की अधिकारिक वेबसाइट पर बताया गया है कि 15 अप्रैल को समाप्त हुए सप्ताह में फ्लू से पीड़ित लगभग 2,000 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीडीसी के आंकड़ों का हवाला देते हुए एक मीडिया चैनल ने बताया कि



इस सीजन में अब तक अमेरिका में फ्लू से 143 बच्चों की मौतें हुई हैं। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) द्वारा पेश किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि वहां इन्फ्लुएंजा (फ्लू) का प्रकोप बढ़ रहा है। इन्फ्लुएंजा (फ्लू) एक संक्रामक वायरल श्वसन रोग है जो इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होता है। इसके लक्षण बुखार, सिर दर्द, उल्टी, बदन दर्द आदि हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इन्फ्लुएंजा (फ्लू) को मौसमी फ्लू के रूप में भी जाना जाता है, इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होने वाली श्वसन प्रणाली का एक संचारी वायरल रोग है। यह फ्लू एक अत्यधिक संक्रामक वायरल संक्रमण है, जब लोग बात करते हैं, खांसते हैं या छींकते हैं तो ये वायरस संक्रमित व्यक्ति से स्वस्थ लोगों पर आ जाता है।

### अमेरिका में फैल रहा न्यू ऑमिक्रॉन सबवैरिएंट

**लॉस एंजेलिस।** यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका में एक नया ओमिक्रॉन सबवैरिएंट फैल रहा है, और देश भर में रिपोर्ट किए गए नए साप्ताहिक कोविड-19 मामलों में इसका हिस्सा लगभग 10 प्रतिशत है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सबवैरिएंट एक्सबीबी.1.16, जिसे आर्कटुरस कहा जाता है, सीडीसी द्वारा इसके वैरिएंट ट्रैकर में जोड़ा गया है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि आने वाले हफ्तों में प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, और यह देश में अगला प्रमुख कोरोनावायरस तनाव बन सकता है। सीडीसी के आंकड़ों से पता चलता है कि अत्यधिक संक्रामक ओमिक्रॉन सबवैरिएंट एक्सबीबी.1.5 अमेरिका में प्रमुख तनाव बना हुआ है और इस सप्ताह नए कोविड-19 मामलों में इसका हिस्सा लगभग 73.6 प्रतिशत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन एक्सबीबी.1.16 की निगरानी कर रहा है, जो भारत में हाल ही में कोविड-19 मामलों में वृद्धि में योगदान दे रहा है।

### यूएस सुप्रीम कोर्ट ने गर्भपात की गोली पर प्रतिबंध को किया खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली गर्भपात की गोली तक लोगों की पहुंच को बरकरार रखा है। इस फैसले के बाद यह दवा बाजार में उपलब्ध रह सकती है, जबकि निचली अदालत में मुकदमा जारी है। टेक्सास में एक संघीय न्यायाधीश द्वारा 7 अप्रैल को देश में आधे से अधिक गर्भपात में उपयोग किए जाने वाले एफडीए-अनुमोदित मिफेप्रिस्टोन को निलंबित करने का फैसला सुनाए जाने के बाद दवा के भविष्य पर सवाल उठाया गया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने एक विभाजित निर्णय में निचली अदालत द्वारा लागू मिफेप्रिस्टोन पर प्रतिबंधों को खारिज कर दिया, और यथास्थिति बनाए रखी। द गार्जियन ने बताया कि राष्ट्रपति ने फैसले की प्रशंसा की और कहा कि वह एफडीए की गोली की मंजूरी के साथ खड़े हैं। बाइडेन ने एक बयान में कहा, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के परिणामस्वरूप, मिफेप्रिस्टोन उपयोग के लिए उपलब्ध है। हम अदालतों में इस लड़ाई को जारी रखेंगे।

### दक्षिण अफ्रीका में 10 लोगों की हत्या के बाद मारा गया एक संदिग्ध, 2 गिरफ्तार

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के तटीय क्वाजुलु-नटाल प्रांत में एक परिवार के 10 लोगों की सामूहिक गोलीबारी में हत्या के मामले में एक संदिग्ध की गोली मारकर हत्या कर दी गई है और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया- कुछ बंदूकधारियों ने शुक्रवार सुबह प्रांत के पीटरमैरिट्जबर्ग के इम्बाली टाउनशिप में एक घर में घुसकर परिवार की सात महिलाओं और तीन पुरुषों की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की, जिसके परिणामस्वरूप गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने कहा- घटना स्थल से दो किलोमीटर से भी कम दूरी पर, फिर से गोलीबारी शुरू हो गई जहां पुलिस ने चार लोगों का सामना किया। पुलिस ने चार संदिग्धों में से दो को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी फरार हो गया, जबकि एक आरोपी को गोली मार दी गई।

## चिंता की विषय

### महिलाओं और लड़कियों पर गंभीर प्रभाव पर चिंता व्यक्त

# सूडान में यौन हिंसा के खिलाफ कार्रवाई का आग्रह

**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र महिला ने सूडान में जारी हिंसक संघर्ष के महिलाओं और लड़कियों पर गंभीर प्रभाव पर चिंता व्यक्त की है और यौन हिंसा के खिलाफ तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र महिला की कार्यकारी निदेशक सिमा बाहौस ने शुक्रवार देर रात एक बयान में कहा, सूडान में जारी संघर्ष पर गंभीर चिंता व्यक्त करने में संयुक्त राष्ट्र महिला हमारे भागीदारों के साथ है। जैसा कि सभी संकटों में होता है, सूडानी महिलाओं और लड़कियों के जीवन पर निश्चित रूप से इसका भयानक और प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, हम सूडान के लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उनका



समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बाहौस ने कहा कि यौन और लिंग आधारित हिंसा की खबरें पहले से ही सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा, मानवतावादी कार्यकर्ताओं, देखभाल करने वालों और संरक्षकों के रूप में सूडानी महिलाओं की ताकत एक प्रेरणा है। हमें युद्धविराम और शांति के लिए उनके आह्वान पर ध्यान देना चाहिए और उनके द्वारा किए जाने वाले हर काम में उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। बाहौस ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ ईद-उल-फितर के दौरान सूडान में तत्काल संघर्ष विराम का आग्रह किया, जो रमजान के इस्लामी पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है, ताकि आवश्यक मानवीय सहायता की निरंतर डिलीवरी और बातचीत की वापसी की अनुमति दी जा सके। सूडान के सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच जारी संघर्ष, जो पहली बार 15 अप्रैल को शुरू हुआ था, अब तक 400 से अधिक लोगों और लगभग 3,500 अन्य लोगों की जान ले चुका है। संयुक्त राष्ट्र महिला की अपील से एक दिन पहले, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने बताया था कि संघर्ष से हजारों गर्भवती महिलाएं खतरे में है।

# भारत यात्रा कश्मीरियों के बलिदान का अपमान...

### बिलावल के भारत यात्रा से पहले भड़की इमरान की पार्टी

**एजेंसी। पाकिस्तान**

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत दौरे पर आने वाले हैं। लेकिन इससे पहले पाकिस्तान में सियासत गरमा गई है। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री की भारत यात्रा से पहले निशाना साधा है। साथ ही बिलावल की भारत यात्रा को अंतरराष्ट्रीय एजेंडे का हिस्सा बताया है। बिलावल भुट्टो की भारत यात्रा का विरोध करते हुए पीटीआई के वरिष्ठ नेता फवाद चौधरी ने कहा कि भुट्टो की भारत यात्रा कश्मीरियों के बलिदानों का अपमान होगी। भुट्टो ऐसे समय में भारत जा रहे हैं जब दोनों देशों के बीच बातचीत पूरी तरह से बंद है और अब जम्मू-कश्मीर के पास 'विशेष राज्य' का



दर्जा भी नहीं है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में कड़वाहट बनी हुई है। साल 2014 के बाद ये पहला मौका है जब कोई पाकिस्तानी मंत्री भारत की धरती पर कदम रखेगा। भारत दौरे पर आ रहे बिलावल भुट्टो शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेंगे। बीते गुरुवार को पाकिस्तानी विदेश विभाग की प्रवक्ता मुमताज जाहरा बलोच ने जानकारी दी कि बिलावल भुट्टो भारत दौरे पर जाएंगे। इस बात पर पीटीआई नेता ने कहा कि कश्मीर मुद्दे को एक तरफ धकेलते हुए भारत के साथ सहयोग को प्राथमिकता देना एक अंतरराष्ट्रीय एजेंडे का हिस्सा है। बताते चलें कि पाकिस्तान हाल के दिनों में आर्थिक संकट से जूझ रहा है। ऐसे में पाकिस्तान के लिए अब भारत का सहयोग बेहद जरूरी हो गया है। इससे पहले भी पाकिस्तान की तरफ से मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने की बात कही गई थी। अब पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की भारत यात्रा को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

एक नजर इधर भी

## अध्यात्म का उदार चिंतन

**परम** सत्ता तक पहुंचने के विविध मार्ग बताये गये हैं। यह उदार चिंतन केवल भारत में हुआ। हिन्दुओं के सभी पंथ और उपासना पद्धति के प्रति सम्मान रखिये। इनका सांस्कृतिक सूत्र एक है। भारत में समय-समय पर संतों ने समरसता का ही संदेश दिया। अपने को एक मात्र श्रेष्ठ मानने का विचार भारतीय चिंतन में कभी नहीं रहा। वैदिककाल में कर्म आधारित व्यवस्था थी। ऐसे भी उदाहरण है जब ऋषि ने अपने पुत्र को ही ब्राह्मण नहीं माना था। स्वामी दयानन्द, स्वामी विवेकानंद और आचार्य श्रीराम शर्मा ने वैदिक आधार पर आडम्बर दूर करने के प्रयास किये। इन्होंने गायत्री मंत्र साधना का सबको अधिकार दिया। यह वैदिक अवधारणा है। यह हिन्दू दर्शन की विशेषता है। हमारे ऋषि कहते हैं मेरा चिंतन जहां तक गया, उसे प्रकट किया। लेकिन यह अंत नहीं है। प्रश्न और जिज्ञासा हिन्दू चिंतन की विशेषता है। समय समय पर संतो महापुरुषों ने समाज को जागरूक किया। ऐसे सभी लोगों का सम्मान करिये। उनसे सहमति असहमति हो सकती है। लेकिन इन सभी लोगों ने अपने-अपने ढंग से सामाजिक समरसता का ही संदेश दिया। परिस्थितियों और आस्था के अनुरूप जितना सम्भव हो, उतने का पालन करिये। माता-पिता के जीवनकाल में उनकी सेवा करिये। समाज और राष्ट्र के हितों के प्रतिकूल आचरण नहीं होना चाहिए। सामाजिक समरसता का भाव रहना चाहिए। उपासना पद्धति में अंतर होने से भी इस विचार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। भारत में तो प्राचीन काल से सभी मत पंथ व उपासना पद्धति को सम्मान दिया गया। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयः ही भारत की विचार दृष्टि है। निःस्वार्थ सेवा और सामाजिक समरसता भारत की विशेषता रही है। बंधुत्व शब्द हिंदुत्व की भावना के अनुरूप है। इस दर्शन में किसी सम्प्रदाय से अलगाव को मान्यता नहीं दी गई। विविधता के बाद भी समाज एक है। भाषा,जाति, धर्म, खानपान में विविधता है। उनका उत्सव मनाने की आवश्यकता है। कुछ लोग विविधता की आड़ में समाज और देश को बांटने की कोशिश में जुटे रहते हैं। लेकिन भारतीय चिंतन विविधता में भी एकत्व सन्देश देता है। हमारी संस्कृति का आचरण सद्भाव पर आधारित है। यह हिंदुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत में रहने वाले ईसाई और मुस्लिम परिवारों के भीतर भी यह भाव साफ देखा जा सकता है। क्रोध और अविवेक के कारण इसका लाभ लेने वाली अतिवादी ताकतों से सावधान रहना है। सेवा समरसता आज की आवश्यकता है। इस पर अमल होना चाहिए। इसी से श्रेष्ठ भारत की राह निर्मित होगी। वर्तमान परिस्थिति में आत्म संयम और नियमों के पालन का भी महत्व है। समाज में सहयोग सद्भाव और समरसता का माहौल बनाना आवश्यक है। भारत ने दूसरे देशों की सहायता करता रहा है, क्योंकि यहीं हमारा विचार है। समस्त समाज की सर्वांगीण उन्नति ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है। जब हिंदुत्व की बात आती है तो किसी अन्य पंथ के प्रति नफरत, कट्टरता या आतंक का विचार स्वतः समाप्त हो जाता है। तब वसुधैव कुटुंबकम व सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव ही जागृत होता है। भारत जब विश्व गुरु था,तब भी उसने किसी अन्य देश पर अपने विचार थोपने के प्रयास नहीं किये। भारत शक्तिशाली था, तब भी तलवार के बल पर किसी को अपना मत त्यागने को विवश नहीं किया। दुनिया की अन्य सभ्यताओं से तुलना करें तो भारत बिल्कुल अलग दिखाई देता है, जिसने सभी पंथों को सम्मान दिया। सभी के बीच बंधुत्व का विचार दिया। ऐसे में भारत को शक्ति संम्पन्न बनाने की बात होती है तो उसमें विश्व के कल्याण का विचार ही समाहित होता है। भारत की प्रकृति मूलतः एकात्म है और समग्र है। अर्थात भारत संपूर्ण विश्व में अस्तित्व की एकता को मानता है। इसलिए हम टुकड़ों में विचार नहीं करते। हम सभी का एक साथ विचार करते हैं। समाज का आचरण शुद्ध होना चाहिए। इसके लिए जो व्यवस्था है उसमें ही धर्म की भी व्यवस्था है। धर्म में सत्य, अहिंसा, अस्तेय ब्रह्मचर्य,अपरिग्रह,शौच, स्वाध्याय ,संतोष और तप को महत्व दिया गया। समरसता सद्भाव से देश का कल्याण होगा। हमारे संविधान के आधारभूत तत्व भी यही हैं। संविधान में उल्लेखित प्रस्तावना, नागरिक कर्तव्य, नागरिक अधिकार और नीति निर्देशक तत्व यही बताते हैं।

■ डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

# राजनीतिक 'फकीर' को भ्रष्टाचार से परहेज नहीं

**आजकल** जम्मू और कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक देश में छाए हुए हैं। हों भी क्यों नहीं। उन्होंने लंबा समय सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर काम किया है, लेकिन पूर्व राज्यपाल मलिक को इतने दिनों के बाद यह दिव्यज्ञान कैसे प्राप्त हो गया, उनका हृदय क्यों कचोटकर परिवर्तित हो गया? उन्होंने पत्रकार कारण थापर को डिजिटल चैनल 'वायर' के प्लेटफार्म से दिये एक साक्षात्कार के माध्यम से आक्रमण करके देश के सबसे शक्तिशाली राजनीतिज्ञों को सीधे कटघरे में खड़ा कर दिया। संभवतः आज कोई ऐसा आरोप नहीं है, जो उनके द्वारा सीधा सीधा प्रधानमंत्री और उनकी सरकार के महत्वपूर्ण व्यक्तियों पर उन्होंने न केवल लगाया हो, वरन अपनी बातों को बल देने के लिए पूर्व राज्यपाल कहते हैं कि 'अधिक से अधिक यही होगा कि मुझे जेल में डाल दिया जायेगा-- मैं उसके लिए भी तैयार हूं।' वैसे यह बात बिलकुल सही है कि श्री मलिक अपने पद पर कार्यरत होते हुए भी कई बार सरकार से खुलकर पंगा लेते रहे हैं। इन मामलों में आज सबसे ताजा उदाहरण किसान आंदोलन का रहा है, जब उन्होंने किसान की मांगों का समर्थन किया था और सरकार को चेतावनी भी दी थी, लेकिन अब तो उन्होंने उग्र रूप धारण कर लिया है और डंके की चोट पर खुलेआम प्रधानमंत्री पर आरोप लगा रहे हैं कि 'प्रधानमंत्री को करप्शन से कोई नफरत नहीं है।' जबकि, प्रधानमंत्री की छवि ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने की रही है। इस तरह के झूठे निर्मूल आरोप लगाने का हश्र भी मजे हुए राजनीतिज्ञ मलिक जानते ही होंगे। यह उनके आत्मविशास का ही कमाल है जिसके कारण उन्होंने खुलेआम चुनौती देते हुए देश के शीर्ष राजनेताओं पर आरोप लगाया है। जम्मू और कश्मीर के पूर्व राज्यपाल ने जाने-माने पत्रकार करण थापर को दिये एक साक्षात्कार में 2019 के पुलवामा हमले के लिए केंद्र सरकार को ज़िम्मेदार बताते हुए कई सनसनीखेज दावे किये हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि 2019 में कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हुआ हमला सिस्टम की 'अक्षमता' और 'लापरवाही' का नतीजा था। मलिक इसके लिए सीआरपीएफ और केंद्रीय गृह मंत्रालय को खासतौर पर से ज़िम्मेदार बताते हैं। उस समय राजनाथ सिंह गृहमंत्री थे। मलिक ने कहा कि सीआरपीएफ ने सरकार से अपने जवानों को ले जाने के लिए विमान उपलब्ध कराने की मांग की थी, लेकिन गृह मंत्रालय ने ऐसा करने से इनकार कर दिया था। वैसे, आज देश में दो ही मुद्दे अपने चरम पर हैं, पहला तो पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मालिक का आरोप और दूसरा गर्म मुद्दा प्रयागराज में हुए अतीक अहमद और उसके भाई की सरेआम पुलिस की मौजूदगी में हुई हत्या। अतीक अहमद की हत्या पर तो फिर कभी चर्चा कर लेंगे; क्योंकि आजकल इलेक्ट्रानिक मीडिया हो या प्रिंट, सभी इस हत्या पर अलग- अलग तरीके से टिप्पणी कर रहे हैं। एक मुद्दा जो देश के लिए शर्मनाक है, उस पर आज तक किसी भी मीडिया में कोई चर्चा नहीं हुई है और न ही किसी टीवी चैनल पर कोई पंचायत ही कर रहा है। अब यह जानने का प्रयास करते हैं कि आखिर सत्यपाल मलिक का पिछला इतिहास क्या रहा है। सत्यपाल मलिक (जन्म 24 जुलाई, 1946) भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। मेरठ के एक कॉलेज से उन्होंने पढ़ाई की है। 30 सितंबर, 2017 से 21 अगस्त तक बिहार राज्य के राज्यपाल रहे। इससे पहले अलीगढ़ सीट से 1989 से 1991 तक जनता दल की तरफ से सांसद रहे। 1996 में समाजवादी पार्टी की तरफ से चुनाव लड़े, लेकिन हार गये। मलिक ने अगस्त 2018 से अक्टूबर 2019 तक जम्मू और कश्मीर के तत्कालीन राज्य के अंतिम राज्यपाल के रूप में कार्य किया, और यह उनके कार्यकाल के दौरान था कि 5 अगस्त 2019 को जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति को रद्द कर दिया गया। बाद में उन्हें स्थानांतरित कर दिया गया। गोवा के 18वें राज्यपाल के रूप में और उसके बाद उन्होंने अक्टूबर 2022 तक मेघालय के 21वें राज्यपाल के रूप में कार्य किया। राजनेताओं के रूप में उनका पहला प्रमुख कार्यकाल 1974-77 के दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य के रूप में था। वे 1980 से 1986 और 1986-89 तक राज्यसभा में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। वह

**सत्यपाल मलिक (जन्म 24 जुलाई, 1946) भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। मेरठ के एक कॉलेज से उन्होंने पढ़ाई की है। 30 सितंबर, 2017 से 21 अगस्त तक बिहार राज्य के राज्यपाल रहे। इससे पहले अलीगढ़ सीट से 1989 से 1991 तक जनता दल की तरफ से सांसद रहे। 1996 में समाजवादी पार्टी की तरफ से चुनाव लड़े, लेकिन हार गये।**

इन दिनों



निशिकांत ठाकुर

1989 से 1991 तक जनता दल के सदस्य के रूप में अलीगढ़ से नौवीं लोकसभा के सदस्य थे। वह अक्टूबर 2017 से अगस्त 2018 तक बिहार के राज्यपाल रहे हैं। 21 मार्च 2018 को उन्हें 28 मई 2018 तक ओडिशा के राज्यपाल के रूप में सेवा देने का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया। अगस्त 2018 में उन्हें जम्मू और कश्मीर का राज्यपाल नियुक्त किया गया। सोशल मीडिया के ट्विटर, फेसबुक के साथ वॉट्सएप पर सत्यपाल मलिक के साक्षात्कार पर ही कई लोगों ने बहुत कुछ लिखा है और मालिक की जी भरकर आलोचना की गई है। किसी भी व्यक्ति ने या आलोचक ने इस साक्षात्कार पर यह नहीं कहा है कि जिन लोगों का नाम भ्रष्टाचार के मामले में मालिक ने लिया है, उनकी जांच कराई जाय और यदि किसी भी तरह से कोई सच में दोषी हो, तो उसके विरुद्ध भारतीय कानून के तहत कार्यवाही हो। और हां, यदि सत्यपाल मालिक का आरोप सफेद झूठ हो और प्रधानमंत्री की छवि को खराब करने का मात्र एक षड्यंत्र हो तो उनके विरुद्ध भारतीय कानून का तहत कार्यवाही हो। अभी इतना तो हुआ है कि राम माधव ने एक कानूनी नोटिस तो श्रीमलिक को भेजा है। अब उन्हें इसका उत्तर देना है। वैसे, एक दूसरे साक्षात्कार में मालिक ने स्वयं उत्तर देते हुए कहा है कि यदि उनका आरोप सही नहीं था तो राम माधव सुबह सात बजे राज्यपाल भवन क्यों पहुंचे थे? बड़ा ही गंभीर सवाल उन्होंने खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि राम माधव एक दिन सुबह सात बजे आए और कहा कि एक पनबिजली परियोजना और रिलायंस की एक बीमा योजना को मंजूरी देने के बदले उन्हें 300 करोड़ रुपये मिल सकते हैं। मलिक ने दावा किया है कि उन्होंने वह पेशकश खारिज करते हुए कहा कि वे गलत काम नहीं करेंगे। उन्होंने पीएम मोदी पर जम्मू और कश्मीर के बारे में 'अनजान' रहने की बात करते हुए कहा है कि उनके पास राज्य के बारे में गलत सूचनाएं हैं। राज्य का खास दर्जा खारिज करने को उन्होंने एक गलती करार दिया है। मलिक ने भ्रष्टाचार के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कथित 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर भी गंभीर सवाल उठाते हुए दावा किया है कि पीएम को करप्शन से बहुत नफरत नहीं है। सभी समाचार एजेंसी ने, चाहे वह इलेक्ट्रानिक हो अथवा प्रिंट, क्या उन्होंने यह मान लिया है कि जो आरोप श्री मलिक द्वारा लगाये गए हैं, उसे यदि अधिक दिखाया गया या इस पर अधिक लिखा गया, तो सरकार गिर जायेगी अथवा प्रलय आ जायेगा? यह बड़ा अजीब लगता है कि किसी ने कुछ कहा और हमने यह मान लिया कि जो कहा जा रहा है, वह ब्रह्मसत्य है। वह सत्य नहीं भी हो सकता है, असत्य भी हो सकता है, लेकिन यह निर्णय तभी लिया जा सकता है, जब उसकी निष्पक्ष जांच कराकर सत्य को सामने लाया जायेगा। समझ में यह बात नहीं आती कि इन छोटी-छोटी बातों पर सरकार ध्यान क्यों नहीं देती है और चाहती है वह ऐसे आरोपों से कन्नी काटकर बच निकलेगी या आरोपों की उपेक्षा कर देगी या जनता नजरंदाज कर देगी? तो यह उसका भ्रम है, क्योंकि हमारे देश की लगभग शिक्षित जनता अब इस तरह के आरोपों को भूलती नहीं और मौकों की तलाश में रहती है कि जब उसे समय मिलेगा, वह सत्य जानकर रहेगी और झूठ बोलने वालों को सबक सिखायेगी। क्या सरकार यह समझ रही है कि इन आरोपों से बचकर निकल जायेगी, तो प्रायः ऐसा होता नहीं। अभी सरकार पर दो बड़े गंभीर लगाये गये हैं– पहला, राहुल गांधी ने संसद में और संसद के बाहर सरकार ही नहीं, सीधे प्रधानमंत्री से पूछा है कि अदाणी समूह को जो 20 हजार करोड़ रुपये दिये गये, वे किसके थे और दूसरा आरोप सीधे प्रधानमंत्री पर लगाते हुए पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने 300 करोड़ रुपये की घूस देने की बात कही है। साथ ही पुलवामा में शहीद हुए 40 सेना के जवानों की शहादत का जो गंभीर आरोप लगाया है, कम से कम इन सभी मामलों का उत्तर तो सरकार को देना ही चाहिए। जनता यह समझना चाहती है कि सत्यपाल मलिक ने जो आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने उन्हें घटना की सूचना देने पर जो चुप रहने के लिए कहा था, अब इस तरह देश की जनता को चुप नहीं कराया जाना चाहिए और जांच के माध्यम से दूध का दूध और पानी का पानी उनके सामने लाया जाना चाहिए, यही हमारा संविधान कहता है और यही हमारी जनता भी चाहती है, क्योंकि जब हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को चलाएंगे तो कुछ न कुछ कमी तो रहेगी और आरोप तो लगते ही रहेंगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं)**

# राजस्थान में आरटीई भी आरटीएच की तरह 'असहयोग' की राह पर!

**जिसकी** आशंका थी, वह सामने नजर आने लगा है। जिस दिन राजस्थान में राइट टू हेल्थ 'आरटीएच' के खिलाफ चिकित्सकों ने लामबंदी की थी, उसी दिन से ही यह आशंका बन चली थी कि कहीं राइट टू एजुकेशन 'आरटीई' के प्रति भी निजी स्कूल यही राह न अपना लें। भले ही निजी स्कूलों ने सड़क पर आंदोलन की राह नहीं चुनी है, लेकिन उन्होंने चुपचाप बैठे-बैठे ही सरकार को अपनी मंशा से अवगत करा दिया है कि आरटीई को लेकर जितनी परेशानियां उन्हें आ रही हैं, उनका समाधान नहीं होने तक वे सहयोग के मूड में नहीं हैं। और इसका नतीजा यह है कि सत्र 2022-23 के प्री-प्राइमरी कक्षाओं के आरटीई के बैकलॉग पर तलवार लटक गई है, वहीं नये सत्र 2023-24 के लिए 20 अप्रैल को निकलने वाली लॉटरी को स्थगित करना पड़ा है। हालांकि, सरकार यह दावा भी कर रही है कि आरटीई के एक माह पूर्व भरे गये। पिछले सत्र के प्रवेशों को वह लागू करवायेगी, लेकिन एक बार तो निजी स्कूलों ने ताल ठोक ही दी है। आरटीएच आंदोलन में भी सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा इलाज की राशि के पुर्नभरण का था और अब आरटीई में भी यही मुद्दा सबसे ऊपर है। राइट टू एजुकेशन में निःशुल्क प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों की फीस के पुर्नभरण को लेकर लंबे समय से सरकार और निजी स्कूलों में खींचतान बनी हुई है। पहले तो निजी स्कूल पुर्नभरण राशि को कम मानते हैं, दूसरे भुगतान में अत्यधिक देरी स्कूलों के अर्थतंत्र को प्रभावित कर देती है। यह स्थिति पिछले सालों से बनी हुई है। और इस बार सरकार ने पिछले बीत चुके सत्र 2022-23 से प्री-प्राइमरी कक्षाओं में आरटीई के प्रवेश की प्रक्रिया को सत्र समाप्त होने के समय करने के आदेश दिये। प्रक्रिया भी हुई और प्रवेश के लिए लॉटरी भी निकल गई, लेकिन इसके साथ सरकार का यह निर्णय कि सत्र 2022-23 के प्रवेशार्थियों की फीस का पुर्नभरण सरकार तीन साल तक नहीं करेगी, यह निजी स्कूलों के लिए समस्या बन गया और उन्होंने न्यायालय की शरण ली है।

दरअसल, निजी स्कूलों का कहना है कि सत्र के अंत में सरकार ने प्री-प्राइमरी यानी नर्सरी, एलकेजी और एचकेजी तीनों कक्षाओं में आरटीई के तहत 25 प्रतिशत निःशुल्क प्रवेश का कोटा पूरा करने के आदेश दिये। पहली बात तो यह कि स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें खाली ही नहीं थी, क्योंकि सत्रारम्भ में स्कूल सशुल्क सीटें भर चुके थे, ऐसे में यह 25 प्रतिशत निःशुल्क प्रवेश अतिरिक्त हो गये, अब स्कूलों को कक्षाओं में बैठने की क्षमता व संसाधन बढ़ाने की मजबूरी हो गई। दूसरी बात यह कि इस बैकलॉग में सारा काम बैकडेट में करने की झंझट और उनके माथे आन पड़ी है। सत्र 2022-23 में प्राइमरी की पहली कक्षा में आरटीई के प्रवेश सत्रारम्भ के समय हो गये थे और उनका भौतिक सत्यापन भी हो गया था, अब तक नियमानुसार सारी कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है और सरकार के पास जा चुकी हैं, ऐसे में प्री-प्राइमरी की इन तीन कक्षाओं का भौतिक सत्यापन कब, कैसे और किस नियम से होगा और बाद में इनकी फीस का पुर्नभरण कैसे होगा, क्या सरकार इसके लिए अलग से ऑडिट में शिथिलता देने वाली है, क्योंकि वित्तीय वर्ष बीत चुका है। कुल मिलाकर सत्र 2022-23 के अंतर्गत प्री-प्राइमरी कक्षाओं में बैकलॉग वाला निःशुल्क प्रवेश खटाई में पड़ता नजर आ रहा है और इसके चलते नये सत्र 2023-24 के निःशुल्क प्रवेश भी प्रभावित हो गये हैं। निजी स्कूल फीस पुर्नभरण हर साल का हर साल चाह रहे हैं, कुछ निजी स्कूलों के प्रबंधकों ने तो यह भी कहा कि इसी वर्ष चुनाव भी हैं और यदि पुर्नभरण का स्पष्ट निर्णय समय रहते नहीं हुआ तो उन्हें भविष्य की भी चिंता सता रही है। एक निजी स्कूल के प्रबंधन से जुड़े आनंद जोशी कहते हैं कि कोरोनाकाल की फीस को लेकर आई परेशानी से निजी स्कूल अभी उबर ही रहे हैं और अब सरकार ने जो निर्णय उन पर थोपा है, वह चिंता बढ़ाने वाला है।

■ कौशल मूंदड़ा

है न विचित्र बात !

## भारतीय एथलेटिक्स

**विभिन्न** अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ी पिछले कुछ समय से बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। देश को गौरवान्वित करते ऐसे ही खिलाड़ियों में भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं, जिन्होंने टोक्यो ओलम्पिक में इतिहास रचने के एक साल बाद पिछले दिनों अमेरिका के ओरेगन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। ओलम्पिक खेलों में 121 वर्षों के इतिहास में कोई भी भारतीय एथलीट पदक नहीं जीत सका था और नीरज ओलम्पिक में पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बने थे। टोक्यो में स्वर्ण पदक पदक जीतकर नीरज ने भारतीय एथलेटिक्स के एक नये युग की शुरूआत की थी और अब वह विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गये हैं। इसके साथ ही उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में भारत का 19 साल का सूखा भी खत्म कर दिया। उल्लेखनीय है कि विश्व चैंपियनशिप में भारत का अब तक का यह दूसरा पदक है, 2003 में लांग जंपर अंजू बॉबी जॉर्ज ने पेरिस में भारत को पहला पदक कांस्य दिलाया था। ओरेगन विश्व चैंपियनशिप 2022 में नीरज चोपड़ा ने क्वालिफिकेशन में 88.39 मीटर के साथ फाइनल में जगह बनाई और पदक राउंड में 88.13 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके रजत पदक जीता जबकि 90.54 मीटर की दूरी के साथ एंडरसन पीटर्स स्वर्ण पदक जीतकर विश्व चैंपियन बने, जिन्होंने फाइनल में तीन बार 90 मीटर के मार्क को पार किया। नीरज हालांकि थोड़े से अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गये लेकिन भारत के लिए उनको मिली चांदी भी सोने से कम नहीं है। 18 साल की उम्र में नीरज वर्ष 2016 में आईएएएफ अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर किसी भी इवेंट और किसी भी उम्र के स्तर पर विश्व चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बने थे और वह बेमिसाल उपलब्धि हासिल करने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। पोलैंड में आयोजित उस जूनियर चैंपियनशिप में नीरज ने 86.48 मीटर के विजयी थ्रो के साथ विश्व रिकॉर्ड भी बनाया था। उनसे पहले 84.69 मीटर थ्रो के साथ यह रिकॉर्ड लातविया के जिगिस्मंड्स सिरमाइस के नाम दर्ज था। वैसे 24 दिसम्बर 1997 को हरियाणा के पानीपत जिले के खांद्रा गांव में एक छोटे किसान के घर जन्मे नीरज टोक्यो ओलम्पिक में इतिहास रचने से पहले भी कई बड़ी-बड़ी चैम्पियनशिप जीत चुके हैं। भारतीय सेना के सूबेदार नीरज एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियन चैंपियनशिप, साउथ एशियन गेम्स तथा विश्व जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम कर चुके हैं। 2016 में पोलैंड में जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद ही नीरज को सेना में जूनियर कमीशंड ऑफिसर के तौर पर नियुक्ति दी गई थी। मार्च 2021 में उन्होंने इंडियन ग्रैंड प्रिक्स-3 में 88.07 मीटर जैवलिन थ्रो के साथ अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था। जून 2021 में पुर्तगाल के लिस्बन शहर में हुए मीटिंग सिडडे डी लिस्बोआ टूर्नामेंट में नीरज ने स्वर्ण पदक जीता था। 2016 में उन्होंने साउथ एशियन गेम्स में 82.23 मीटर दूर, 2017 में एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 85.23 मीटर दूर और 2018 में इंडोनेशिया के जकार्ता में हुए एशियाई खेलों में 88.06 मीटर दूर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीते। एशियाई खेलों के इतिहास में अब तक भालाफेंक में भारत को केवल दो ही पदक मिले हैं और नीरज पहले ऐसे भारतीय एथलीट हैं, जिन्होंने एशियन खेलों में स्वर्ण पदक जीता। उनसे पहले वर्ष 1982 में गुरतेज सिंह को कांस्य पदक मिला था।

■ योगेश कुमार गोयल

# खुद उधार लेकर फिल्म बनाने वाले बासु चटर्जी

**बासु** चटर्जी, बिमल रॉय और ऋषिकेश मुखर्जी की परंपरा के ऐसे योग्य वाहक थे, जिन्होंने सिनेमा को समाज से जोड़े रखा और उसमें आम जिंदगी के हल्के-फुलके, छोटे-बड़े और खट्टे-मीठे पलों को बड़ी संजीदगी से दर्शकों के सामने रखा। वह साहित्य को सिनेमा में पिरोने वाले निर्देशक भी थे। सारा आकाश, रजनीगंधा, चितचोर, छोटी सी बात, स्वामी, खट्टा-मीठा, बातों-बातों में, शौकीन और चमेली की शादी जैसी सफल, सार्थक फिल्मों के निर्माता निर्देशक बासु चटर्जी पूरी तरह से फिल्मों के लिए समर्पित थे। वे अपनी फिल्मों की पटकथा और संवाद स्वयं लिखते। कोई फाइनेंसर नहीं मिलता तो खुद उधार लेकर फिल्म बनाते। फिल्म हमारे जीवन के नजदीक रहे और ज्यादा खचीर्ली न हो के लिए वह अधिकतर आउटडोर शूटिंग करते। ईमानदार इतने की कलाकारों को अपनी जेब से पैसे दे देते। बासु चटर्जी के बारे में इस तरह की कई रोचक और सच्ची जानकारियां हमें हाल ही में वरिष्ठ फिल्म पत्रकार एवं लेखिका अनिता पाध्ये की बासु चटर्जी पर लिखी पुस्तक 'बातों-बातें में' से प्राप्त होती है। अमन प्रकाशन, कानपुर से प्रकाशित इस पुस्तक को लेखिका ने इसे बासु चटर्जी की विश्वसनीय जीवनी, उन्हीं की जुबानी बताया है जो कि बिल्कुल सही ठहरता है। साठ के दशक के अंत से और सत्तर-अस्सी के दशक तक बासु चटर्जी ने हिंदी सिनेमा के दर्शकों के लिए एक से एक शानदार फिल्में दीं। जब टीवी ने घर-घर में पैठ बनाई तो उन्होंने रजनी, दर्पण और कक्काजी कहिन जैसे श्रेष्ठ धारावाहिक भी प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। 10 जनवरी 1930 को अजमेर में जन्मे बासु चटर्जी के पिता भारतीय रेलवे में काम करते थे। इसलिए उनका बचपन बंबई, आबूरोड और मथुरा में बीता। मथुरा की स्मृति उन्हें रही। वहीं उन्हें फिल्म देखने का चस्का लगा। 1950 में उन्हें बंबई (अब मुंबई) के चर्चगेट स्थित एक विद्यालय में लाइब्रेरियन की नौकरी मिली और वे मुंबई आ पहुंचे। बासु को बचपन से ही चित्रकला में रुचि थी और वह कार्टून बहुत अच्छे बनाया करते थे तो करंट समाचार पत्र में फ्रीलांस कार्टूनिस्ट के रूप में कार्य करने लगे। इसी बीच चर्चित साप्ताहिक पत्र बिल्ट्ज में भी वे फ्रीलांस कार्टून बनाने लगे। तभी उन्हें जानकारी मिली की गीतकार शैलेंद्र जो कि मथुरा के ही रहने वाले थे, तीसरी कसम नाम से फिल्म बना रहे है तो वे उनके पास जा पहुंचे फिल्म में सहायक निर्देशक का काम मांगने। इस फिल्म के निर्देशक उनके ही नामाराशि बासु भट्टाचार्य थे और उनकी भी यह पहली ही फिल्म थी। बासु चटर्जी चीफ असिस्टेंट नियुक्त हुए। उनके साथ बीआर इशारा भी सहायक निर्देशक के रूप में थे। फिल्म निर्देशन सीखने के लिए उनका पहला पाठ ही फिल्मी दुनिया के कई दिग्गजों के साथ था।

**बासु चटर्जी चीफ असिस्टेंट नियुक्त हुए। उनके साथ बीआर इशारा भी सहायक निर्देशक के रूप में थे। फिल्म निर्देशन सीखने के लिए उनका पहला पाठ ही फिल्मी दुनिया के कई दिग्गजों के साथ था। सहायक निर्देशक के रूप में उनकी दूसरी फिल्म थी सरस्वतीचंद्र। अब तक वे सिनेमा से संबंधित सभी तकनीकी जानकारियां प्राप्त कर चुके थे। अतः उन्होंने स्वयं फिल्म बनाने का निर्णय लिया।**

सहायक निर्देशक के रूप में उनकी दूसरी फिल्म थी सरस्वतीचंद्र। अब तक वे सिनेमा से संबंधित सभी तकनीकी जानकारियां प्राप्त कर चुके थे। अतः उन्होंने स्वयं फिल्म बनाने का निर्णय लिया। उनके परिचित अरुण कौल ने उसी समय हिंदी के चर्चित कहानीकार राजेंद्र यादव के उपन्यास सारा आकाश के अधिकार 21 रुपये में खरीदे थे। बासु चटर्जी को भी इसकी कहानी पसंद आई और फिल्म बननी शुरू हो गई। इसके लिए उन्होंने फिल्म वेलफेयर कार्पोरेशन से कर्ज लिया। राकेश पांडेय, नंदिता ठाकुर, एके हंगल, दीना पाठक, मणि ठाकुर आदि कलाकारों का चयन हुआ। फिल्म की तारीफ तो हुई लेकिन इतनी कमाई नहीं हुई कि कर्ज उतारा जा सके। हां, उन्हें पटकथा लेखन के लिए इस वर्ष का फिल्म फेयर पुरस्कार मिला और राजश्री, जिन्होंने उनकी इस फिल्म का वितरण किया था द्वारा फिल्म पिया का घर बनाने का प्रस्ताव दिया गया। यह फिल्म सफल रही और उनसे बड़े-बड़े लोग फिल्म निर्देशित करने के लिए संपर्क करने लगे। बासु चटर्जी की अगली फिल्म थी राजेंद्र यादव की पत्नी मन्नू भंडारी की कहानी यही सच है के आधार पर बनी रजनीगंधा। यह फिल्म भी बेहद सफल रही। हालांकि पहले इसे कोई वितरक लेने को तैयार नहीं था क्योंकि फिल्म के नायक-नायिका बिल्कुल सीधे साधे थे जबकि उस समय हीरो-हीरोइन के चरित्र लार्जर दैन लाइफ हुआ करते थे। इसी समय उन्हें बीआर चोपड़ा की फिल्म छोटी सी बात और राजश्री की फिल्म चितचोर मिली। यह दोनों फिल्में भी दर्शकों द्वारा खूब पसंद की गईं। पहली बार मध्यमवर्गीय समाज सिनेमा का केंद्र बिंदु बना। कम बजट में बनाई गई इन फिल्मों का एक आकर्षण कर्णप्रिय संगीत तो था ही नये प्रतिभाशाली कलाकार भी थे, जिनमें आम लोगों ने अपनी जिंदगी के अक्स पाये। बासु चटर्जी की सृजनात्मक यात्रा चलती रही। स्वामी, प्रियतमा, खट्टा मीठा, दिल्लगी, बातों-बातों में, हमारी बहु अलका, शौकीन, लाखों की बात, चमेली की शादी और किरायेदार आदि । 1985 में उन्होंने दूरदर्शन के लिए रजनी और दर्पण जैसे सीरियल बनाये और फिर 1988 में कक्काजी कहिन। यह बहुत पसंद किये गये। अपने जीवनकाल में बासु चटर्जी ने 35 फिल्में की और पटकथा लेखन और निर्देशन के लिए कई फिल्म फेयर पुरस्कार प्राप्त किये। 1997 की फिल्म गुदगुदी जिसमें अनुपम खेर और प्रतिभा सिन्हा थे उनके द्वारा निर्देशित अंतिम फिल्म थी। उन्होंने पांच बांग्ला फिल्में भी निर्देशित कीं। चार जून 2020 को वे हमारे बीच नहीं रहे।

**चलते-चलते :** पिया का घर फिल्म में बासु चटर्जी नायक के रूप में अमोल पालेकर को लेना चाहते थे लेकिन राजश्री के राजकुमार बड़जात्या ने कहा कि उनका साधारण चेहरा हीरो के रूप में नहीं चलेगा तब अनिल धवन का चुनाव किया गया।

■ अजय कुमार शर्मा

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### मस्जिदों में नमाज अदा कर लोगों ने एक दूसरे के गले लगाकर दी ईद उल फितर की मुबारकबाद

# लातेहार में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इससे पहले शहर की अंबाकोठी स्थित जामा मस्जिद में सुबह 9.15 बजे ईद की नमाज अदा की गयी। इस दौरान आपसी भाईचारा और विश्व शांति की कामना की गयी। लोगों ने एक दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। अमवाटीकर मस्जिद, डुरुआ मस्जिद, इचाक ईदगाह के साथ शहर से सटी डुरुआ, करकट, नावागढ़, तरवाडीह, पोचरा, इचाक, धनकारा समेत कई इलाकों की मस्जिदों में भी निर्धारित समय में ईद की नमाज अदा की गयी। मस्जिदों में सुरक्षा के इंतजाम किये गये थे।

## महुआडांड़ : अकीदतमंदों ने अदा की की नमाजे ईद

**महुआडांड़।** जामिया नूरिया जियाउल इस्लाम, अम्वाटोली स्थित मस्जिद ए गौसिया, मदीना मस्जिद समेत अन्य गांवों की मस्जिदों में शनिवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद की नमाज अदा की। जामिया नूरिया जियाउल इस्लाम में मुफ्ती मोहम्मद शब्बीर ने, मदीना मस्जिद में इमाम हाफिज खालिद ने एवं मस्जिदे गौसिया में इमाम मौलाना गुलाम सरवर फैजी निर्धारित समय में ईद की नमाज अदा कराई। ईद को लेकर खास तौर में बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। सुरक्षा को लेकर महुआडांड़ थाना प्रभारी के निर्देश पर जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, गौसिया मस्जिद के बाहर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी।

## बरवाडीह में धूमधाम के साथ मनाया गया पर्व

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को ईद उल फितर का पर्व धूमधाम व उल्लास पूर्वक मनाया गया। एक माह तक चले पवित्र रमजान माह के उपरांत शुक्रवार शाम ईद की चांद दिखाई देने के बाद शनिवार सुबह प्रखंड मुख्यालय के जामा मस्जिद में हाफिज रहमत अली ने अकीदतमंदों को ईद की नमाज अदा करवाई। इससे पूर्व अहीर पुरवा स्थित कादरिया नगर मस्जिद, पोखरी कला जामा मस्जिद, बेतला मस्जिद, छेंचा व कुचिला की दारगाह में निर्धारित समय में ईद की नमाज अदा की गई। प्रखंड के अन्य क्षेत्रों में भी ईद की नमाज अदा की गई और लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह अपने समर्थकों के साथ मस्जिदों में पहुंचकर और मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। ईद के मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह भी मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों की ईद की मुबारकबाद दी। पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था थी।

## चंदवा में हर्षोल्लास से मनी ईद उल फितर

**चंदवा।** शहर समेत ग्रामीण इलाकों में शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी मस्जिदों और ईदगाहों में निर्धारित समय पर ईद की नमाज अदा की गयी। सारे गिले-शिकवे भूलकर लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम थे। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता सदल-बल गश्त करते दिखे। लोगों से मिलकर उन्हें ईद की शुभकामना भी दी।

## बालूमाथ में भाईचारे के साथ लोगों ने मनाई ईद

**बालूमाथ।** प्रखंड में ईद उल फितर का त्योहार भाईचारे के साथ मनाया गया। लोगों ने मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। बालूमाथ हाई स्कूल स्थित ईदगाह में हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पूरे एतिहाद के साथ ईद की नमाज अदा की। वहीं प्रखंड अंतर्गत विभिन्न ईदगाह एवं मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। बालुमाथ ईदगाह में मौलाना मजहर ने ईद की नमाज अदा कराई। वहीं राजद नेता सुरेश राम व प्रितलाल यादव, मुखिया नरेश लोहरा सहित कई गणमान्य लोग बालूमाथ ईदगाह में पहुंचकर मुस्लिम धर्मावलंबियों को ईद की बधाई दी। इस दौरान बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार, इंस्पेक्टर शशि रंजन, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद मौजूद रहे।

## बारियातु में पारंपरिक तरीके से मनाई गई ईद

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय सहित इटके, शिबला, साल्वे, रत्नादाग, फुलसु, नावाडीह सहित विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद में मौलाना जसिमुद्दिन ने, इटके ईदगाह में मौलाना शमसाद ने, साल्वे जामा मस्जिद में हाफिज इमतियाज ने, शिबला जामा मस्जिद में हाफिज शमसेर ने, फुलसु ईदगाह में हाफिज शमीम ने, नावाडीह मस्जिद में हाफिज इरफान ने, बठेठ जामा मस्जिद में हाफिज महताब ने, रत्नादाग जामा मस्जिद में हाफिज आरिफ बिल्लाह ने ईद की नमाज अदा कराई। बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार सिंह, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, कांग्रेस युवा नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव आदि ने ईदगाहों व मस्जिदों में पहुंच कर ईद के मुबारक बाद दी।

# चतरा में सद्भावना से मनी ईद, श्रम मंत्री पहुंचे इदगाह




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/टंडवा/पत्थलगड़ा** संपूर्ण जिले में शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार शांति व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंडों की मस्जिदों व ईदगाहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा पाकीजगी के साथ ईद की विशेष नमाज अदा की गई। जिला मुख्यालय के अलावा मयुरहंड, गिद्धौर, पत्थलगडा, टंडवा, सिमरिया, हंटरगंज, प्रतापपुर व इटखोरी आदि प्रखंडों में सुबह से ही ईद को ले मुस्लिम बहुल इलाकों में उत्सव का माहौल रहा। शहर में ईदगाह के अलावा खानकाह मस्जिद, बिंड मोहल्ला मस्जिद तथा पुराने ईदगाह में भी ईद की नमाज पढ़ी गई, जहां राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता व विभिन्न दलों के लोगों ने पहुंचकर एक दूसरे को ईद की बधाईयां दी। शहर के ईदगाह के समीप प्रशासन द्वारा स्टॉल लगाया गया था, जिसमें कई प्रशासनिक अधिकरी व प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## सुरक्षा के थे व्यापक प्रबंध, जगह जगह हुआ ईद मिलन समारोह




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/मयूरहंड/टंडवा/पत्थलगडा** ईद पर्व को लेकर जिला मुख्यालय के अलावा सिमरिया, टंडवा, पत्थलगडा, गिद्धौर, हंटरगंज, जोरी, इटखोरी, मयुरहंड व प्रतापपुर आदि थाना क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जगह-जगह पर पुलिस बल के साथ दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी। ऐसे में इद उल फितर को लेकर जिला मुख्यालय से लेकर विभिन्न थाना क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। इस अवसर पर टंडवा, सिमरिया, गिद्धौर, पत्थलगडा, इटखोरी, मयुरहंड, हंटरगंज, प्रतापपुर व लावालौंग आदि प्रखंड क्षेत्रो में स्थित मस्जिदों में मुस्लिम भाईयों द्वारा ईद की नमाज अदा की गई। टंडवा प्रखंड के ग्राम कमता अहले सुन्नत बुरहानुल उलूम मदरसा में इमाम के मौजूदगी में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। ईद को लेकर उपरोक्त थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। वहीं गिद्धौर प्रखंड में भी ईद उल फितर की नमाज सौहार्दपूर्ण माहौल में की गई। नमाज को लेकर सुबह से ही लोग मस्जिदों व ईदगाह में पहुंच रहे थे। नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए थे। सीओ जयशंकर पाठक व थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव दल-बल के साथ ईदगाहों तक पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों को ईद की बधाई दी।

### NEWS इन ब्रीफ

## किसान के घर में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर खाक

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत धनखेरी पंचायत के परसौनी गांव में बीते देर रात किसान तुलसी यादव के कच्चे घर में आग लगने से 40 हजार नकदी एवं अनाज समेत लाखों की संपत्ति जलकर खाख हो गई। पीड़ित परसौनी निवासी किसान श्री यादव के पुत्र विकास यादव ने बताया कि शुक्रवार देर रात मेरे घर में अचानक आग लग गई, जिससे घर में रखा आनज, 40 हजार रुपए नकद के साथ लाखों रुपए का घरेलू सामान जल कर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग लगने के बाद घर वालों की चीख-पुकार सुन कर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद एवं फायरब्रिगेड के माध्यम से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तबतक लगभग सामान जल वुके थे। घटना की सूचना मिलते ही इटखोरी पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली।

## बज्रपात की चपेट में आने से मवेशी की मौत

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के दुवारी गांव में बीते देर शाम वज्रपात के चपेट में आने से एक दुधारू मवेशी की मौत हो गयी। मवेशी दुवारी गांव निवासी छोटू यादव पिता बिशुन गोप का का है। बताया कि मवेशी चर रहे थे तभा अचानक बारिश के साथ बज्रपात हो गया। जिससे मवेशी की मौत घटनास्थल पर हो गयी। छोटू यादव अत्यंत गरीब है और दूध बेचकर परिवार का लालन पालन करता था। मवेशी के मरने से 25 हजार का नुकसान हुआ है।

# स्थापना दिवस पर मोदी सरकार पर बरसी भाकपा माले



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** भाकपा माले ने शनिवार को प्रखंड के उकामाड़, बहेराटांड़, होरिलोंग, चपरी, मुरु, आखरा, कंचनपुर, केचकी, कुटमू सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। माले जिला सचिव बिरजू राम की देखरेख में ग्राम उकामाड़ में आयोजित किए गए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईसा के जिला प्रभारी रंजीत सिंह ने कहा कि आज पार्टी के 54वें स्थापना दिवस के अवसर पर हमको संकल्प लेना होगा कि जनविरोधी, छात्र विरोधी मोदी सरकार को हर हाल में उखाड़ फेंकना होगा।

वहीं माले के जिला सचिव बिरजू राम ने कहा कि पार्टी का जन्म उस समय हुआ था जब पूरा देश इंदिरा गांधी की निरंकुशता की आग में जल रहा था। चारों तरफ किसान, मजदूरों पर दमन जारी था। उस दौर में बंगाल की धरती पर नक्सलबाड़ी आंदोलन हुआ। 22 अप्रैल 1969 को पार्टी की स्थापना हुई। चारू मजूमदार पार्टी के पहले महासचिव बने। पार्टी पिछले 54 साल में कई उतार-चढ़ाव के दौर से गुजरा। पार्टी के दो महासचिव चारू मजूमदार और जौहर सहित सैकड़ों साथियों ने अपनी जान की बाजी लगाकर पार्टी को बढ़ाने का काम किया। आज भाकपा माले पूरे देश में त्याग, बलिदान और संघर्ष के रूप में जाना जाता है। आज जनविरोधी, पूंजीप्रस्त, लोकतंत्र विरोधी, संविधान विरोधी, फासीवादी, मनुवादी मोदी राज को खात्मा करना ही हमारा संकल्प है। लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ, शहीदों के सपनों का भारत बनाओ नारे को बुलंद करते हुए ग्राम कमेटी, पार्टी शाखा को गांव - गांव में ठीक करना होगा। पार्टी संगठन को बड़े दायरे में मजबूत करना होगा। पार्टी के 11 वें महाधिवेशन में लिए गए संकल्प को गांव में पहुंचाते हुए विपक्षी एकता को मजबूत करना होगा। सभा की अध्यक्षता श्रवण कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में प्रखंड सचिव कमलेश सिंह, रंजीत सिंह चेरो, लुरुक सिंह, कृष्णा सिंह, डॉ. रमेश कुमार, घनश्याम राम, नंदलाल सिंह, दशरथ सिंह, डिहल सिंह, श्रवण कुमार सिंह, रविंद्र सिंह, फूनी देवी, सुदामा राम, श्यामदेव सिंह, फुलदेव सिंह, प्रह्लाद सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

# ज्वेलरी की दुकान में लगी आग, हजारों का नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता। बालुमाथ** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार रोड शिवअलंकार (शिबू सोनी) नामक ज्वेलर्स की दुकान में शनिवार तड़के लगभग 3 बजे अचानक आग लग गई। इसकी जानकारी पड़ोसियों ने दुकान के मालिक संतोष सोनी को मोबाइल से दी। इसके बाद दुकानदार एवं स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना के संबंध में दुकान के मालिक ने बताया कि रोजाना की तरह शाम में दुकान बंद करके वह घर गया चले गए थे। उसके बाद यह घटना हो गई। दुकानदार ने बताया कि आग लगने से दुकान में रखे बैटरी, इनवर्टर, आभूषण बनाने के औजार, फर्नीचर समेत लाखों का सामान जल गया। वहीं खपड़ैल का मकान भी बुरी तरह जल कर नष्ट हो गया है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच कर मामला की जांच में जुट गई है।

## हथियार सहित 3 शातिर अपराधी किए गिरफ्तार

**चतरा।** किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे तीन शातिर अपराधियों को हथियार के साथ पुलिस टीम ने छापेमारी कर जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसडीपीओ शंभु कुमार सिंह के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम ने की कार्रवाई। प्रेस कांफ्रेंस कर एसडीपीओ सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रामगढ़ और चतरा के सीमांत क्षेत्र होशिर गांव के पास थाना प्रभारी गोविंद कुमार के साथ जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच बाइक सवार दो अपराधी भागने लगे, तो थाना प्रभारी ने पीछा कर दोनों को गिरफ्तार कर जांच की तो उनके पास से एक पिस्टल और चार जिंदा गोली बरामद किया गया।

# राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के लातेहार प्रखंड अध्यक्ष बने हीरा प्रसाद यादव



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** होटल कार्निवाल बानपुर में शनिवार को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की बैठक जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। इसमें आरक्षण सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। नियुक्ति से पूर्व वर्तमान आरक्षण व्यवस्था पर रोक लगाने के लिए उच्च न्यायालय में रिट दायर करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए जन आंदोलन की बात कही गई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड ओबीसी मोर्चा का गठन किया गया।

प्रखंड अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, सचिव संजीत प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद, राजेश प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार, उप कोषाध्यक्ष बलराम यादव, उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद, संजय यादव, कपिल प्रसाद और मीडिया प्रभारी राजेश प्रसाद गुप्ता को बनाया गया। साथ ही अगली बैठक में प्रखंड कमेटी का पूर्ण विस्तार करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में अधिवक्ता सुनील प्रसाद, रामप्यारे प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार यादव, वीरेंद्र यादव, अरविंद कुमार चंद्रवंशी,उमेश प्रसाद, कमलेश प्रसाद, प्रवीण कुमार यादव, संतोष कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, संजीव कुमार चंद्र, मिशाल कुमार, विशाल कुमार, निर्मल कुमार यादव, शिव शंभू प्रसाद, नीरज प्रसाद, आशीष कुमार गुप्ता, उदय कुमार यादव, जनेश्वर यादव, ठाकुर दयाल यादव, कुलदीप यादव, प्रदुमन यादव आदि उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ शुरू

**चतरा।** शहर के दीभा मोहल्ला स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में तीन दिवसीय पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा में शामिल 151 कलशधारी व श्रद्धालु हेरु नदी पहुंचकर विधि विधान से कलशों में जल भरकर पुनः यज्ञ मंडप पहुंचे। इसके बाद यज्ञ मंडप में कलशों को स्थापित किया गया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष मनोज प्रधान ने बताया कि महायज्ञ के दौरान शाम में प्रवचन का आयोजन किया गया है। शंतिकुंज हरिद्वार से कथावाचक बुलाये गए हैं। 23 अप्रैल को महायज्ञ का की पूर्णाहूति की जाएगी। यज्ञ को सफल बनाने में दीपक वर्मा, सौरव अग्रवाल, पप्पू गोस्वामी, राजेन्द्र प्रजापति आदि का योगदान रहा।

### अपील | पृथ्वी दिवस पर सिविल कोर्ट परिसर में पौधरोपण

# 'जीवन की रक्षा को बचाएं पर्यावरण'




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को सिविल कोर्ट परिसर में पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह लातेहार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अखिल कुमार के निर्देश पर किया गया। मौके पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमीत कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रधान दंडाधिकारी, किशोर न्यायालय मिथिलेश कुमार ने पौधरोपण किया। इसके अलावा व्यवहार न्यायालय के एलएडीसी राजेश यादव और दीपक कुमार मिश्रा समेत कई बच्चों ने भी पौधारोपण किया। इस मौके पर सभी ने लोगों से पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लेने की अपील की।

इस मौके पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय ने कहा कि संतुलित पर्यावरण के कारण ही पृथ्वी में मानव जीवन संभव हो सका है। लेकिन अब मनुष्यों की कुछ गलतियों के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। यहां जीवन बनाये रखने के लिए धरती एवं पर्यावरण को बचाना जरूरी है। वहीं स्वाति विजय उपाध्याय ने पर्यावरण और पृथ्वी को संरक्षित करने का संकल्प लेने की अपील की। मिथिलेश कुमार ने कहा कि लगातार पेड़ों की कटाई होने से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है। इसे संरक्षित करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। मौके पर न्यायालय कर्मी व डालसा के पीएलवी मौजूद रहे।

## भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख ने दिए निर्देश

**बरवाडीह।** भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह शनिवार को बरवाडीह प्रखंड के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मंडल कार्यालय में पार्टी कार्यकताओं के साथ बूथ सशक्तिकरण को लेकर समीक्षा बैठक की। पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। मौके पर उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, सुनील सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, विकास सिंह, ईश्वर सिंह, पारस जायसवाल, प्रवीण कुमार, नंनदेव सिंह, दीपक तिवारी, मनोज सिंह चेरो, हेमंत कश्यप, पवन चौधरी, दिलीप पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।



# श्रद्धा से मनाई गई परशुराम जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा** शनिवार को टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित टाऊन हॉल में ब्राह्मण परिवारों द्वारा समारोहपूर्वक भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के ब्राह्मण परिवारों ने भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर वैदिक मंत्रोच्चारण, आरती व पुष्पांजलि अर्पित कर हर्षोल्लास से जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता छेदी पांडेय व संचालन सुमन भारतीय ने किया। कार्यक्रम में राहम, टंडवा, डहु, बड़गांव, सिसई, फुलवरिया समेत अन्य गांवों के मौजूद ब्राह्मण समाज के वक्ताओं ने भगवान विष्णु के छठे आवेशावतार श्री परशुराम के कई रोचक कथाओं का वर्णन किया।

वहीं सामाजिक उत्थान में शस्त्र व शास्त्र दोनों की आवश्यकता बताई। सर्वसम्मति से अगली बैठक में संगठन निर्माण व सशक्त रुपरेखा तय करने के उद्देश्य से अक्षयवट पांडेय को अस्थाई तौर पर संयोजक बनाया गया। मौके पर अक्षयवट पांडेय, एनके पाठक, ईश्वर दयाल पांडेय, कामेश्वर पांडेय, विजय चौबे, गोविंद तिवारी, नीरज तिवारी, विकास पांडेय, उदय पांडेय, आशुतोष मिश्रा, सतीश पाठक, उपेन्द्र पांडेय, परमानन्द मिश्रा, संजीव तिवारी, विजय पाठक, अरुण पांडेय, संजीव पांडेय समेत भारी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## परशुराम मंदिर निर्माण को लेकर ध्वजारोहन

**मयूरहंड।** प्रखंड क्षेत्र के परोरीया गांव के पांडेय पोखर में शनिवार को भगवान परशुराम की जयंती मनाने के साथ मंदिर निर्माण को लेकर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम 32 मौजा क्षेत्र चतरा व हजारीबाग के ब्राह्मण चयन समिति के अध्यक्ष रामरतन पांडेय के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, अध्यक्ष रामरतन पांडेय, मंत्री बसंत पांडेय, कार्यकारणी सदस्य कामेश्वर पांडेय, रशिक शिरोमणि, भाजपा प्रखंड उपाध्यक्ष अयोध्यानंद शर्मा, परमानंद शर्मा ने शंखनाद उपरांत ध्वज रोहन किया। परशुराम की मंदिर निर्माण उपरांत परशुराम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।




### योगी ने 24वें राष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन

# पहले भर्ती पर सवाल अब प्रतिभा को सम्मान




**नवीन मेल संवाददाता। लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जब हमने वर्ष 2017 में सूबे की कमान संभाली थी तो उस समय देखने को मिला था कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, उच्चतर शिक्षा चयन आयोग और माध्यमिक शिक्षा चयन आयोग से जुड़ी परीक्षाओं में शिकायतों का अंबार लगा हुआ था। कई भर्ती प्रक्रियाओं में न्यायालय से स्टे चल रहा था। कुछ मामलों में कोर्ट ने गंभीर टिप्पणियां भी कर रखी थीं। यूपी पुलिस में डेढ़ लाख पद खाली पड़े थे क्योंकि इस पर सुप्रीम कोर्ट का स्टे था। मैंने अधिकारियों से कहा कि भर्ती को लेकर जो भी कमियां थीं उसे दूर करिए। पहले प्रक्रिया पारदर्शी नहीं थी। उस समय भर्ती प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद और जातिवाद का मुखौटा लगाकर योग्यता और प्रतिभा के साथ अन्याय होता था। ऐसे में हमने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी करने के लिए अच्छे ईमानदार लोगों की टीम तैयार की। पिछले 6 वर्षों में पुलिस विभाग में एक लाख 64 हजार से अधिक पदों को पारदर्शी तरीके से भरा गया। वह शनिवार को सिग्नेचर बिल्डिंग में आयोजित राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्षों के 24वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में अपनी बात रख रहे थे।

#### 6 वर्ष में एक भी नियुक्ति पर सवाल नहीं

**योगी** ने कहा कि इस कार्यक्रम में शिरकत करना मेरे लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उत्तर प्रदेश के प्रशासन ने विगत 6 वर्षों के अंदर जो कुछ भी किया है, उसे आप सभी के माध्यम से देश के कोने-कोने तक पहुंचाना है। एक आदर्श समाज में संघ लोक सेवा आयोग हो या राज्यों के लोक सेवा आयोग हो, इन सभी की बड़ी भूमिका होती है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश में अकांक्षात्मक जिलों की प्रक्रिया को नीति आयोग ने आगे बढ़ाया था, जिसमें 112 जनपद थे, इसमें 8 जनपद उत्तर प्रदेश के थे।

#### पिछले 6 वर्षों 2 लाख करोड़ पहुंचा एक्सपोर्ट

**सीएम** ने आगे कहा कि प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है, ऐसे में साढ़े पांच लाख सरकारी नौकरी से काम नहीं चलेगा। प्रदेश के कई युवा ऐसे हैं जो सरकारी नौकरी में नहीं जाना चाहते हैं, वह अपने सेक्टर में कुछ नया करना चाहते हैं। इस पर सरकार काम कर रही है। इसी के तहत प्रदेश के 75 जनपदों की मैपिंग कराई गई, जिसमें से 57 जनपदों के यूनीक प्रोडक्ट्स को नई पहचान दिलाई गई। वहीं 18 जनपदों के लिए भी तय किया है कि इन जनपदों के साथ भी कोई ना कोई एक प्रोडक्ट जुड़ना चाहिए।

#### लॉकडाउन में भी नहीं बंद हुए उद्योग धंधे

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था से काफी निवेश आया है। 10 से 12 फरवरी को प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया, जिसमें 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए। प्रदेश की कानून व्यवस्था के चलते देश और दुनिया का हर नागरिक उत्तर प्रदेश में निवेश करना चाहता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही दस लाख करोड़ की ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन भी किया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि कोरोना कालखंड में लॉकडाउन के समय प्रदेश में सड़कों पर कामगार और श्रमिकों का रेला सभी ने देखा होगा।

# देशभर में अकीदत के साथ अदा की गई नमाज-ए-ईद

**ईदगाहों और मस्जिदों में शांति और खुशहाली के लिए की गई विशेष दुआ**



**एजेंसी। नई दिल्ली**
राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित देशभर में ईद-उल-फितर का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज सुबह लोगों ने ईदगाहों और बड़ी मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की। दिल्ली की ऐतिहासिक शाहजहानी जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में मुसलमानों ने ईद की नमाज अदा की। यहां ईद की नमाज का वक्त सुबह 6:30 बजे था। पुरानी दिल्ली की शाही मस्जिद फतेहपुरी में नमाज-ए-ईद सुबह 7:30 अदा की गई। शाही ईदगाह बाड़ा हिंदू राव में ईद की नमाज सुबह 8 बजे अदा की गई है। नमाज-ए-ईद के बाद देश-दुनिया में अमन-शांति के लिए दुआएं मांगी गईं और लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ऐतिहासिक जामा मस्जिद में शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने एकत्र लोगों को ईद की नमाज अदा कराई। इस मौके पर उन्होंने देश में शांति और खुशहाली के लिए विशेष दुआ भी की।

### योगी राज में अतीक की संपत्तियों पर चलने लगा बुलडोजर

# अतीक अहमद ने अपनी काली कमाई गुजरात समेत पांच राज्यों में लगाई

**ब्यूरो। नई दिल्ली**
क्या कड़ी सुरक्षा वाले साबरमती जेल में कैद रहने के दौरान उप्र के माफिया अतीक अहमद ने गुजरात में अपना बेनामी कारोबार बढ़ाया, कालाधन कई बिल्डरों व कारोबारियों के धंधों में लगाया? सूत्रों का कहना है कि उमेश पाल हत्याकांड के बाद एसटीएफ ने जब अहमदाबाद जाकर अतीक और उसके गुर्गों का सुराग लगाना व जांच पड़ताल शुरू की तो पता चला कि साबरमती जेल में बंद रह चुके जीतू व केतन नामक दो सगे भाइयों के साथ अतीक ने जमीन के धंधे में पार्टनरशिप की थी। इसके अलावा अहमदाबाद निवासी नीरज बोरा व उसके बेटे अली रजा के साथ भी अतीक ने कई धंधों में पार्टनरशिप की थी। सूत्रों के अनुसार साबरमती जेल में रहने के दौरान अतीक अहमद ने गुजरात सहित 5 राज्यों में लगभग 1500 करोड़ रुपये संपत्तियों में निवेश किए थे। पुलिस को उसकी संपत्तियां गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली व मुंबई में होने के प्रमाण मिले हैं। इसके साथ यह भी सवाल उठने लगा है कि किन-किनके शह व संरक्षण पर माफिया अतीक अहमद ने अपराध की कमाई हजारों करोड़ रुपये इन राज्यों में निवेश किए? सूत्रों का कहना है कि उमेश पाल की हत्या के बाद पुलिस ने अतीक अहमद पर शिकंजा कसना शुरू किया तो उसके पार्टनर उससे किनारा करने लगे। एसटीएफ ने अहमदाबाद जाकर अतीक और उसके गुर्गों के बारे में पता लगाना शुरू किया, तो पता चला कि साबरमती जेल में बंद रह चुके जीतू व केतन (दोनों सगे भाई) के साथ अतीक ने जमीन के धंधे में भागीदारी की थी।

### अमित शाह का सवाल

# अगर सत्यपाल सही हैं तो जब वे राज्यपाल थे, तब क्यों चुप रहे?

**एजेंसी। नई दिल्ली**
गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और उनके समर्थन में बयान दे रहे विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा है। एक चैनल के कार्यक्रम में शाह से जब पूछा गया कि सरकार के खिलाफ बयान देने के बाद क्या सीबीआई ने उन्हें समन भेजा है, इस पर शाह ने कहा, "ऐसा नहीं है। मेरी जो जानकारी है, उसके हिसाब से उन्हें दूसरी-तीसरी बार बुलाया गया है। जांच चल रही है। हमारे खिलाफ बोलने की वजह से उन्हें बुलाया गया है, ऐसा नहीं है।"

#### 'हमने ऐसा कुछ नहीं कहा जो छुपाना पड़े'

**गृह मंत्री** ने कहा, "मैं इतना जरूर देश की जनता को कहना चाहता हूं कि भाजपा की सरकार ने ऐसा कुछ नहीं किया, जिसे छुपाना पड़े। कोई अपने निहित राजनीतिक स्वार्थ के लिए हमसे अलग होकर कुछ कहता है तो उसका मूल्यांकन जनता और मीडिया को करना चाहिए। आप जब सत्ता में नहीं हैं, हमसे अलग हो गए हैं और जब आप आरोप लगाते हैं तो आरोप की वैल्यू और उसका मूल्यांकन दोनों करना चाहिए।"

# केरल यात्रा में पीएम मोदी की जान को खतरा

### भाजपा कार्यालय को मिला पत्र

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**
भाजपा की केरल इकाई को एक पत्र मिला है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य के दो दिवसीय दौरे के दौरान जान को खतरा होने का दावा किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, यहां भाजपा मुख्यालय में 17 अप्रैल को पहुंचे पत्र को केरल पुलिस को सौंप दिया गया है। इसे भेजने वाले का नाम एनार्कुलम निवासी जोसेफ जॉनी है। पार्टी अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने पुलिस को पत्र सौंपा है। हालांकि, पुलिस की पूछताछ में जॉनी ने पत्र भेजने से इनकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी 24 अप्रैल को कोच्चि पहुंच रहे हैं और रोड शो में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वे युवाओं की एक सभा को संबोधित करेंगे और नौ चर्चों के प्रमुखों से मिलेंगे। कोच्चि में रात बिताने के बाद, अगली सुबह, वह पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के लिए राज्य की राजधानी पहुंचेंगे और फिर सेंट्रल स्टेडियम जाएंगे, जहां वह कुछ परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और दोपहर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

# आप सांसद संजय सिंह ने ईडी को भिजवाया नोटिस

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों को मानहानि का नोटिस भिजवाया है। ये नोटिस ईडी के डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा और कथित आबकारी घोटाले मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी जोगेन्दर को भेजा गया है। संजय सिंह ने अधिकारियों से 48 घंटे के भीतर माफी मांगने, वरना कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहने के लिए कहा है। सिंह का दावा है कि ईडी ने चार्जशीट में मेरा नाम झूठा डाला है। किसी गवाह ने मेरा नाम नहीं लिया है।



### ईद के दिन ममता ने जहर घोलाः शुभेंदु

# जान दे दूंगी, देश नहीं बांटने दूंगीः ममता

**एजेंसी। कोलकाता**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि कुछ लोग नफरत की राजनीति करके देश को बांटने की कोशिश कर रहे हैं और कहा कि वह अपनी जान देने के लिए तैयार हैं लेकिन ह्वदेश को बांटने नहीं देंगी। इस बीच बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी ने ममता पर ईद के त्योहार पर लोगों को भड़काने का आरोप लगाया है। उन्होंने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि बीजेपी का मतलब सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है। आप 'सबको भड़काओ, सबको उकसाओ, सबको लड़ाओ और सबको उलझाओ', की बात करती हैं। ममता ने शहर के रेड रोड पर ईद की नमाज के लिए एकत्रित लोगों से बात करते हुए उनसे एकजुट होने और यह सुनिश्चित करने का अनुरोध भी किया कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों में परास्त हो।



### साधा निशाना — पुंछ हमले पर उद्धव ने कसा तंज, सामना ने लिखा

# पीएम-गृहमंत्री को राजनीति से फुर्सत नहीं

**एजेंसी। मुंबई**
शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट ने पुंछ में हुए सेना के वाहन पर हमले को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा को सिर्फ और सिर्फ राजनीति करना ही आता है। ऐसे वक्त जब हमारे सैनिक शहीद हो रहे हैं, वे राजनीति से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राजनीतिक काम में व्यस्त हैं। आतंकवादियों ने इसी का फायदा उठाया है।

#### सामना के संपादकीय में लगाए आरोप

पार्टी ने अपने मुखपत्र सामना के संपादकीय में कहा है कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद भी कश्मीर घाटी में हिंसा जारी है। वहां अभी भी शांति नहीं है। वहीं कर्नाटक चुनावों के संदर्भ में पीएम पर वार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री अपने राजनीतिक कार्यों में व्यस्त हैं। आतंकवादियों ने इसका फायदा उठाया और जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सैन्य वाहन पर हमला कर दिया।



#### यह है मामला

**गौरतलब** है, जम्मू और कश्मीर के पुंछ में सैन्य वाहन पर गुरुवार को आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में शहीद होने वाले पांच जवानों में से चार का संबंध पंजाब से है। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने जवानों की शहादत पर शोक जताया। इसके साथ ही उन्होंने शहीद चारों जवानों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा भी की। शहीद जवान आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए तैनात राष्ट्रीय राइफल्स की एक इकाई से थे।

#### चीन का नाम आने पर डर क्यों

**संपादकीय** में कहा गया है कि प्रधानमंत्री पाकिस्तान के साथ युद्ध की भाषा बोलते हैं, लेकिन जब चीन की बात आती है तो उन्हें गौतम बुद्ध की शांति की शिक्षा याद आती है। पीएम और गृह मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा गया है कि जब देश में मजबूत प्रधानमंत्री और गृह मंत्री हों तब भी आतंकवादी हमला करने की कोई हिम्मत करें तो इसमें जरूर कुछ गड़बड़ है। इसमें कहा गया है कि केंद्रीय एजेंसियां मोदी-शाह का हथियार हैं और ऐसा लगता है कि आतंकवादी उनसे डरते नहीं हैं।

# बिहार सरकार कानून से जनसंख्या नियंत्रण नहीं कर सकती : सुब्रमण्यम

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रमण्यम स्वामी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाने की जरूरत को नकारते हुए कहा कि अगर देश में आर्थिक प्रगति होगी तो जनसंख्या पर खुद नियंत्रण हो जाएगा। इस दौरान उन्होंने माफिया अतीक अहमद की हत्या को लेकर भी जवाब दिए। पटना पहुंचे स्वामी से जब पत्रकारों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विपक्षी दलों की ओर से प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर सवाल किया तब उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है। वे मेरे अच्छे मित्र हैं। नीतीश कुमार जेपी मूवमेंट के समय से ही हमारे मित्र हैं। नीतीश कुमार में 2024 में प्रधानमंत्री को टक्कर देने के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री ऐसा कभी नहीं कहा।

## FILMY हलचल

# टीना छोटे पर्दे पर नई शैलियों के बारे में खुलकर बोलीं



**टीवी** की मशहूर एक्ट्रेस टीना दत्ता वर्तमान में 'हम रहे न रहे हम' शो में नजर आ रही हैं और उन्होंने छोटे पर्दे पर नई शैलियों के बारे में बात की। 'उतरन' शो में एक्टिंग करने के बाद टीना घर-घर में अपने किरदार इच्छा के नाम से मशहूर हो गई। टीना का किरदार एक नौकरानी की बेटी का था और उसकी सबसे अच्छी दोस्त उसकी मां के मालिक की बेटी थी। इस बारे में बात करते हुए कि क्या सोशल मैसेज पर शो और 'सास-बहू' नाटकों के सुर्खियों में आने के बाद दर्शक छोटे पर्दे पर नई शैलियों की तलाश कर रहे हैं, इस पर टीना ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, मुझे लगता है कि लोग नए जोनर की तलाश कर रहे हैं क्योंकि आप एक ही चीज को टेलीविजन पर कितना देख सकते हैं?

# आलिम हकीम ने बताई 'बाहुबली' के हेयर स्टाइल की कहानी



**सेलिब्रिटी** हेयर स्टाइलिस्ट आलिम हकीम ने बाहुबलीः द बीगिनिंग के लिए प्रभास का हेयर स्टाइल बनाने की पीछे की कहानी साझा की। एस.एस. राजामौली द्वारा निर्देशित फिल्म 'बाहुबली' 2015 में बनी थी। इसमें प्रभास के साथ राणा दग्गुबती, अनुष्का शेट्टी, तमन्ना, राम्या कृष्णा, सत्यराज और नासर भी थे। आलिम हकीम ने कहा, हमने 'बाहुबली' में प्रभास के लिए हेयर एक्सटेंशन जोड़े। चूंकि ऐसे कई ध्श्य थे जहां उन्हें घोड़े की सवारी करनी थी, इसलिए हमने उन्हें बैडमिंटन खेलने के लिए कहा कि ताकि पता चले कि दौड़ते समय उनके बाल कितने उछल सकते हैं और स्लो मोशन में शूट करते समय यह कैसे दिखेंगे। आलिम ने आगे कहा कि उन्होंने प्रभास के बालों को इस तरह से स्टाइल किया था कि यह कैरेक्टर के लिए एकदम सही लग रहा था।

# 'किसी का भाई किसी की जान' ने पहले दिन कमाए 15 करोड़ से ज्यादा




**बॉलीवुड** 'दबंग' अभिनेता सलमान खान ने इस ईद अपने प्रशंसकों को एक बड़ा तोहफा दिया है। करीब 4 साल के ब्रेक के बाद सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' रिलीज हो गई है। सलमान खान की इस फिल्म को लेकर काफी समय से चर्चा हो रही थी। शुक्रवार को रिलीज हुई इस फिल्म को प्रशंसकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। फिल्म में सलमान खान के साथ पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में हैं। अब सलमान खान की इस फिल्म का पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। 'सैकनिल्क' के आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' ने पहले दिन करीब 15.30 करोड़ का कलेक्शन किया है। ये आंकड़े शाम के हैं और नाइट शो के बाद फिल्म के कलेक्शन में इजाफा हो सकता है। हालांकि अंदाजा लगाया जा रहा था कि फिल्म पहले दिन करीब 18 से 20 करोड़ रुपये की कमाई करेगी। फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' 5700 से ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है।

# सचिवालय घेराव मामले में भाजपा नेताओं से धुर्वा थाने में हुई पूछताछ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा के 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान हुए उपद्रव को लेकर धुर्वा थाना में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश सहित अन्य नेताओं से पूछताछ हुई है। थाने में रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, कांके विधायक समरी लाल और प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक से बंद कमरे में पूछताछ हुई। इन नेताओं के अलावा कई और भाजपा नेता और कार्यकर्ता थाना पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश को गिरफ्तार किया गया तो हम भी अपनी गिरफ्तारी देंगे। भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव भी मौके पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा है कि हेमंत सरकार की पुलिस बेबुनियाद आरोप लगाकर हम पर कार्रवाई कर रही है। उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश पर कई धाराएं लगाई गई हैं। उन्हें 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान उत्पन्न हुई स्थितियों और परिस्थितियों को लेकर 14 अप्रैल को नोटिस जारी किया गया था। 11 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने प्रोजेक्ट भवन का घेराव किया था। इस दौरान हजारों संख्या में भाजपा कार्यकर्ता जुटे थे। धुर्वा क्षेत्र के एक विशेष एरिया में धारा 144 लगाया गया था। इसके बावजूद भी भाजपा नेताओं ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। प्रशासन की तरफ से जो बैरिकेडिंग की गई थी उसे भी तोड़ते हुए भाजपा के नेता आगे बढ़ थे। इस दौरान प्रशासन की तरफ से लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े गए थे। आरोप है कि भीड़ की तरफ से कुछ लोगों ने पथराव किया था। लाठीचार्ज में कई लोगों को गंभीर चोट लगी थी। इसके बाद उसी दिन देर रात मजिस्ट्रेट के बयान के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## बकोरिया कांड में केन्द्र के इशारे पर हो रही जांच : बंधु

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की आलोचना की है। कहा है कि पलामू सदर थाना क्षेत्र के सतबरवा ओपी अंतर्गत बकोरिया में 8 जून 2015 को हुई कथित पुलिस नक्सली मुठभेड़ के मामले में सीबीआई की पक्षपात पूर्ण जांच और उसकी क्लोजर रिपोर्ट से यह जाहिर हो गया है कि यह एजेंसी पूरी तरीके से केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है। क्लोजर रिपोर्ट के बाद सीबीआई के चेहरे से उसका बचा-खुचा मुखौटा भी उतर चुका है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो पूरी तरीके से केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है। यही कारण है कि जहां विपक्षी नेताओं पर लगे आरोपों पर उसकी कार्रवाई तेज गति से होती है। वहीं जो नेता भाजपा में चले जाते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई रोक दी जाती है। श्री तिर्की ने कहा कि पलामू का बकोरिया कांड एक ऐसा नरसंहार था, जिसकी हो रही जांच पर झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों की नजर थी। इस मामले में सीबीआई ने न केवल क्लोजर रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल कर दी है, बल्कि मुखौटे को भी उतार दिया है।

### रांची के प्रसिद्ध ईदगाह में पढ़ी गई ईद की नमाज

# देश भर में अमन का दिया गया संदेश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड की राजधानी रांची के हरमू स्थित प्रसिद्ध ईदगाह में ईद की नमाज अता की गई । इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग नमाज पढ़ने के लिए पहुंचे । नमाजियों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए किशोरगंज से गौशाला तक ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया गया ।ईद की नमाज अता होने के बाद बड़े, बुजुर्ग, बच्चे समेत हर तबके के लोगों ने एक दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद पेश की । ईदगाह के मौलाना असगर ने ईद के मौके पर पूरे देश में अमन चैन की कामना की । उन्होंने अपने पैगाम में कहा कि इस मुल्क की रक्षा की जिम्मेदारी हम सभी की है, हम सभी को हर धर्म का सम्मान करना है । उन्होंने मुस्लिम समुदाय के युवकों से शादी समारोह के नाम पर फिजूलखर्ची बंद करने का आग्रह किया ।वहीं झामुमो से राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने मुस्लिम भाइयों को ईद की शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिन पहले हम सभी ने मिलकर रामनवमी मनाया था । आज हम सभी मिलकर ईद मना रहे हैं । इसी तरह भाईचारगी के साथ समाज में अमन चैन बनाए रखना है और एक दूसरे का सम्मान करना है । ईद के मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य वासियों को शुभकामनाएं दी है । मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में बताया है कि यह शांति, एकता, हर्षोल्लास और अमन का त्योहार है । उन्होंने सभी के जीवन में सुख समृद्धि की कामना की है । बता दें कि रांची का हरमू ईदगाह बेहद प्रसिद्ध है । पूर्व में जब सैयद सिब्ते रजी और सैयद अहमद झारखंड के राज्यपाल हुआ करते थे तब ईद की नमाज पढ़ने इसी ईदगाह में आया करते थे।

# सांसद ने राज्यपाल को किया आमंत्रित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शनिवार को रांची के सांसद संजय सेठ ने राजभवन में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद ने पांच से सात मई को रांची में आयोजित होने वाले सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के लिए राज्यपाल को आमंत्रित किया। श्री सेठ ने कहा कि सांस्कृति महोत्सव काफी भव्य रूप से किया जायेगा। इस में काफी गणमान्य लोगों के हिस्सा लेने की संभावना है। हर तरह के कलाकार भी होंगे शामिल। इस अवसर पर पद्मश्री मुकुन्द नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, एस.डी. सिंह सहित आयोजन समिति से जुड़े विभिन्न सदस्य और युवा रंगकर्मी उपस्थित थे।



# शहर में पानी के लिए मचा हाहाकार, बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची के बीचो-बीच वार्ड नंबर 28-34। डेढ़ से दो लाख की आबादी। वार्ड 28 की आबादी लगभग 50-70 हजार के बीच। वार्ड 34 की आबादी भी लगभग 80 हजार से एक लाख के बीच। कुएं सूख गये हैं, चापानल ठप हैं। घरों में पानी का कोई स्रोत नहीं है। नगर निगम की ओर से वार्ड 34 में एचवाईडीटी से पानी की व्यवस्था की गयी थी, लेकिन 80 प्रतिशत फेल हैं। कुछ पूरी तरह से सूख गये हैं, तो कुछ में सुबह थोड़ी देर पानी निकलता है। फिर सिस्टम हाफ जाता है। लोग पानी के लिए भटकते हैं। रतजगा करते हैं पानी के लिए, ताकि सुबह एचवाईडीटी से पानी निकले, तो पहले ही भर लें। फिर शुरू होता है निगम के टैंकर का इंतजार। रात भर बाल्टी, छोटी टंकी, बर्तन की लाइन लगी रहती है। टैंकर के पहुंचते ही मधुमख्खियों के झुंड की तरह बच्चे, बुजुर्ग, युवा-महिलाएं घरों से निकल कर टैंकर को घेर लेते हैं, ताकि अपने बर्तन में जल्दी से जल्दी पानी भर लें, ताकि टैंकर खाली होने से पहले उनका काम बन जाये। अफरा-तफरी मचती है। पहले हम, पहले हम की जोर-आजमाइश शुरू होती है।



टैंकर से जल्दी-जल्दी पानी भरने, फिर अपने घर का स्टोरेज पूरा करने के चक्कर में मुहल्ले के लोगों में हर रोज तू-तू, मैं-मैं होती है। बात बढ़ती है, तो गाली-गलौज, मारपीट तक की नौबत आ जाती है। झोंटा-झोंटी, घसीटा-घसीटी, बर्तन फेंका-फेंकी होती भी है। बर्तन अटैक से एक-दूसरे को चोटिल करने से भी बाज नहीं आते। पानी के चक्कर में सारे आपसी रिश्ते- भाईचारा तार-तार हो जाते हैं। मामला थाना पुलिस तक पहुंचता है। फिर समझौता करा कर वापस भेजा जाता है, लेकिन अगले ही पल फिर से पानी के लिए लोग मुंह और मूड खराब कर लेते हैं। शुक्रवार को वार्ड 28 के स्वर्णजयंती नगर में सुजीत साव और संतोष चौधरी के बीच पानी भरने को लेकर पिछले तीन दिनों से झगड़ा-झंझट चल रहा था। वार्ड पार्षद रश्मि चौधरी भी दोनों को समझाते-समझाते हाफ गईं। मामला बढ़ा और थाने तक पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाना बुलाया। पहले समझाया, फिर हड़काया, तो सुलह हुई। वार्ड 28 में नदर निगम ने डीप बोरिंग कराकर 13 एचवाईडीटी की व्यवस्था की थी, ताकि लोगों की प्यास बुझायी जा सके। लेकिन 13 में से 10 या तो खराब पड़े हैं, या पानी ही नहीं निकलता है। बोरिंग सूख गये हैं या जलस्तर नीचे चला गया है। गंगानगर में तो एक भी बोरिंग नगर निगम की ओर से नहीं कराया गया है। जिनके घरों में बोरिंग हुई थी, सूख चुके हैं। कुएं-चापानल तो फरवरी माह में भी सूख गये थे। मुहल्ले की रहनेवाली राजमनी यादव और नीभा देवी कहती हैं कि किससे दुखड़ा सुनाएं। निगमवाले सुनते ही नहीं। दिन में एक बार भी निगम का टैंकर पानी लेकर आ जाये, तो गनीमत है। हमलोगों के बच्चे साइकिल पर ब्लाडर टांग कर दिन भर घूमते रहते हैं।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस समारोह का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सरला बिरला पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस 2023 की थीम को ध्यान में रखते हुए, छात्रों ने 'इनवेस्ट इन आवर प्लेनेट' का संदेश देने वाली गतिविधियों का आयोजन किया। छात्रों ने इससे संबंधित बैज तैयार किए। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पृथ्वी ग्रह के संरक्षण की आवश्यकता का संदेश दिया। विद्यालय के ह्यइको एंड गार्डनिंगह्य क्लब द्वारा धरती माता के संरक्षण व संरक्षण की आवश्यकता पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सस्टेनेबल डेवेलपमेंट गोल्स पर आधारित पोस्टरों का प्रदर्शन किया गया। बच्चों ने इस अवसर पर पौधे लगाए और उनके बारे में विस्तार से बताया। इस विषय पर क्विज का आयोजन किया गया। साथ ही एक नृत्य नाटिका का मंचन किया गया, जिसमें छात्रों ने पृथ्वी के प्राकृतिक



संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। आज की इन गतिविधियों के द्वारा कई महत्वपूर्ण संदेश बच्चों को दिए गए। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामुहिक प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि धरती मां हमेशा हमारी रक्षा करती है और हमारी जरूरतों का ख्याल रखती है। उन्होंने कहा कि जब हमारी मां को हमारी जरूरत होती है तो हम उनकी रक्षा के लिए खड़े होते हैं, ठीक उसी तरह हमें भी उठना चाहिए और अपनी धरती मां की रक्षा के लिए एक साथ खड़े होना चाहिए।

## झारखंड सब जूनियर चैंपियनशिप के लिए चयन संपन्न

**रांची।** झारखंड सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप के लिए रांची जिला महिला टीम के गठन हेतु हॉकी खिलाड़ियों की प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल बरियातू एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित हुई। इसमें रांची जिला की 10 टीमों ने भाग लिया। जांच के उपरांत इनका आपस में मैच कराया गया। इसमें बरियातू प्रशिक्षण केंद्र 'अ' टीम प्रथम स्थान प्राप्त की। वहीं बरियातू प्रशिक्षण केंद्र 'इ' टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त की तथा साई सेंटर मोरहाबादी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त की। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जो आगामी हॉकी झारखंड सब जूनियर राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेंगी। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह के साथ ही सचिव हॉकी रांची जयंत केरकेट्टा, उपाध्यक्ष असरिता लकड़ा, कोषाध्यक्ष ललित कुमार पन्ना, मनोज प्रधान, करुणा पूर्ति, डेनिस केरकट्टा व अभिषेक कुमार उपस्थित थे।

### दाम बढ़े | रांची में बढ़ती गर्मी के बीच महंगाई की मार

# मौसमी फलों के दाम में हुई वृद्धि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बढ़ते तापमान के बीच राजधानी में तरावट देने वाले फल, सब्जी और खाद्य पदार्थों की कीमत में खासा बढ़ोतरी हुई है गर्मी का मौसम आते ही खीरा, ककड़ी, तरबूज, बेल और खरबूजे जैसे ठंडे खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ गई है मांग बढ़ने के साथ-साथ सीजनल फलों और सब्जियों के दाम में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रहे हैं । सब्जी विक्रेताओं ने कहा कि वर्तमान में खीरा, खरबूजा और तरबूज जैसे सीजनल फल खूब बिक रहे हैं प्रतिदिन एक व्यापारी 500 से हजार किलो तक इस तरह के फलों को बेच रहे हैं वर्तमान समय में तरबूज की कीमत 25 से 30 रुपए प्रति किलो है तो वहीं खरबूजा की कीमत 50 से 60 रुपया प्रति किलो है वहीं



ककड़ी की कीमत सबसे ज्यादा देखने को मिल रही है राजधानी के बाजार में फिलहाल ककड़ी की कीमत 60 से 70 रुपये प्रति किलो है वहीं बेल 30 से 40 रुपए पीस बेचे जा रहे हैं दामों में वृद्धि, बजट पर महंगाई की मारः ईद को लेकर तरबूज, खरबूजा, ककड़ी, बेल और खीरा जैसे फलों की मांग खूब देखने को मिल रही है तरबूज खरीदने आए लोगों ने कहा कि बढ़ती मांग को देखते हुए बजट पर कहीं ना कहीं महंगाई असर कर रही है सिर्फ तरबूज, खरबूजा, ककड़ी, खीरा ही नहीं बल्कि अन्य फलों के दामों में भी बढ़ोतरी हुई है।

**स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरतः** राजधानी में फिलहाल तापमान 39 डिग्री से 40 डिग्री सेल्सियस तक है ऐसे में लोगों को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने के लिए खानपान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि लोगों के शरीर में पानी और अन्य महत्वपूर्ण तत्वों की कमी ना हो सके चिकित्सक बताते हैं कि गर्मी के मौसम में खीरा, ककड़ी जैसे फल काफी लाभदायक होते हैं व्यक्ति को ऐसे फलों का गर्मी के मौसम में अवश्य उपयोग करना चाहिए डॉक्टर संजय सिंह बताते हैं कि गर्मी के मौसम में अमूमन लोग डिहाईड्रेशन की शिकायत से अस्पताल पहुंचते हैं। क्योंकि लोगों के शरीर में पानी कम हो जाता है, जिस वजह से कई तरह की परेशानियां शरीर में होने लगती है। जिस तरह से गर्मी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है उससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि मौसमी फलों के दाम और भी आगे बढ़ेंगे। लोगों को खरीदना मुश्किल हो जायेगा।

# पृष्ठ एक का शेष

**छवि की हो ईडी से जांच...**
पैसों के लालच में सरकार की नाक काटने का काम किया है। उन्हें सजा दें। हो सकता है कि सरकार के ऐसे प्रायश्चित से उसके पाप थोड़े कट जाएं। मरांडी ने कहा कि राँची जमीन घोटाले की जाँच में मिल रहे कागजतों से बेईमानों एवं घोटालेबाजों के बारे में हैरान करने वाली ऐसी चीजो का पदार्फाश होने लगा है। इस पर पहली नजर में कोई तुरंत विश्वास नहीं करेगा। खबरों से पता चल रहा है कि काली कमाई एवं बेईमानी का धन खपाने के लिये झारखंड के प्रभावशाली राजनीतिक परिवार के कई लोग ऐसी सम्पत्तियों को छुपा कर रखने के लिये अपने और अपने पिता के नाम तक में हेराफेरी करने का गोरखधंधा किये हुए हैं। कानून की पकड़ से बचने के लिये गलत काम किये गए। बेहिसाब सम्पत्तियों के बारे में आयकर या अन्य किसी विभाग से जानकारी छुपा रखी गई। इसका खुलासा जाँच एजेंसियों को रांची जमीन महा घोटाला की जांच के दरम्यान मिले कागजातों से हुआ है। अब ऐसे लोग घोटालेबाजी, जालसाजी में पकड़े जाने पर जेल जायेंगे। इससे बच निकलने को आदिवासी होने की दुहाई देकर घड़ियाली आसू बहायेंगे।

**छवि को हर हाल में सोमवार को...**
ईडी ने एक और संबंध जारी करते हुए 24 अप्रैल को एजेंसी के दफ्तर में हाजिर होने का निर्देश दिया है। बीते शुक्रवार को दिन के 11 बजे ही छवि रंजन को एजेंसी के रांची जोनल आफिस में उपस्थित होना था , लेकिन उन्होंने गुरुवार रात ही दो हफ्ते का वक्त मांग लिया ,शुक्रवार की सुबह छवि रंजन के वकील अभिषेक गुप्ता ईडी कार्यालय पहुंचे थे , उन्होंने ईडी को बताया कि छवि रंजन 18 अप्रैल से 1 मई तक पितृत्व अवकाश पर हैं। ऐसे में एजेंसी ने अधिक वक्त नहीं देने की बात कहते हुए शुक्रवार की शाम चार बजे तक हाजिर होने का निर्देश दिया, इस दौरान दूसरा समन भी छविरंजन को किया गया। लेकिन दुबारा ईडी के अधिवक्ता ईडी कार्यालय पहुंचे और बताया कि पूर्व के कार्यक्रम के तहत छवि रंजन राज्य के बाहर हैं, ऐसे में वह इस हफ्ते एजेंसी के समक्ष हाजिर नहीं हो सकते। अधिवक्ता ने ईडी से गुहार लगायी कि रविवार के बाद जब कभी भी आईएएस अधिकारी को बुलाया जाएगा, वह एजेंसी के समक्ष उपस्थित होकर जांच में सहयोग करेंगे। ईडी सूत्रों के मुताबिक, वकीलों के आश्वासन के बाद एजेंसी के तरफ से 24 अप्रैल यानि सोमवार को छवि रंजन को तलब किया गया है ।सोमवार को दिन के 11 बजे उन्हें तलब होने का तीसरा समन भेजा गया है। अब यदि छवि रंजन जांच में एजेंसी को सहयोग नहीं करेंगे तो एजेंसी कड़ी कार्रवाई कर सकती है।

**कोयल रिवर फ्रंट बनकर तैयार...**
सिंगर अपनी पूरी टीम के साथ लोगों का मनोरंजन करेंगे जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। कार्यक्रम की भव्यता के लिए रांची से बेहतरीन आतिशबाजी शो का भी आयोजन किया गया है।'महापौर ने बताया चुंकि कार्यक्रम निशुल्क है और हर लोगों को सजे हुए कोयल रिवर फ्रंट देखने की इच्छा होगी इसलिए भीड़ की संभावनाओं को देखते हुए पब्लिक वाहन शिवाजी मैदान में खड़ा करने की व्यवस्था की गई है। महापौर ने कहा 'यह कार्यक्रम आप पूरे शहर वासियों का है और मुझे पूरी उम्मीद व विश्वास है कि हम सब निगम वासी अपने इस कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से सफल बनाकर कोयल रिवर फ्रंट के उद्घाटन को ऐतिहासिक बनाएंगे।'

राहुल गांधी के सरकारी बंगला खाली करने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ट्वीट पर लिखा- राहुल गांधी ने लोकसभा के आदेश पर तुगलक लेन में स्थित अपने सरकारी बंगले को खाली कर चुके हैं। अदालत ने उन्हें अपील के लिए 30 दिन का समय दिया था। एचसी या एससी उन्हें पुनः बहाल कर सकती है, लेकिन उनका बंगला छोड़ने का निर्णय, नियमों के प्रति उनके सम्मान को दशार्ता है।

# तीरंदाजी विश्वकप : भारत में कंपाउंड मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक जीता



**एजेंसी। अंताल्या**

ज्योति सुरेखा वेनम और उनकी जोड़ीदार ओजस देवताले ने शनिवार को यहां चीनी ताइपे की टीम को 159-154 से हराकर विश्वकप तीरंदाजी के पहले चरण में कंपाउंड मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीतकर भारत का खाता खोला।

भारत का यह मिश्रित कंपाउंड स्पर्धा में विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले ज्योति और अभिषेक वर्मा ने पेरिस में 2022 में विश्वकप के तीसरे चरण में स्वर्ण पदक जीता था। राष्ट्रीय ट्रायल्स में टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे वर्मा की अनुपस्थिति के बावजूद भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया तथा 16 निशानों में से 15 निशाने सही लगाकर अपनी 12वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंदी टीम को एकतरफा फाइनल में आसानी से हराया।

ज्योति और 20 वर्षीय देवताले की दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने केवल एक अंक गवाया नहीं तो स्कोर 160 में से 160 होता। ज्योति और देवताले ने लगातार 'परफेक्ट 10' का स्कोर बनाया और जल्द ही 120-116 से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद भी उन्होंने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर आसानी से पहला स्थान हासिल किया।

# एशियाई खेलों में स्वर्ण, पेरिस ओलंपिक जीतना लक्ष्य : सुमित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम वर्तमान में चल रहे राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में पसीना बहा रही है, जो कि साई, बेंगलुरु में आयोजित किया जा रहा है और 21 मई को टीम की यूरोप यात्रा से पहले समाप्त होगी, जहां टीम एफआईएच मेन्स हॉकी प्रो लीग 2022-2023 के बचे हुए सीजन में बेल्जियम ग्रेट ब्रिटेन, नीदरलैंड और अर्जेंटीना का सामना करेगी।



राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 39 सदस्यीय कोर ग्रुप में मिडफील्डर सुमित शामिल हैं, जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम में योगदान दिया था। हालाँकि, उसके बाद कुछ समय के लिए युवा खिलाड़ी बाहर हो गया। एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 के लिए भी भारतीय टीम में उन्हें जगह नहीं मिली।

हालांकि, सोनीपत में जन्मे मिडफील्डर ने एफआईएच मेन्स हॉकी प्रो लीग 2022-2023 के लिए टीम में वापसी की उम्मीद नहीं छोड़ी। उन्होंने टूर्नामेंट के राउरकेला चरण में अच्छा प्रदर्शन किया क्योंकि भारत ने ताकतवर ऑस्ट्रेलियाई और विश्व चैंपियन जर्मनी को दो बार हराया।

मित ने टीम में अपनी वापसी और राउरकेला में प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा, मैं राउरकेला में सभी खेलों में एक रक्षात्मक मिडफील्डर के रूप में खेला, जिसने मुझे बेहतर करने में मदद की क्योंकि इससे मुझे विचारों की स्पष्टता मिली जो पहले नहीं थी क्योंकि मैं कई पदों पर खेलता था। इसके अलावा, जब मैं काफी समय के बाद टीम में वापसी कर रहा था, तो मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए उत्सुक था। यूरोप में आगामी एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2022-23 मैचों के बारे में बात करते हुए, सुमित ने कहा कि वे टीम के लिए महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि यह अगस्त में चेन्नई में होने वाली बहुप्रतीक्षित हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी और इस साल सितंबर में हांग्जो एशियाई खेल 2023 की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होगा।

सुमित ने कहा, हम यूरोप में आगामी एफआईएच हॉकी प्रो लीग खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए आश्वस्त हैं क्योंकि वे हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी और आगामी एशियाई खेलों जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों के लिए हमारी तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा, यूरोप में एफआईएच मेन्स हॉकी प्रो लीग 2022/23 हमें अपनी टीम संरचना को ठीक करने और खिलाड़ियों के बीच बंधन को मजबूत करने में मदद करेगी। इससे हमें अपने खेल के उन पहलुओं को समझने में भी मदद मिलेगी जिनमें सुधार की जरूरत है।

मित ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के तत्काल लक्ष्य का भी खुलासा करते हुए कहा, हम हांग्जो एशियाई खेलों 2023 में स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं, जो पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए हमारी सीधी योग्यता सुनिश्चित करेगा।


## NEWS इन ब्रीफ

### एवगेनिया चिकुनोवा ने 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में तोड़ा विश्व रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** रूस की एवगेनिया चिकुनोवा ने शुक्रवार को कजान में रूसी तैराकी चैंपियनशिप के अंतिम दिन 2 मिनट 17.55 सेकंड के समय के साथ 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। 2:18.95 का पिछला रिकॉर्ड 30 जुलाई, 2021 को टोक्यो ओलंपिक के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की तत्जाना स्कोनमेकर द्वारा बनाया गया था। यूक्रेन में युद्ध के कारण रूसी और बेलारूसी तैराकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है, लेकिन इस महीने वर्ल्ड एक्वेटिक्स ने न्यूट्रल के रूप में उनकी वापसी के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए एक टास्क फोर्स की स्थापना की है।

### नोवाक जोकोविच 11 साल में पहली बार लाजोविच से हारे



**बंजा लुका।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सर्पस्का ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपने हमवतन डुसान लाजोविच से हार गए। यह पिछले 11 वर्षों में पहला अवसर है जबकि जोकोविच को अपने हमवतन किसी खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा। लाजोविच ने शुक्रवार को खेले गए इस मैच में 6-4 7-6 (6) से जीत दर्ज करने के बाद कहा, यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत है। जोकोविच मेरा अच्छा दोस्त और हमारे देश का नायक है। मैंने उसे हराने के बारे में सोचा तक नहीं था लेकिन ऐसा हो गया।'

# लखनऊ को गुजरात ने 7 रन से हराया, मोहित ने पलटी बाजी

**एजेंसी। लखनऊ**

आईपीएल 2023 के अहम और रोमांचक मुकाबले में शनिवार को गुजरात ने लखनऊ को 7 रनों से हरा दिया। मैच आखिरी गेंद तक दिल की धड़कनों को बढ़ा देने वाला रहा। मोहित शर्मा ने आखिरी ओवर में लखनऊ को 12 रन नहीं बनाने दिए और 7 रनों से गुजरात को हारता दिख रहा मैच जिता दिया। लखनऊ के श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और लखनऊ को जीत के लिए 136 रनों का टारगेट दिया, लेकिन लखनऊ सात विकेट पर 128 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटन्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेला गया मैच भले ही लो स्कोरिंग था, लेकिन क्रिकेट प्रेमियों के लिए काफी रोमांचक रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटन्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही। दूसरे ओवर में ही शुभमन गिल का विकेट गंवा दिया, वह बिना खाता खोले लौट गए। उसके बाद कप्तान हार्दिक मैदान में उतरे, हालांकि शुरू में उन्हें भी रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे छोर पर साहा अच्छी बल्लेबाजी करते नजर आए। उन्होंने कुछ आकर्षक चौके लगाए। हालांकि साहा अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने क्रुणाल के दूसरे स्पेल में लॉन्ग ऑन पर सीधा कैच थमाया। साहा ने 37 गेंदों पर 47 रन बनाए। साहा और हार्दिक ने दूसरे विकेट के लिए 55 गेंदों पर 68 रन जोड़े।

मैच के शुरू से ही गुजरात की टीम रन बनाने के लिए संघर्ष करती नजर आई। साहा के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए अभिनव मनोहर को लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने 3 रनों पर चलता कर दिया। उसके बाद नवीन उल हक ने विजय शंकर (10) को बोल्ड किया। हालांकि हार्दिक क्रीज पर डटे थे, लेकिन गेंद बाउंड्री लाइन तक जाने का नाम ही नहीं ले रही थी। आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि, गुजरात का स्कोर 17वें ओवर में 100 रनों तक पहुंचा। लेकिन इसके बाद हार्दिक ने अपने असली तेवर दिखाए और बिश्नोई को रडार पर लिया, जिनके ओवर में उन्होंने चौका और दो छक्के लगाए। इसी ओवर में अपना अर्धशतक भी पूरा किया। हार्दिक पारी के अंतिम ओवर में स्टोइनिस की गेंद पर कैच आउट हुए। हार्दिक पंड्या ने 50 गेंदों पर 66 रनों की पारी खेली, जिसमें दो चौके और चार छक्के शामिल रहे।



## सैम करन का अर्धशतक, पंजाब ने रखा 215 रनों का लक्ष्य

**एजेंसी। मुंबई**

आईपीएल 2023 का 31वां मुकाबला आज मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में मुंबई ने टॉस जीतकर पंजाब को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 215 रनों का लक्ष्य रखा है। पंजाब की ओर से कप्तान सैंम करन और बल्लेबाज हरप्रीत सिंह भाटिया ने शानदार बल्लेबाजी की। करन ने 29 गेंदों में 5 चौके और 4 छक्कों की मदद से 55 रन बनाए, जबकि भाटिया ने 28 गेंदों में 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 41 रनों की पारी खेली। इसके अलावा ओपनिंग में मैथ्यू शॉर्ट ने 11, जबकि प्रभसिमरन सिंह ने 26 रनों की पारी खेली। अथर्व तायडे ने 29 रन बनाए, वहीं लियाम लिविंगस्टोन 10 रनों पर आउट हो गए। जितेश शर्मा ने छोटी लेकिन तूफानी पारी खेली, उन्होंने 7 गेंदों में 4 चौकों की मदद से 25 रन बनाए। अंत में हरप्रीत बराड़ ने 5 रन बनाकर आउट हुए।



### फीफा रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाना अगला लक्ष्य : एआईएफएफ अध्यक्ष चौबे

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने शनिवार को कहा कि भारतीय टीम का अगला लक्ष्य फीफा रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाना है। भारत हाल ही में त्रिकोणीय टूर्नामेंट (भारत, म्यांमार और किर्गिस्तान) खिताबी जीत से ताजा फीफा रैंकिंग में पांच स्थान की छलांग लगाकर 101वें स्थान पर है। एआईएफएफ के नवीनतम 'विजन 2047 न्यूजलेटर' में चौबे ने कहा, टूर्नामेंट में म्यांमार और किर्गिस्तान पर जीत से भारत को अपनी फीफा रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली, जबकि एक राज्य के रूप में मणिपुर ने शानदार मेजबान होने का सबूत दिया। उन्होंने कहा, हम अभी 101वें स्थान पर हैं, हमारा अगला ध्यान 100 अंक की बाधा को पार करना है। इसके लिए हम प्रयास करेंगे और आगे बढ़ेंगे। भारत ने 1992 में शुरू हुई फीफा रैंकिंग प्रणाली में रुस्तम अकरमोव के नेतृत्व में फरवरी 1996 में अब तक की सर्वश्रेष्ठ 94वीं रैंकिंग हासिल की थी। देश 1993 (99वें), 2017 (96वें) और 2018 (96वें) में शीर्ष 100 में पहुंचने में सफल रहा है।

## कल मनेगा वानखेड़े स्टेडियम में क्रिकेट लीजेंड का 50वां जन्मदिन

**एजेंसी। मुम्बई**

इस वर्ष 24 अप्रैल को क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर 50 साल के हो जाएंगे और इस दिन सचिन का जादू फिर से वानखेड़े स्टेडियम पर छा जाएगा। जब मुम्बई इंडियंस शनिवार को वानखेड़े में पंजाब किंग्स से मुकाबला करेंगे तब स्टेडियम में बैठे फैंस और टीवी तथा डिजिटल में देख रहे प्रशंसकों को स्टेडियम में मौजूद सभी लोगों का जश्न देखने को मिलेगा जो भारत के महान और सबसे दुलारे क्रिकेटर का 50वां जन्मदिन मनाएंगे। वानखेड़े में मौजूद लोगों को चौंकाने वाले चीजें देखने को मिलेंगी।

सचिन ने 10 नंबर की जर्सी को क्रिकेट में आइकोनिक बना दिया। यह वर्ष सचिन के भारत की तरफ से आखिरी बार खेलने के 10 साल भी पूरे करेगा। उनका आखिरी मैच भी वानखेड़े स्टेडियम में ही था। शनिवार को सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज और भारत के सबसे अधिक टेस्ट और वनडे खेलने वाले खिलाड़ी के शानदार करियर का जश्न होगा।



वर्षों तक सचिन-सचिन की गूंज वानखेड़े और अन्य स्टेडियमों में सुनाई देती रही थी और इस बार यह गूंज स्टेडियम में फिर सुनाई देगी और इसका डेसीबल नापना भी मुश्किल होगा जबकि सचिन खुद मुंबई इंडियंस के डग आउट में मौजूद रहेंगे।

वानखेड़े में सचिन-सचिन एक बार फिर गूंजेगा। यह एक शोर नहीं बल्कि लहर बन चुका है। स्टेडियम में एक बार फिर इस गूंज को सुनने के लिए तैयार हो जाइये।

गरवारे पवेलियन के बाहर सचिन की एक विशेष मूर्ति लगने के लिए तैयार है।

## स्टोक्स एक सप्ताह तक बाहर रहेंगे, धोनी फिट हैं : फ्लेमिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने आईपीएल 2023 सीजन में सीएसके कप्तान की उपलब्धता पर आशंकाओं को दूर करते हुए कहा कि एमएस धोनी अपनी (घुटने की) चोट को अच्छी तरह से प्रबंधित कर रहे हैं और पूरी तरह से ठीक हैं। हालांकि इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स एक और सप्ताह के लिए मैदान से बाहर रहेंगे।

स्टोक्स ने इस सीजन में सीएसके के लिए केवल पहले दो मैच खेले हैं, इससे पहले 8 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ पैर के अंगूठे में चोट के कारण मैच से बाहर हो गए थे।

फ्लेमिंग ने हैदराबाद के खिलाफ मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, बेन स्टोक्स चोट के कारण एक हफ्ते के लिए बाहर रहेंगे। उनकी चोट बड़ी नहीं है। वह सही होने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्हें बस थोड़े भाग्य की जरूरत है।





फ्लेमिंग ने कहा कि धोनी अपनी चोट को अच्छी तरह से संभाल रहे हैं और उन्हें इससे कोई सरोकार नहीं है।

उन्होंने कहा,एमएस पूरी तरह से ठीक है। वह अपनी चोट को अच्छी तरह से प्रबंधित कर रहे हैं। वह उपलब्ध हैं। वह हमेशा टीम को पहले रखते हैं। अगर उन्हें लगता है कि वह चोट के कारण योगदान नहीं दे सकते, तो वह खुद बाहर बैठ जाएंगे।

## आईपीएल 2023 हैदराबाद के खिलाफ जीत के बाद धोनी का बड़ा खुलासा, कहा-

# यह मेरे करियर का आखिरी चरण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने शुक्रवार को संकेत दिया कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने आखिरी सत्र में खेल रहे हैं, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले के बाद उन्होंने कहा, यह मेरे करियर का आखिरी चरण है।

नी की टीम ने शुक्रवार की रात एमए चिदंबरम स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया, न्यूजीलैंड के क्रिकेटर डेवोन कॉनवे ने इस आईपीएल सीजन में अपना तीसरा अर्धशतक बनाया और रवींद्र जडेजा ने तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए।

135 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, सीएसके ने आठ गेंद शेष रहते जीत दर्ज की, जिसमें कॉनवे ने नाबाद 57 गेंदों में 77 रन बनाए और रुतुराज गायकवाड़ (35) के साथ पहले विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की।

अपनी टीम के मैच जीतने के बाद डगआउट से बाहर आने पर दर्शकों के भारी शोर और समर्थन से अभिभूत धोनी ने कहा, सब कुछ कहा और किया गया, यह मेरे करियर का आखिरी चरण है, चाहे मैं कितना भी लंबा खेलूं।



धोनी ने मैच के बाद कहा, दो साल बाद प्रशंसकों को यहां आकर देखने का मौका मिला है, यहां आकर अच्छा लग रहा है। प्रशंसकों ने हमें काफी प्यार और स्नेह दिया है। धोनी ने श्रीलंका के युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना की जमकर तारीफ की, जिन्होंने चार ओवर फेंके और दो विकेट लिए ,हालांकि वह थोड़े खचीर्ले भी थे और उन्होंने अपने 4 ओवर में 42 रन दिए।

### धोनी के जाने के बाद पता चलेगा कि हमने क्या खोया : मॉर्गन



**चेन्नई** सुपर किंग्स ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद पर आईपीएल में 7 विकेट से महत्वपूर्ण जीत हासिल की। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी कर 134 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने 26 गेंदों पर 34 रन बनाए। रवींद्र जडेजा ने तीन विकेट लिया। चेन्नई की टीम ने स्कोर का पीछा करते हुए डेवोन कॉनवे के 77 रन की बदौलत मैच जीत लिया। इस जीत ने चेन्नई को राजस्थान और लखनऊ को रन रेट से पीछे करते हुए तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया। जीओ सिनेमा के आईपीएल विशेषज्ञ इयोन मोर्गन ने कहा, एमएस धोनी का शांत नेतृत्व टीम में सकारात्मकता का संचार करता है। उन्होंने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के लिए धोनी की कप्तानी के बारे में उन्होंने कहा कि, आप देख सकते हैं कि खेल के दौरान वह कितना जीवंत हैं, खेल के ठीक बाद, वह सभी जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने वर्षों से इसे संभाला है। यह देखना बहुत अच्छा है। मॉर्गन ने कहा, इन लोगों को देखकर बहुत अच्छा लगा, वे एक नेता के रूप में उनके लिए बहुत आभारी हैं, लेकिन आपको एक एहसास तब अधिक होगा, जब वे खेल को अलविदा कहेंगे। उस समय उनकी कमी खलेगी।

